CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

लखनऊ, बुधवार 30 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 269 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले केंद्र सरकारः प्रियंका गांधी** पेज 2



**सात्विक-चिराग बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर शामिल** खेल टाइम्स



**दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी** सम्पादकीय



**नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन** पेज 12

## विधानसभा से पास बिल को राष्ट्रपति व राज्यपाल की मंजूरी कब तक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि राज्य विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों को मंजूरी देने की समय सीमा तय करने संबंधी राष्ट्रपति के संदर्भ की जांच 19 अगस्त से शुरू की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने सुनवाई की तारीखें तय करते हुए सभी पक्षों से 12 अगस्त तक लिखित दलीलें पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि अदालत शुरुआत में केरल, तमिलनाडु और अन्य की सुनवाई करने की विचारणीयता के मुद्दे पर दलीलें सुनेगी। शीर्ष अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को दलीलें पेश करने के लिए चार-चार दिन का समय देने के सुझाव पर सहमति जताई। पीठ ने कहा कि शुरुआत में हम प्रारंभिक आपत्ति पर एक घंटे तक पक्षकारों की सुनवाई करेंगे।

## आठ अतिरिक्त जजों को स्थायी जज, सात के कार्यकाल बढ़ाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने आठ अतिरिक्त न्यायाधीश की स्थाई न्यायाधीश पद पर नियुक्ति और सात का कार्यकाल एक साल बढ़ाने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी बयान के मुताबिक कॉलेजियम ने आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की है। बयान में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, न्यायमूर्ति किरणमई मांडवा उर्फ किरणमई कनपर्थी, न्यायमूर्ति सुमति जगदम और न्यायमूर्ति न्यापति विजय के नामों की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल और कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए न्यायमूर्ति गुरुसिद्धैया बसवराज के नाम का प्रस्ताव किया गया है।

## चार देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय किए पत्र प्रस्तुत

**नई दिल्ली।** चार देशों डोमिनिकन गणराज्य, तिमोर-लेस्ते, श्रीलंका और गैबोनीज़ गणराज्य के राजदूतों तथा उच्चायुक्तों ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार इन राजनयिकों ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में डोमिनिकन गणराज्य के राजदूत फ्रांसिस्को मैनुअल कॉम्प्रेस हर्नांडेज़, तिमोर-लेस्ते लोकतांत्रिक गणराज्य के राजदूत कार्लिटो नून्स, श्रीलंका की उच्चायुक्त सुश्री प्रदीपा महिशिनी और गैबोनीज़ गणराज्य के उच्चायुक्त गाय रोड्रिग डिकाय शामिल थे।


### विपक्ष अखबारों की सुर्खियों में जगह बना सकता है, लेकिन लोगों के दिलों में नहीं

# ऑपरेशन सिंदूरः मोदी ने विपक्ष को खूब किया लाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे। क्वाड, ब्रिक्स, फ्रांस, रूस, जर्मनी समेत तमाम देश दुनियाभर से भारत को समर्थन मिला। लेकिन देश के वीरों के पराक्रम को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला।

22 अप्रैल के बाद तीन-चार दिन में ही ये उछल रहे थे। कहने लगे कि कहां गया मोदी? मोदी फेल हो गया। बड़ा मजा ले रहे थे। उनको पहलगाम के निर्दोष लोगों की हत्या में राजनीति दिख रही थी। अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए मुझ पर निशाना साधा रहे थे। उनकी बयानबाजी और छिछोरापन देश के सुरक्षा बलों का मनोबल गिरा रहा था। कांग्रेस के नेताओं को न भारत के सामर्थ्य पर भरोसा है और न सेना पर। इसलिए वे ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे हैं। ऐसा करके वे देशवासियों के दिल में जगह नहीं बना सकते। पीएम मोदी ने कहा कि नेवी, आर्मी, वायुसेना तीनों के संयुक्त प्रयास ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिए। पहले आतंकियों के मास्टरमाइंड निश्चिंत रहते थे। अब स्थिति बदल गई है। अब हमले के बाद उनको नींद नहीं आती। उनको पता है कि भारत आएगा और मारकर जाएगा। ये न्यू नॉर्मल भारत ने सेट कर दिया है। दुनिया ने देख लिया कि हमारी कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है। सिंदूर से लेकर सिंधु तक पाकिस्तान पर कार्रवाई की -शेष पृष्ठ दो पर



**कहाः दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से नहीं रोका**

**संरा के 193 देश में से सिर्फ तीन देश ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में थे**

## पहलगाम हमले के आतंकी मुठभेड़ में मारे गएः शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम आतंकी घटना को अंजाम देने वाले तीनों आतंकी सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। श्री शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि ऑपरेशन महादेव के दौरान सोमवार को पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकी सुलेमान उर्फ फैसल, अफगान और जिब्रान सैन्य बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए। सुलेमान आतंकी संगठन लश्कर का ए श्रेणी आतंकी और तथाकथित कमांडर था। अफगान और जिब्रान भी लश्कर ए तैयबा से जुड़े हुए ए श्रेणी के आतंकवादी थे।

## राज्यसभा में नड्डा के बिगड़े बोल, खड़गे से माफी मांगी



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगनी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि विपक्ष की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहस की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए कौन जिम्मेदार है, वह कुर्सी खाली करें। अगर कोई जिम्मेदार नहीं है, तो पीएम जवाब दें। इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने (खड़गे) प्रधानमंत्री पर टिप्पणी की है, उनकी तकलीफ समझ सकता हूं। 11 साल से उनको वहां बैठाए रखा है। उन्होंने कहा कि वह (मोदी) दुनिया के -शेष पृष्ठ दो पर

# एआई के सहारे फर्जी फैसले कोर्ट में रखे जा रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस राजेश बिंदल ने कहा है कि भारत और अमेरिका में कुछ युवा वकील एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स से कोर्ट के फर्जी फैसले खोज कर अदालत में पेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कई बार युवा वकील एआई पर सिर्फ दो-तीन शब्द डालकर सर्च करते हैं और जो भी फैसला सामने आता है, उसे कोर्ट में दिखा देते हैं। कई बार वो फैसला गलत होता है, अल्पमत (मतभेद वाले जज का) होता है या फिर एआई ने खुद से कोई नया फर्जी जजमेंट बना दिया होता है। जस्टिस बिंदल सोमवार को ऑल इंडिया सीनियर लॉयर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए गए चार नए जजों जस्टिस जॉयमाल्य बागची, निलय वी. अंजारिया, विजय बिश्नोई और अतुल एस. चंदुरकर का सम्मान किया गया। मंच पर राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन, वरिष्ठ अधिवक्ता अदीश अग्रवाल और पितांबरी आचार्य भी थे। जस्टिस बिंदल बोले-जजमेंट के पीछे युवा वकीलों की रिसर्च होती है जस्टिस राजेश बिंदल कहा कि जज भले ही फैसले देते हैं, लेकिन उसके पीछे असली मेहनत युवा वकीलों की रिसर्च और सीनियर वकीलों की दलीलों की होती है। इस मौके पर बोलते हुए सांसद और वरिष्ठ वकील पी. विल्सन ने बताया कि उन्होंने संसद में एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है, जिसमें जजों की रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाने का प्रस्ताव है।

**सुप्रीम कोर्ट के जज बोले- युवा वकील इससे सावधान रहें, सीनियर अधिवक्ता उन्हें समझाएं**



# बिहार में 65 लाख के मताधिकार से वंचित होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार विशेष गहन पुनरीक्षण में 65 लाख मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने की आशंकाओं पर मंगलवार को मौखिक रूप से फिर कहा कि यदि ऐसा हुआ, तो न्यायालय हस्तक्षेप करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की आशंका पर यह आश्वासन दिया। पीठ के समक्ष अधिवक्ता भूषण ने निर्वाचन आयोग के इस बयान का जिक्र कि 65 लाख लोगों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान गणना फॉर्म जमा नहीं किए हैं।

**■ सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वह हस्तक्षेप करेगा**

## वडोदरा नाव दुर्घटना पीड़ितों को छह सप्ताह के अंदर अनुग्रह राशि दें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के वडोदरा में नाव दुर्घटना पीड़ितों के लिए 1.2 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि छह सप्ताह के भीतर संबंधित परिजनों को तर्कसंगत आधार पर वितरित करने का मंगलवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने आदेश देते हुए कहा कि ये राशि 18 जनवरी, 2024 को हुई नाव दुर्घटना में मारे गए 12 बच्चों और 2 शिक्षकों के परिजनों को वितरित की जाए।

## SC कॉलेजियम ने की बॉम्बे और दिल्ली हाईकोर्ट में 4 जजों की नियुक्ति की सिफारिश

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में तीन और दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए एक न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत के बयान के मुताबिक बॉम्बे उच्च न्यायालय के लिए अधिवक्ता अजीत भगवानराव कडेथांकर, आरती अरुण साठे और सुशील मनोहर घोडेश्वर को न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इसी प्रकार न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने प्रस्ताव किया गया है। बयान में कहा गया है कि कॉलेजियम की 28 जुलाई को हुई बैठक में न्यायाधीशों के नियुक्ति की सिफारिश से संबंधित यह फैसला किया गया।

# हिमाचल में बादल फटा, घरों में घुसा मलबा

**नई दिल्ली।** देशभर में बारिश के कारण जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एमपी में भोपाल सहित 34 जिलों में भारी बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश के मंडी में सोमवार देर रात बादल फटा। अब तक 3 लोगों की मौत हो गई और 2 लापता हैं। 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया। चंडीगढ़-मनाली और मंडी- जोगेंद्रनगर फोरलेन बंद हो गया है। भूस्खलन और पानी के तेज बहाव से कई घरों में मलबा घुस गया। राजस्थान में भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा, पाली व सिरोही में घरों तक में पानी घुस गया है। टोंक- चित्तौड़गढ़ में बारिश से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।



## दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी, अगले सात दिन बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली- एनसीआर और अन्य राज्यों में अगले सात दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को मूसलाधार बारिश होने के बाद रेड अलर्ट जारी कर दिया। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से तेज बारिश होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने दिल्ली में पूरे दिन बारिश रुक-रुक बारिश होने का अनुमान जताया गया, लेकिन जब सुबह बारिश शुरू हुई तो उस समय अधिकतर लोग दफ्तर रवाना हो रहे थे। तेज बारिश के कारण आईटीओ, धौला कुआं, नारायणा, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आरके पुरम, लाजपत नगर, तालकटोरा रोड, रफी मार्ग, वजीरपुर, भजनपुरा और रोहिणी से लेकर लगभग पूरे दिल्ली के इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया, जिसके कारण लोगों को ऑफिस पहुंचने में काफी दिक्कत हुई।

## उपग्रह निसार का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 'इसरो' का 'सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह' 30 जुलाई भारतीय समयानुसार शाम 5:40 बजे प्रक्षेपित किया जाएगा। इस 2,400 किलोग्राम वज़नी उपग्रह को इसरो के जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-एफ16 (जीएसएलवी-एफ16) की मदद से आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसरो के अनुसार निसार उपग्रह से जुड़े मिशन को अलग-अलग चरणों में विभाजित किया गया है। 30 जुलाई को प्रक्षेपण चरण के बाद उपग्रह अपने 'तैनाती' चरण में प्रवेश करेगा। इस महत्वपूर्ण चरण में निसार के 12 मीटर व्यास वाले 'रिफ्लेक्टर' को कक्षा में जटिल रूप से 'खोलना' शामिल है।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बहस, थरूर व तिवारी रहे दूर

## मनीष तिवारी ने लिखा-भारत का रहने वाला हूं..., शशि थरूर ने कहा था-मौनव्रत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद में चल रही ऑपरेशन सिंदूर पर पार्टी की ओर से न बोलने दिए जाने पर कांग्रेस नेता शशि थरूर के बाद मनीष तिवारी ने भी नाराजगी जाहिर की है।

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में एक खबर का स्क्रीनशॉट साझा किया, इसमें बताया गया था कि थरूर और उन्हें क्यों बोलने नहीं दिया गया। तिवारी ने इसके साथ पूरब और पश्चिम फिल्म के देशभक्ति गीत की पंक्तियां लिखी कि भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं। जय हिंद!। वहीं, अपने पोस्ट के बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने मीडिया से कहा कि अगर तुम मेरी चुप्पी नहीं समझ सकते, तो मेरी बातों को कभी नहीं समझ पाओगे। इससे पहले कांग्रेस नेता शशि थरूर सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में शामिल होने के सवाल को टाल गए थे। उन्होंने मीडिया से कहा कि मौनव्रत... मौनव्रत। दरअसल, पहले खबर आ रही थी कि वे संसद की बहस में शामिल हो सकते हैं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए विदेश की यात्रा पर गए थे। थरूर ने दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे गए सात डेलिगेशन में से एक का नेतृत्व किया था। वहीं, तिवारी एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले डेलिगेशन में शामिल थे। जब मनीष तिवारी से उनके बयान पर पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि अगर आप मेरी खामोशी नहीं समझते, तो मेरे शब्द भी नहीं समझ पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के एक सांसद ने कहा कि पार्टी ने जानबूझकर नए सांसदों को मौका दिया, क्योंकि थरूर और तिवारी जैसे नेता विदेश में सरकार के समर्थन में बोल चुके हैं। पार्टी अब चाहती है कि संसद में सरकार की आलोचना हो और विपक्ष की आवाज सामने आए। इसलिए ऐसे नेताओं को चुना गया जो पूरी तरह पार्टी लाइन पर हों। शशि थरूर और मनीष तिवारी जैसे नेता अक्सर अपनी अलग राय रखते हैं। हाल में जब वे विदेशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, तब उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे मुद्दों पर सरकार की तारीफ की थी।



**■ कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश यात्रा के दौरान मोदी सरकार की तारीफ की थी**

# प्रलय मिसाइल के दो लगातार सफल उड़ान परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिछले दो दिनों में प्रलय मिसाइल के लगातार दो सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार ये परीक्षण सोमवार और मंगलवार को ओडिशा तट पर डा. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किए गए।

ये उड़ान परीक्षण मिसाइल प्रणाली की अधिकतम और न्यूनतम सीमा क्षमता को प्रमाणित करने के लिए मूल्यांकन परीक्षणों के एक भाग के रूप में किए गए थे। मिसाइलों ने सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा करते हुए सटीकता के साथ लक्ष्यों पर निशाना साधा। सभी उप-प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन किया, जिसका सत्यापन एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) द्वारा तैनात विभिन्न ट्रैकिंग सेंसरों द्वारा प्राप्त परीक्षण आंकड़ों का उपयोग करके किया गया। प्रलय स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है, जो विभिन्न लक्ष्यों पर कई प्रकार के आयुध ले जाने में सक्षम है।



## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस नेता करेंगे पिपलोदी गांव का दौरा : खड़गे

**नई दिल्ली।** राजस्थान में झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में स्कूल की जर्जर बिल्डिंग गिरने की घटना में सात बच्चों की मौत के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं को वहां जाकर संबंधित पहुलओं की जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, अनुसूचित जनजाति विभाग के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया और राजस्थान प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष बाबूलाल सांखला और अनुसूचित जनजाति विभाग के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष गणेश घोघरा बुधवार को झालावाड़ का दौरा करेंगे। ये नेता पीड़ति परिवारों से मुलाकात करेंगे और अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंपेंगे।

### सुकमाः मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, दो जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के अंदरुनी इलाके में नक्सलियों की ओर से मनाये जा रहे शहीदी सप्ताह के दौरान पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया जबकि मौके पर बारूदी सुरंग के चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। घायल जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुकमा जिले के जंगल पहाड़ी क्षेत्रों में माओवादी की उपस्थिति की सूचना पर सोमवार शाम जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवान की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान पर निकली थी। मंगलवार सवेरे से पुलिस और नक्सलियों के बीच रूक-रूक गोलीबारी जारी है। बारूदी सुरंग की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए जबकि मुठभेड़ जारी है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा में बोलीं प्रियंका गांधी वाड्रा

# पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ले सरकार

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला देश की अस्मिता पर आक्रमण है और हमारी खुफिया एजेंसियों की बहुत बड़ी विफलता का परिणाम है। इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों का इस्तीफा होना चाहिए था, लेकिन इस्तीफा तो दूर, देश को चलाने वाले लोग इसकी जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को लोकसभा में आपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि इस घटना के लिए देश की खुफिया एजेंसियां, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं। उन्हें नैतिक आधार पर हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देना चाहिए था लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस्तीफा तो दूर, गृहमंत्री अमित शाह इस घटना की जिम्मेदारी लेने को भी तैयार नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला किया और उनका नाम लिए बना कहा कि देश के प्रमुख को सिर्फ सफलता का श्रेय नहीं लेने को उत्साहित नहीं चाहिए। देश में जो घटनाएं होती हैं उनकी जिम्मेदारी भी उनकी होती है और इसकी जिम्मेदारी लेने का उनमें साहस भी होना चाहिए।



#### पाक के खिलाफ कार्रवाई क्यों रुकी

उनका कहना था कि पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने की बात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प करते हैं और यह हमारे लिए अत्यंत चिंता का विषय है। सरकार को बताना चाहिए कि सैन्य कार्रवाई क्यों रुकी। इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कियदि आपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवाद को खत्म करना था तो यह आपरेशन सफल नहीं है क्योंकि जो पाक आतंकवाद को पनाह देता है उसी को संयुक्त राष्ट्र में अहम जिम्मेदारी मिलती है तो क्या इस लक्ष्य का यही जवाब है।

#### जम्मू-कश्मीर में क्यों नहीं थी सुरक्षा

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि सरकार जम्मू -कश्मीर में सुरक्षा क्यों नहीं थी। क्या सरकार को मालूम नहीं था कि वहां इतनी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं तो उनके लिए सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए। वहां लोग सरकार से सुरक्षा के भरोसे गये थे लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान के भरोसे छोड़ दिया। उन्होंने सवाल किया कि वहां लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी क्या प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की नहीं है।

#### हमले की आरोपी आतंकी गुट के पर क्यों नहीं कुतरे

प्रियंका ने कहा कि एक आतंकी गुट इस हमले की जिम्मेदारी लेता है। इस गुट ने 2025 तक 25 आतंकवादी हमले किये हैं। इसमें रियासी का 2024 का हमला भी था जिसमें नौ लोग मारे गए थे। आखिर सरकार इस आतंकवादी गुट के पर कतरने में विफल क्यों रही। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि इस सदन में जितने लोग हैं सबके पास सुरक्षा है लेकिन उस दिन पहलगाम में 26 परिवारों के साथ जो हुआ, जितने लोग मारे गए उनमें 25 भारतीय थे।

### सरकार बताए किसके दबाव में हुआ युद्धविरामः सपा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने ऑपरेशन सिंदूर का राजनीति लाभ लेने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार को अवश्य बताना चाहिए कि किससे दबाव में युद्धविराम किया गया जबकि देश की सेना को बढ़त हासिल थी। सपा के अखिलेश यादव ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में सेना की बहादुरी और वीरता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार को अवश्य बाताना चाहिए किसके दबाव में युद्धविराम हुआ। सरकार को यह भी बताना चाहिए कि किस प्रकार खुफिया की विफलता रही और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। सदन में सत्ता पक्ष के लोग ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे जनता सम्मोहित हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। 370 के खात्मे के बाद सरकार ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया, लेकिन पहलगाम में सुरक्षा चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा।

# हम चट्टान की तरह सरकार के साथः राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



■ पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए

लोस में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में राहुल गांधी ने हिस्सा लिया और पहलगाम हमले की निंदा की, पाकिस्तान की खूब क्लास लगाई और भारतीय सेना की जमकर तारीफ की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमला, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था। युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। हम सभी ने इस सदन के प्रत्येक व्यक्ति ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था। विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे। मैं करनाल में नरवाल के घर गया। मैंने उनका दुख महसूस किया। कानपुर में दूसरे परिवार से मिला। जब भी मैं सेना के किसी व्यक्ति से मिलने के दौरान हाथ मिलाता हूं तो मुझे पता लग जाता है कि यह टाइगर है। सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है। सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए। राहुल ने कहा कि जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिब(ता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे।

## श्रीनगरः यातना मामले की सीबीआई जांच शुरू

**श्रीनगर।** सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल खुर्शीद अहमद चौहान को हिरासत में यातना दिए जाने के मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है।।

सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए गत 26 जुलाई को जम्मू-कश्मीर पुलिस के छह अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इनमें पुलिस उपाधीक्षक एजाज अहमद नायको, उप-निरीक्षक रियाज़ अहमद और चार अन्य जहांगीर अहमद, इम्तियाज़ अहमद, मोहम्मद यूनिस और शाकिर अहमद शामिल हैं । ये सभी कुपवाड़ा स्थित संयुक्त पूछताछ केंद्र में तैनात हैं। प्राथमिकी में आपराधिक षड्यंत्र, हत्या का प्रयास, जानबूझकर चोट पहुंचाना और गंभीर चोट पहुंचाना, खतरनाक हथियारों से गंभीर चोट पहुंचाना और तीन या उससे अधिक दिनों तक गलत तरीके से बंधक बनाए रखना जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र कुंडू के नेतृत्व में सीबीआई अधिकारियों की टीम कल जांच शुरू करने के लिए श्रीनगर पहुंची। जिला पुलिस मुख्यालय बारामूला में तैनात कांस्टेबल खुर्शीद चौहान को पुलिस ने मादक पदार्थ मामले की जांच के सिलसिले में 20 फरवरी-2023 को एसएसपी कुपवाड़ा के कार्यालय में रिपोर्ट करने के लिए बुलाया था।

## कांवड़ को अनपढ़ों की यात्रा बताने वाले सपा पर भड़की भाजपा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बलिया से समाजवादी पार्टी के विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने कांवड़ यात्रा पर विवादित बयान देते हुए इसे अनपढ़ों की यात्रा बताया है।

भारतीय जनता पार्टी ने रिजवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ये बयान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के इशारे पर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि नबी की शान में गुस्ताखी हो जाए तो सर तन से जुदा के नारे लहराने लगते हैं, लेकिन हिंदू धर्म, धर्मग्रंथों, साधु संतों,रीति रिवाज और परंपराओं पर कोई कुछ भी मनमाने पूर्ण ढंग से अपमानित कर देता है, इसका प्रबलता से विरोध भी नहीं होता।

# यूपी में 23 आईएएस का तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेधा रूपम बनीं नोएडा की नई जिलाधिकारी
■ रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद की कमान

**लखनऊ।** यूपी में इस बार 23 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। 10 जिलों के जिलाधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। गोरखपुर, गाजियाबाद, ललितपुर, बहराइच, गौतम बुद्ध नगर (नोएडा), कासगंज, गोंडा, कानपुर देहात, मिर्जापुर और प्रयागराज के जिलाधिकारी बदले गए हैं। कासगंज की डीएम रहीं मेधा रूपम को बड़ी जिम्मेदारी मिली है, योगी सरकार ने उन्हें नोएडा की कमान सौंपी है।

प्रयागराज के डीएम रहे रविंद्र कुमार मांदड़ को गाजियाबाद का नया डीएम बनाया गया है। बता दें कि कुल 23 आईएएस अधिकारियों का



सोमवार रात ट्रांसफर किया गया। आईएएस दीपक मीना को गोरखपुर का नया जिलाधिकारी बनाया गया है। इस प्रकार आईएएस रविंद्र कुमार मांदड़ डीएम गाजियाबाद, मनीष वर्मा डीएम प्रयागराज, मेधा रूपम डीएम नोएडा, प्रणय सिंह डीएम कासगंज, कपिल सिंह डीएम कानपुर देहात, अक्षय त्रिपाठी डीएम बहराइच, अमन दीप डुली डीएम ललितपुर, पवन कुमार गंगवार डीएम मिर्जापुर और प्रियंका निरंजन डीएम गोंडा बनी हैं। गोंडा की जिलाधिकारी रहीं नेहा शर्मा को प्रभारी महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। बहराइच की जिलाधिकारी रहीं मोनिका रानी को विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग एवं अपर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की जिम्मेदारी सौंप गई है।



सेंसेक्स 81337.95
निफ्टी 2482110

सोना रु. 98274
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 113590
प्रति किलो



# लिवाली से शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को चौतरफा लिवाली के दम पर बीएसई का सेंसेक्स 446.93 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,337.95 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.20 अंक (0.57 प्रतिशत) चढ़कर 24,821.10 अंक पर पहुंच गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक के साथ एलएंडटी और भारती एयरटेल ने भी बाजार की बढ़त में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एशियाई बाजारों से मिले मिश्रित रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार सुबह गिरावट में रहे। सेंसेक्स करीब 271 अंक टूटकर 80,620.25 अंक पर खुला और 80,575.45 अंक तक उतर गया। यूरोप में बाजार खुलने और वहां तेजी रहने से



दोपहर बाद घरेलू बाजारों में भी लिवाली शुरू हो गई और संसेक्स बीच कारोबार में 81,429.88 अंक को छूने में कामयाब रहा।

इसी प्रकार, निफ्टी.50 भी 30 अंक की गिरावट में 23,663 अंक पर खुला। इसका दिन का निचला स्तर 23,620.90 अंक रहा जबकि ऊपर यह 23,936 अंक तक गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर हरे निशान में बंद हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.21 प्रतिशत और एलएंडटी का 2.13 प्रतिशत की मजबूती में रहा। एशियर पेंट्स में 1.81 फीसदी, टाटा मोटर्स में 1.48 फीसदी और अडानी पोर्ट्स में 1.42 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक और टीसीएस के शेयरों में सबसे अधिक 0.73 प्रतिशत की गिरावट आई।

एनएसई में ज्यादा शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी मिडकैप.50 में 0.81 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 में 1.03 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। रियलिटी, फार्मा और हेल्थकेयर के साथ ऑटो, धातु और एफएमसीजी सेक्टरों में भी तेजी रही। विदेशों में एशियाई शेयर बाजारों में मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई 0.79 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.15 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ।

## एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ एमओयू

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में स्वच्छ परिवहन और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों के विकास में तेज़ी लाने के लिए भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी एथर एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

नवाचार-केंद्रित 50 से अधिक स्टार्टअप्स के गठबंधन स्टार्टअप पॉलिसी फ़ोरम (एसपीएफ) के नेतृत्व में 'बिल्ड इन भारत' पहल के अंतर्गत यह सहयोग किया जा रहा है। यह समझौता ज्ञापन डीपीआईआईटी और एथर एनर्जी के बीच व्यापक साझेदारी की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

## सोने के दाम में गिरावट चांदी हुई और महंगी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने के दाम में गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 172 रुपए गिरकर 98,274 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है।

चांदी की कीमत 606 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,12,984 रुपए पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,970 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,650 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,870 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी। एक जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 22,112 रुपए बढ़कर 98,274 रुपए पर पहुंच गया है। चांदी का भाव 27,573 रुपए बढ़कर 1,13,590 रुपए पर पहुंच गया है।

# प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात बढ़ाने की जरूरत

### उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से विषय पर सेमिनार में बोले मंत्री

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कहा कि देश के खाद्य निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात की हिस्सेदारी फिलहाल 23 प्रतिशत है जिसे और बढ़ाने की जरूरत है।

श्री पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजनाः उत्तर भारत के परिप्रेक्ष्य से' विषय पर आयोजित एक क्षेत्रीय सेमिनार में कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अभी अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है। उन्होंने उद्योग जगत से आह्वान किया कि वे जमीनी स्तर पर किसानों और छोटे उद्यमियों के साथ अपनी भागीदारी को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि देश तब तक वास्तव में सक्षम नहीं बन सकता जब तक हमारे किसान सशक्त न हों। इस दिशा में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना एक परिवर्तनकारी कदम है जो फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है, मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देता है और किसानों को सीधे वैश्विक बाज़ारों से जोड़ता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश से प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात का हिस्सा 2013 के 13 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 23 प्रतिशत हो गया है। यह एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन इस गति को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत के अनेक राज्य, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार, कृषि उत्पादन में अग्रणी होने के बावजूद खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपेक्षाकृत पीछे हैं। ऐसे राज्यों में कोल्ड स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स जैसी अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने की जरूरत है। सेमिनार में उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के भविष्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। श्री पासवान ने घोषणा की कि 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' का आयोजन इस वर्ष सितंबर में दिल्ली के भारत मंडपम में किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर..**

है। ऑपरेशन सिंदूर ने तय कर दिया कि भारत में आतंकी हमले की उसके आका और पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ऑपरेशन सिंदूर से स्पष्ट है कि अब भारत पर हमला हुआ, तो हम अपनी शर्तों पर अपने तरीके से जवाब देकर रहेंगे। कोई भी परमाणु हमले की धमकी नहीं चलेगी। हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। श्री मोदी ने कहा कि हमने बहावलपुर, मुरीदके को ध्वस्त कर दिया। तीसरा पक्ष पाकिस्तान की परमाणु धमकी को हमने झूठा साबित कर दिया। भारत ने सिद्ध कर दिया कि परमाणु ब्लैकमेलिंग अब नहीं चलेगी और भारत नहीं झुकेगा। चौथा पक्ष भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता दिखाई। पाकिस्तान के सीने पर सटीक प्रहार किया। उसको भारी नुकसान हुआ। आज तक उनके कई एयरबेस आईसीयू में पड़े हैं। आज तकनीकी आधारित युद्ध का युग है। ऑपरेशन सिंदूर इसमें सफल हुआ है। पिछले 10 साल में जो हमने तैयारियां की हैं वो न की होती, तो हमारा नुकसान बहुत होता। पांचवां पक्ष आत्मनिर्भर भारत की ताकत को दुनिया ने पहचाना। मेड इन इंडिया ड्रोन और मिसाइल ने पाकिस्तान के हथियारों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आतंकियों को ऐसी सजा दी कि आज भी आतंक के आकाओं की नींद उड़ी हुई है। हमारी सेना की सफलता का पहला पक्ष है कि पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना को अंदाजा लग चुका था कि भारत बड़ी कार्रवाई करेगा। उनकी तरफ से परमाणु बम की धमकी के बयान आने लगे थे। भारत ने छह मई की रात और सात मई की सुबह बड़ी कार्रवाई की। पाकिस्तान कुछ नहीं कर पाया। 22 मिनट में 22 अप्रैल का बदला ले लिया। दूसरा पक्ष पाकिस्तान के साथ हमारी लड़ाई कई बार हुई है, लेकिन पहली बार भारत की रणनीति बनी कि जिसमें पहले जहां कभी नहीं गए, वहां हम पहुंचे। पाकिस्तान के कोने-कोने में आतंकी अड्डों को धुआं-धुआं कर दिया। पहलगाम हमला भारत को हिंसा की आग में झोंकने की साजिश थी। देश ने एकता के साथ उस साजिश को नाकाम कर दिया। 22 अप्रैल के बाद मैंने सार्वजनिक रूप से और विश्व को समझाने के लिए अंग्रेजी में कहा था कि हम आतंक को मिट्टी में मिला देंगे। सजा उनके आकाओं को भी होगी। कल्पाना से भी बड़ी सजा मिलेगी। 22 अप्रैल को मैं विदेश से लौटा और आने के बाद मैंने बैठक बुलाई। हमने साफ निर्देश दिए कि आतंकवाद को करारा जवाब देना होगा। ये हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें हमारे सैन्य बलों की क्षमता पर विश्वास है। सेना को खुली छूट दे दी गई। कहा गया कि सेना तय करे कि कब, कहां, कैसे, किस प्रकार से हमला करना है। सत्र के प्रारंभ में मैंने सांसदों से कहा था कि यह सत्र भारत के विजयोत्सव का है।

**राज्यसभा में...** सबसे लोकप्रिय नेता हैं। पार्टी और देश के लिए गौरव का विषय है, लेकिन आप पार्टी से इतने जुड़ गए हैं कि देश गौण हो जाता है और मेंटल बैलेंस खोकर इस तरीके से बात कर रहे। इस पर विपक्ष ने जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। खड़गे नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि उनके मंत्री मेंटल बैलेंस खोकर बोलते हैं। उन्होंने (जेपी नड्डा) मुझे मेंटल कहा है, तो मैं इसे छोड़ने वाला नहीं हूं। इसके बाद जेपी नड्डा ने कहा कि अगर आपकी भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो मैं इसके लिए आपसे माफी भी मांगता हूं। इसके बाद सदन के रिकॉर्ड से नड्डा का कमेंट हटाया गया।

## यूपी में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार नवंबर में पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी कर रही है, जिसके माध्यम से एक और बड़ा निवेश धरातल पर उतरने जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अब तक दो ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया है।

पहला समिट 2018 में, जिसमें 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। वहीं, दूसरा समिट 2023 में, जिसमें रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए ही सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी संपन्न हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से धरातल पर उतरे निवेश ने प्रदेश को एक नई पहचान दिलाई है। क्षेत्रवार परियोजनाओं का विश्लेषण करें तो निवेश परियोजनाओं में सबसे बड़ा हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र (62.25 प्रतिशत) का है। सेवा क्षेत्र में 28.09 प्रतिशत परियोजनाएं हैं, जबकि शेष निवेश अवस्थापना और अन्य क्षेत्रों में हुआ है। अधिकृत सूत्रों ने दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की स्पष्ट नीतियों, पारदर्शिता, समयबद्ध क्रियान्वयन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण ने प्रदेश को एक नए औद्योगिक युग में पहुंचा दिया है। योगी के अब तक के शासनकाल में प्रदेश में 16 हजार से अधिक निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिनमें से आठ हजार से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि आठ हजार से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सिंगल विंडो क्लीयरेंस, औद्योगिक भूमि की आसान उपलब्धता, बेहतर कानून-व्यवस्था, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और प्रशिक्षित मानव संसाधन जैसे कारकों के चलते उत्तर प्रदेश आज देश-विदेश के निवेशकों का विश्वसनीय निवेश गंतव्य बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाघ संरक्षण में उप्र की नई पहचान

### लखनऊ में 'बाघ दिवस' पर वन मंत्री केपी मलिक ने बताया संरक्षण का विजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर सोमवार को लखनऊ स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया, जहां उत्तर प्रदेश में बाघों की संरक्षण यात्रा की अब तक की उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री केपी मलिक उपस्थित रहे, जिन्होंने बाघों की बढ़ती संख्या को ष्सामूहिक प्रयासों की सफलताष् करार देते हुए इसे जन-सहभागिता और तकनीक आधारित निगरानी का परिणाम बताया। वन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बाघ केवल जंगल का राजा नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण का संतुलन भी हैं। उत्तर प्रदेश ने बाघ संरक्षण को केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनआंदोलन बनाया है। उन्होंने 'बाघ मित्र' मोबा. इल ऐप की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम नागरिक भी अब संरक्षण प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बन पाएंगे। समारोह में उत्तर प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मुकेश कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिलहाल 173 बाघ हैं, जिनमें अधिकांश दुधवा और पीलीभीत टाइगर रिज़र्व में हैं। उन्होंने इस स्थिर संख्या को एक सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि राज्य सरकार का ध्यान अब 'गुणवत्ता आधारित संरक्षण' पर है, जिसमें बाघों के आवास, भोजन श्रृंखला, और मानव-बाघ संघर्ष की रोकथाम पर विशेष काम किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान के निदेशक श्री आर. के. सिंह ने की। उन्होंने प्राणी उद्यान की भूमिका का उल्लेख करते हुए बताया कि किस तरह बाघों और अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए निगरानी, चिकित्सा और जनजागरूकता तीनों मोर्चों पर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर छात्रों के लिए चित्रकला, क्विज़ और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विषयों पर जागरूकता को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया। विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में वन मंत्री ने आमजन से अपील की कि वे जंगलों और वन्यजीवों के साथ सह-अस्तित्व की भावना को अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अपनी तरफ से हर संभव कदम उठा रही है।

# भाजपा की देशभक्ति सिर्फ मंचीय भाषणों तक सीमितः सुनील सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि पार्टी की कथित राष्ट्रभक्ति सिर्फ़ चुनावी जुमला बनकर रह गई है।

सुनील सिंह ने भाजपा नेताओं के बदले हुए बयानों पर सवाल उठाते हुए कहा कि गृह मंत्री कहते हैं ह्पीओके के लिए जान दे देंगे, मुख्यमंत्री चुनाव के समय दावा करते है, छह महीने में पीओके भारत का हिस्सा होगा। और अब देश के रक्षा मंत्री संसद में कह रहे हैं ह्हमारा मकसद पीओके हासिल करना था ही नहीं। लोकदल अध्यक्ष ने कहा कि यह विरोधाभासी बयान दर्शाते हैं कि भाजपा सिर्फ़ जनता की भावनाओं से खेलती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर झूठ बोलने से परहेज़ नहीं है, जो न केवल देश के साथ धोखा है, बल्कि सीमा पर शहीद हुए जवानों के बलिदान का अपमान भी है। सुनील सिंह ने भाजपा से सवाल किया कि क्या देशभक्ति सिर्फ़ चुनावी मौसम का नारा बनकर रह गई है? उन्होंने कहा कि अब जनता को इन फरेबियों से सतर्क हो जाना चाहिए।

# सेना के पराक्रम पर राजनीति दुर्भाग्यपूर्णः राष्ट्रीय लोकदल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि श्रीनगर के पास हुए सफल ऑपरेशन श्महादेवश में भारतीय सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी के बावजूद विपक्ष संदेह की राजनीति कर रहा है, जो अत्यंत निंदनीय है।

मयंक त्रिवेदी ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के तीन खूंखार आतंकियों सुलेमान शाह, अबू हमजा और यासिर को ढेर कर सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने देश को बड़ी राहत दी है। बावजूद इसके, कुछ राजनीतिक दल इस पर सवाल खड़े कर रहे हैं, जो न सिर्फ़ सुरक्षाबलों का अपमान है, बल्कि शहीदों की शहादत को भी छोटा करने जैसा है।

उन्होंने कहा कि यह समय देश के जवानों को सलाम करने का है, रालोद आतंकवाद के विरुद्ध हर सैन्य कार्रवाई और सुरक्षा एजेंसियों के साहसिक कदमों के साथ मजबूती से खड़ा है। त्रिवेदी ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवे. दनशील मुद्दों पर जिम्मेदारी से व्यवहार करें और आतंकवाद पर बयानबाज़ी से बचें।

# वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का लोकार्पण

## 12 जिलों में बने केन्द्रों में 400-400 गोवंश के संरक्षण की क्षमता

### गाय भूखी न रहे, गोशालाओं में चारा, प्रकाश, दवा की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएः धर्मपाल सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के 12 जनपदों में 16 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। प्रत्येक केंद्र की क्षमता 400 गोवंशों की है।

इन केंद्रों का निर्माण 2561.92 लाख की लागत से किया गया है। लोकार्पित केन्द्र ललितपुर में 3, श्रावस्ती में 2, तथा झांसी, भदोही, प्रतापगढ़, बलरामपुर, सोनभद्र, रायबरेली, बांदा, लखीमपुर खीरी, फतेहपुर और कानपुर देहात में 1-1 हैं। पशुधन मंत्री ने कहा कि



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में गोवंश संरक्षण और संवर्धन का कार्य प्राथमिकता पर चल रहा है। उन्होंने अपील की कि दुग्ध उत्पादन के बाद किसान गोवंश को निराश्रित न छोड़ें। मंत्री ने कहा कि गो संरक्षण में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी हो और निर्माण की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। पशुपालकों को रात्रि में पशुओं को खुला न छोड़ने और उनके गले में रेडियम पट्टी लगाने पर भी बल दिया।

उन्होंने बताया कि अब तक 560 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों की स्वीकृति मिल चुकी है, जिनमें से 403 का निर्माण और 387 का संचालन शुरू हो चुका है। वर्तमान में प्रदेश में 7608 गोआश्रय स्थलों में 12 लाख से अधिक निराश्रित गोवंश संरक्षित हैं। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 1 लाख 76 हजार से अधिक गोवंश इच्छुक लाभार्थियों को सौंपे गए हैं, जिनकी देखभाल पर प्रतिदिन 7 करोड़ खर्च हो रहे हैं। इस अवसर पर विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष, विशेष सचिव श्री देवेंद्र कुमार पांडेय, निदेशक डॉ. योगेन्द्र सिंह पंवार, डॉ. राजीव सक्सेना, डॉ. संगीता तिवारी, डॉ. मेमपाल सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. पी.के. सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों को मिलेगा सहारा, योगी सरकार देगी एस्कॉर्ट एलाउन्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने समावेशी शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए कक्षा 1 से 8 तक के 13,991 गंभीर और बहु-दिव्यांग बच्चों को एस्कॉर्ट एलाउन्स योजना के तहत 839.46 लाख की सहायता स्वीकृत की है।

दृष्टिहीन, मानसिक रूप से दिव्यांग, सेरेब्रल पाल्सी व जेई/एईएस प्रभावित बच्चों को 600 प्रतिमाह की दर से अधिकतम 10 माह तक डीबीटी के माध्यम से राशि दी जाएगी, ताकि वे सहायक व्यक्ति के साथ नियमित रूप से विद्यालय आ-जा सकें। योजना की पात्रता प्रेरणा और समर्थ पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप से तय की जाएगी। पात्रता के लिए 40 प्रतिशत या उससे अधिक की दिव्यांगता का प्रमाणपत्र और विद्यालय में नियमित उपस्थिति अनिवार्य होगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी इस प्रक्रिया की निगरानी और अनुमोदन करेंगे। भुगतान से पहले आधार और बैंक सत्यापन अनिवार्य होगा। शासन ने स्पष्ट किया है कि योजना की संपूर्ण प्रक्रिया 30 सितम्बर तक पूरी की जाएगी और किसी प्रकार की गड़बड़ी या दोहरे भुगतान की स्थिति में संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

# लोधी समाज ने लिया अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** युवा लोधी महासभा के तत्वावधान में मंगलवार को राजधानी लखनऊ के रायबरेली रोड स्थित गिरिराज कैफे बैंक्वेट हॉल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता विधायक रेखा वर्मा ने की जबकि संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। आयोजन की रूपरेखा समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गिरधारी लाल लोधी ने तैयार की। समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी नेताओं ने कहा कि लोधी समाज की भागीदारी को मजबूती देने और उसे राजनीतिक नेतृत्व में आगे लाने का कार्य समाजवादी पार्टी करेगी। वक्ताओं ने कहा कि लोधी समाज बूथ स्तर तक एकजुट होकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पब) है।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, जिला अध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह 'पुष्कर', पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, वरिष्ठ नेता भरत यादव, बचान सिंह यादव, गुड्डू लोधी, ललिता लोधी, चन्द्रशेखर यादव, संदीप यादव, मनोज कुमार पाल, शिवकुमार रावत 'टाइगर' समेत समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। समारोह में यशवीर, ओमकार, भोला, सुनील, जलाल अकबर, मयाराम, संजय, राजेन्द्र, शिवम, राकेश, अरविन्द, शिवबरन, अशोक, अजीत, सत्येन्द्र राणा, योगेश, धर्मेन्द्र, रामनरेश, रामकरन, अभिषेक, रामसिंह, दिनेश, सूरज लोधी समेत सैकड़ों लोधी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# चित्रकूट में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के सुरौधा गांव में सटरिंग का काम कर रहे युवक पर लाठी से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना बीस जून की रात की है, जब ग्राम नेवरा निवासी हसनैन पर सुरौधा निवासी सिया उर्फ शिवाकान्त ने गाली-गलौज करते हुए सिर में लाठी से हमला कर दिया था। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। अशोक चौराहा, सुरौधा से आरोपी को उपनिरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला व उनकी टीम ने गिरफ्तार किया।

# घपला करने वाले विभागाध्यक्ष निलंबित

### विश्वविद्यालय ने नृत्य और ताल विभाग के दोनों प्रमुखों पर की अनुशासनात्मक कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** तबला पर सुर साधते.साधते घोटाले की थाप देने वाले ताल विभाग के विभागाध्यक्ष को अंततः विश्वविद्यालय ने निलंबित कर दिया है।

यही कार्रवाई भरतनाट्यम विभाग के प्रभारी प्रोफेसर पर भी की गई है। दोनों ही प्राध्यापकों को उत्तर प्रदेश पुलिस की सीआईडी द्वारा कुछ दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अब विश्वविद्यालय ने भी प्रशासनिक स्तर पर अनुशासन का डंडा चलाया है। उल्लेखनीय है कि यह मामला तीन करोड़ से अधिक के आर्थिक गबन से जुड़ा है, जिसकी जड़ें वर्ष 2021 से लेकर 2024 के बीच फैली रहीं। भातखंडे संगीत विश्व. विद्यालय में वर्ष 2021 से 2023 के बीच बिना टेंडर, फर्जी फर्मों और कागजी खरीदी के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। तत्कालीन कुलपति डॉ. श्रुति सडोलिकर द्वारा कई बार प्रशास. निक प्रक्रियाओं को दरकिनार कर सीधे भुगतान कराए गए थे। सीबीसीआईडी की जांच में इस घोटाले में कुल 18 लोगों की भूमिका चिन्हित हुई, जिसमें दो विभागाध्यक्ष, लेखा और प्रशास. निक अधिकारी, तथा बाहरी आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। ताल विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा और भरतनाटड्म विभाग के प्रभारी ज्ञानेंद्र दत्त वाजपेयी पर सीआईडी ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि इन दोनों ने न केवल फर्जी भुगतान की संस्तुति की, बल्कि वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के बिना भुगतान के बिल पास भी कराए। सीआईडी ने 23 और 24 जुलाई को इन दोनों को गिरफ्तार किया और लखनऊ की अदालत से न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की अनुमति प्राप्त की। सीआईडी जांच में यह भी सामने आया कि विश्वविद्यालय में 12 फर्जी फर्मों के माध्यम से करोड़ों की निकासी की गई थी। संबंधित प्रकरण में प्रमुख आरोपी विश्व. विद्यालय का पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अब भी फरार बताया जा रहा है। सीआईडी की टीम उसकी तलाश कर रही है। इस बीच विश्व. विद्यालय ने स्पष्ट किया है कि संस्थान की छवि को धूमिल करने वाले किसी भी कार्मिक को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार होते ही दोनों विभागाध्यक्षों को निलंबित कर दिया गया है और उनकी सेवाएं फिलहाल विश्वविद्यालय से पृथक रखी गई हैं। अनुशासनात्मक कार्रवाई के अगले चरणों में अन्य कर्मियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम ने कला और सुर की दुनिया में एक गहरी लयभंग की स्थिति पैदा कर दी है, जहां विद्यार्थियों से लेकर शिक्षकों तक, सभी हैरत में हैं।

# भेल प्लांट में माल लोडिंग के दौरान ट्रॉली चालक की मौत

**अमेठी।** औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर स्थित भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएसईएल) के फैब्रिकेशन, स्टैम्पिंग एवं इंसुलेटर प्लांट में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्राला चालक की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ जब माल लोडिंग का कार्य चल रहा था और चालक वाहन की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान प्रहलाद यादव (27 वर्ष) के रूप में हुई है, जो प्रेम यादव का पुत्र था और हैदराबाद, थाना मेहनगर, जनपद आजमगढ़ का निवासी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना सुबह करीब 10 बजे के आसपास की है जब ट्राला चालक प्रहलाद यादव माल लोड करने के दौरान ट्राले की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल अवस्था में उसे तत्काल सहयोगियों द्वारा नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कमरौली थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश पटेल मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय श्रमिकों और गवाहों का कहना है कि प्लांट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि माल लोडिंग के समय ना तो उचित सुरक्षा उपाय किए गए थे और ना ही कोई गाइडलाइन फॉलो की गई, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद से फैक्ट्री कर्मचारियों और मजदूरों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस हादसे ने एक बार फिर से औद्योगिक इकाइयों में वर्कप्लेस सेफ्टी और श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं को बिजनेस शुरू करने का मिलेगा आसान मंच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट ष्सीएम युवा अभियानष् का अगला चरण 30-31 जुलाई को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य युवा कॉन्क्लेव और एक्सपो के साथ शुरू हो रहा है।

इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए एक ही मंच पर मार्गदर्शन, संसाधन और ऋण सुविधा देना है। कॉन्क्लेव को ष्वन स्टॉप बिजनेस प्लेटफॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है, जहां फ्रेंचाइजी, बैंक, औद्योगिक ब्रांड्स, निवेशक, नीति-निर्माता और प्रशिक्षक एक साथ मौजूद रहेंगे।

पहली बार युवाओं को बिना ब्याज और बिना गारंटी के 5 लाख तक का ऋण देने की व्यवस्था की गई है। अब तक प्रदेशभर से 6 लाख से अधिक युवाओं ने योजना में पंजीकरण कराया है, जिनमें से 67,897 को 2751.85 करोड़ का ऋण वितरित किया जा चुका है। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष के युवाओं को 10 प्रतिशत अनुदान के साथ ब्याजमुक्त ऋण मिल रहा है।

# अमेठी में नाबालिग से जबरन धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** अमेठी जिले के पीप. रपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के अपहरण, जबरन धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव बनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता को बहला -फुसलाकर हैदराबाद ले जाकर प्रताड़ित करने का आरोप अल्पसंख्यक समुदाय के युवक हैदर अली पर लगा है।

पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया है।जानकारी के अनुसार, एक महीने पहले गांव की एक नाबालिग लड़की को आरोपी हैदर अली प्रेमजाल में फंसा कर अपने साथ हैदराबाद ले गया था। वहां उसने एक किराए के मकान में लड़की को रखा और कुछ दिन बाद उस पर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बनाने लगा।

विरोध करने पर आरोपी उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा।पीड़िता के भाई के अनुसार, आरोपी ने उसकी बहन के साथ जबरदस्ती की और बार-बार मारपीट की। 10 जुलाई को एक मौका मिलने पर जब आरा. पी कमरे में नहीं था, तो लड़की वहां से किसी तरह भाग निकली। रास्ते में एक व्यक्ति की मदद से वह किसी तरह घर वापस लौटी। घर पहुंचने के बाद उसकी हालत काफी खराब थी और होश में आने पर उसने आपबीती परिजनों को बताई।परिजनों की शिकायत पर सोमवार को पीपरपुर थाने में मुक. दमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी रामराज कुशवाहा ने बताया कि किशोरी की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, धारा 366, 376, 323, 506, सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।पुलिस ने मुख्य आरोपी हैदर अली समेत दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच कर रही है।

# चित्रकूटः महिला पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाना क्षेत्र में एक महिला पर लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, यह हमला बाईस जुलाई को उस समय हुआ जब अंशिका नामक युवती की मां मंजू खेत से लौट रही थी।

इसी दौरान गांव के ही भोला यादव, पिन्टू यादव, सुनीता और अन्य ने घर में घुसकर हमला किया और मोबाइल फोन भी छीन लिया, जिससे वारदात का वीडियो बनाया गया था। इस मामले में बहिलपुरवा थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तत्काल गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए गए। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर गिरधार बाबा तिराहे से तीन आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, आरक्षी मोनू राय और महिला आरक्षी स्वाती सिंह शामिल रहे। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# भूमाफिया की दबंगई, शिकायत के बाद भी विवादित ज़मीन पर हो रहा जबरन निर्माण

**जगदीशपुर/अमेठी।** जिले के कठौरा गांव में भूमाफियाओं की दबंगई और प्रशासन की निष्क्रियता एक बार फिर सामने आई है।

गांव के निवासी इखलाख अहमद पुत्र जमाल अहमद ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि हफीज पुत्र हामिद द्वारा गाटा संख्या 1983, रकबा 0.3450 हेक्टेयर (ऊसर खाते की ज़मीन) पर जबरन कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है पीड़ित इखलाख अहमद ने पहले इसकी शिकायत स्थानीय कमरौली थाने में की थी इसको लेकर थाना प्रभारी मुकेश पटेल ने कार्यवाही की थी लेकिन भू माफिया दबंग इतना सक्रिय है कि थाना प्रभारी का कोई प्रभाव नहीं पड़ा उस पर जिसको लेकर। इखलाख अहमद ने संपूर्ण समाधान दिवस, मुसाफिरखाना में उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थनापत्र देकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल लेखपाल को मौके की जांच करने का आदेश दिया लेखपाल द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो पाया गया कि विवादित भूमि पर अवैध निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया। लेकिन हैरानी की बात यह रही कि लेखपाल के जाने के कुछ ही घंटों के भीतर विपक्षी हफीज ने दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया और दबंगई के दम पर काम जारी रखा पीड़ित इखलाख ने बताया कि हफीज का व्यवहार अत्यंत उग्र और कानून को ठेंगा दिखाने वाला है उसे न प्रशासन का डर है, न कानून का। दिनदहाड़े हमारी ज़मीन पर कब्जा कर रहा है और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा ग्रामीणों ने भी मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि यदि ऐसे मामलों में समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो दबंगों के हौसले और बुलंद होंगे और गरीबों की ज़मीन सुरक्षित नहीं रह पाएगी पीड़ित ने जिलाधिकारी अमेठी से इस प्रकरण में तत्काल हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य रुकवाने, कब्जा हटवाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सूखा गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली कर्वी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने भुईहरी गांव के एक युवक को गिरफ़्तार किया है, जिसके पास से पांच किलो साठ ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया।

प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक गौरव तिवारी ने यह कार्रवाई की। टीम में आरक्षी चालक साकिर हुसैन और आरक्षी मंगल सिंह शामिल रहे। पुलिस के अनुसार, गिरफ़्तार युवक की पहचान राम भवन उर्फ़ भुवन यादव पुत्र सुखराज यादव निवासी भुईहरी, कोतवाली कर्वी के रूप में हुई है। गिरफ़्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा आठ और बीस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मादक पदार्थों के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए ऐसे अभियानों को और तेज़ करने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस का कहना है कि गांजे की यह खेप किसी बड़े तस्कर नेटवर्क से जुड़ी हो सकती है। आरा. पी से पूछताछ जारी है और इसके जरिए सप्लाई चेन तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# फोटो जर्नलिस्ट पर चाकू से हमला

**पुलिस ने बदमाश को एनकाउंटर के बाद किया गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा नागौरी फार्म हाउस सर्फाबाद के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान लोकल इंटेलिजेंस के जरिए सूचना मिली की वांछित बदमाश यहां से निकलने वाला है। बदमाश को आता देखकर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। बदमाश ने रुकने की बजाय भागने का प्रयास किया गया। साथ ही अपने को घिरता देख पुलिस पार्टी पर फायर किया। पुलिस ने जवाबी एक्शन लेने हुए वॉर्निंग दी और बाद में फायर किया।

बदमाश के पैर में गोली लगी। जिससे वो घायल हो गया।



बदमाश की पहचान दीपक शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी ग्राम सर्फाबाद थाना सेक्टर-113 नोएडा के रूप में हुई है। घायल के पास से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद किया गया है। दीपक द्वारा सोमवार रात को पत्रकार प्रमोद शर्मा पुत्र ठकरी दत्त शर्मा निवासी ग्राम सर्फाबाद पर जान से मारने की नियत से चाकू से प्रहार किया गया था। इस संबंध में थाना सेक्टर-113 पर मुकदमा दर्ज है। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

**चाकू से किया था हमला:** पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को दीपक ने विवाद के चलते पत्रकार प्रमोद शर्मा पर जान लेवा हमला करते हुए चाकू से कई वार किए थे। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उनके सीधे हाथ में गहरे घाव है। बदमाश दीपक पर 11 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस जांच कर रही है।

## बाइक सवार युवकों ने कार चालक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी में बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के महामाया एन्क्लेव कॉलोनी में कार चालक को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल के पिता ने तीन-चार अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में केस दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महामाया एन्क्लेव कॉलोनी में धर्मचंद परिवार के साथ रहते हैं। उनका बेटा सूरज सिंह टैक्सी चलाता है। 26 जुलाई की सुबह दादरी के बस स्टैंड पर रिश्तेदार को छोड़ने गया था। वापस आते समय रास्ते में तीन-चार लड़के सड़क पर बाइक लहरा कर चला रहे थ। उनको हटने के लिए हार्न बजाया तो बाइक नहीं हटाई। टोकने पर भड़के युवकों ने कार रुकवा कर डंडे व लात-घूसों से बेटे की पिटाई कर दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घायल के पिता ने तीन दिन बाद कोतवाली में केस दर्ज कराया है।

# ग्रेनो में 252 करोड़ से सफाई व्यवस्था सुधरेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में घर-घर से कूड़ा उठाने और साफ-सफाई की व्यवस्था जल्द दुरुस्त होगी। मैनुअल (हाथ से) और मशीन दोनों तरह से सफाई होगी। इस कार्य के लिए पांच साल में 252.49 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एकीकृत व्यवस्था के तहत कंपनी की तलाश के लिए जारी की गई निविदा खुलने की प्रक्रिया में है। ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था ज्यादा अच्छी नहीं है। ऐसे में प्राधिकरण ने सफाई की एकीकृत योजना बनाई है। इसके तहत अब प्रत्येक सेक्टर की मशीन और हाथ दोनों तरह से सफाई होगी।

घर-घर से कूड़ा उठाने, पत्तियों और मलबा उठाने की जिम्मेदारी एक ही कंपनी को दी जाएगी। इससे पूरे सेक्टर में एक ही एजेंसी काम करेगी। अभी

> ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पेशेवर कंपनी की तलाश की जा रही है। कुछ कंपनियों का प्रस्तुतिकरण पसंद आया है। एजेंसी का चयन कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।
>
> **एनजी रवि कुमार, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

अलग- अलग काम के लिए अलग अलग एजेंसी होने पर एजेंसियां एक दूसरे पर जिम्मेदारी टाल देती हैं। इस नियम के तहत सबसे पहले ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है।

प्राधिकरण के एक अधिकारी के मुताबिक साफ सफाई करने वाली एजेंसी कचरे को कूड़ा निस्तारण केंद्र तक पहुंचाएगी। वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सफाई की एकीकृत व्यवस्था के तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए जारी की गई 252.49 करोड़ रुपये की निविदा खुलने की प्रक्रिया में है। उम्मीद है कि जल्द ही कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी में कूड़ा निस्तारण की जिम्मेदारी बिल्डर प्रबंधन की होती है।

कई सेक्टरों में निविदा जारी नहीं की ग्रेटर नोएडा के कई सेक्टरों और कुछ प्रमुख सड़कों की साफ- सफाई के लिए निविदा ही जारी नहीं की गई थी। इसकी वजह से शहर की साफ सफाई के लिए चयनित एजेंसी द्वारा उन सेक्टरों और सड़कों की सफाई नहीं की जाती,जो निविदा में शामिल नहीं हैं।

## कार की टक्कर से महिला की मौत

**नोएडा।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। हमीरपुर के अजीत सिंह ने केस दर्ज कराया है कि वह वर्तमान में गांव नवादा में किराये के मकान में रहते हैं। सोमवार को उनकी पत्नी सुमन वर्मा घर से काम पर जाने के लिए निकली थीं। फादर एग्नेल स्कूल के गेट के सामने सर्विस रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार क्रेटा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सुमन गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# 2.89 करोड़ की ठगी में साइबर अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर एक प्रोफेसर से दो करोड़ 89 लाख 50 हजार रुपये ठग लिए। आरोपियों ने व्हाट्सऐप मैसेज के जरिये पीड़ित से संपर्क कर इस घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित ने इस संबंध में 22 जुलाई 2025 को थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमें के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल कर रही थाना पुलिस ने मंगलवार को इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग के माध्यम से उक्त रुपये की धोखाधड़ी व ठगी करने वाले गैंग के एक सदस्य को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया है। इस ठगी के मामले में पुलिस ने 26 लाख रुपए बैंक में



फ्रीज कराये है, रिफन्ड की कार्यवाही प्रचलित है।

एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-36 में रहने वाले रामकृष्ण नामक शख्स ने 22 जुलाई 2025 को थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था कि वह राजस्थान के एक विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। वह पहले से शेयर बाजार में निवेश में रुचि रखते हैं। एक अप्रैल को उन्हें व्हाट्सऐप पर मैसेज आया। जिसमें इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का झांसा देकर 2,89,50,000 रुपये की धोखाधड़ी व ठगी की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल कर रही काना पुलिस ने आज साइबर अपराधी गैंग के एक अभियुक्त नितेश कुमार प्रसाद पुत्र शिव शंकर प्रसाद को फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एडीसीपी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि साइबर अपराधी द्वारा स्वयं को एबॉट वेल्थ कोलकाता (भारत) कंपनी का कर्मचारी बताकर व्हाट्स एप्प के माध्यम से संपर्क कर इन्वेस्टमेंट कराकर ट्रेडिंग के माध्यम से लाभ कमाने का झांसा देकर वादी के साथ उक्त रुपये की धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ

के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त ने अपने बैंक खाते को 2 प्रतिशत के लाभ कमाने के लिए अन्य अभियुक्तों को दे दिया। इसी क्रम में अभियुक्त के कोटक महिंद्रा बैंक के खाते में इस घटना के धोखाधड़ी के 6 लाख रुपये का आना पाया गया और अन्य घटना से संबंधित 30,77,074 रुपये का आना पाया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाएगी।

## एक नजर

### अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मंगलवार से गांव रौनिजा में अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत की। संगठन के लोगों ने मांगें पूरी न होने धरना जारी रखने की घोषणा की है। संगठन के लोगों का कहना है कि यमुना एक्सप्रेस-वे के जीरो पॉइंट में हुई महापंचायत में लिए गए निर्णय के तहत संगठन ने इस अनिश्चितकालीन धरने की शुरुआत की गई है। धरने में काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं।धरनारत लोगों का कहना है कि यह धरना प्रदर्शन यमुना एक्सप्रेसवे के प्रभावित किसानों के आवासीय प्लॉट, अतिरिक्त मुआवजा, जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी समस्याओं, बैकलीज शिफ्टिंग और जल दोहन आदि मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर किया जा रहा है।

### धार्मिक स्थल, अनाथालय वृद्धाश्रम बनाने के लिए मौका

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने धार्मिक स्थल, अनाथालय व वृद्धाश्रम बनाने के लिए भूखंडों की योजना निकाली है। फिल्म सिटी के पास से लेकर आवासीय सेक्टरों में ऐसे भूखंड खरीदने का मौका है। प्राधिकरण की वेबसाइट पर योजना के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

प्रधिकरण के मुताबिक, धार्मिक स्थल के लिए 1000 वर्गमीटर से लेकर 1500 वर्गमीटर तक के पांच भूखंड शामिल हैं। सेक्टर-18, 20, 22 में भूखंडों को आरक्षित किया गया है। अनाथालय और वृद्धाश्रम के लिए सेक्टर-22 में भूखंड आवंटित किए जाएंगे। धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं इन भूखंड के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी भूखंड रखे गए हैं। सेक्टर-17ए व सेक्टर-22ई में यह भूखंड हैं। दोनों भूखंड 8000 वर्गमीटर के हैं।

### स्काइवॉक को आईआईटी की मंजूरी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर पर गोलाकार स्काईवॉक बनाने की परियोजना के डिजाइन व ड्राइंग को परीक्षण के बाद आईआईटी दिल्ली की मंजूरी मिल गई है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि आईआईटी की मंजूरी के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

करीब 400 मीटर के इस स्काईवॉक के निर्माण में 34.24 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण कार्य में 12 माह का समय लगेगा। यह स्काईवॉक नेशनल हाईवे-9 (दिल्ली-मेरठ-एक्सप्रेस-वे) से शहर में आने वाले वाहनों को जाम से निजात दिलाएगा। यहां हजारों रोजाना लोग सड़क पार करते हैं जिससे जाम लग जाता है। गोलकार स्काईवॉक पर राहगीरों को चढ़ने में कोई परेशानी न हो इसके लिए नोएडा की तरफ एस्केलेटर व नेशनल हाईवे की तरफ दो लिफ्ट लगेंगी। गोलचक्कर से आगे हाईवे पर फुटओवर ब्रिज बना है। इसे भी स्काईवॉक से जोड़ा जाएगा। स्काईवॉक को पिलरों पर खड़ा किया जाएगा।

**50 हजार लोग रोज पैदल चलते हैं:** प्राधिकरण की तरफ से करवाए गए सर्वे में यह बात सामने आई है कि गोलचक्कर से प्रतिदिन 50 हजार से ज्यादा लोगों का पैदल आवागमन होता है। मेरठ, गाजियाबाद, दिल्ली व नोएडा की तरफ से जाने वाले लोग ऑटो व बस से यहां उतरते हैं। जब लोग पैदल गोलचक्कर पार करते हैं तो वाहनों के रास्ते में बाधा आती है।

### पिता ने गला दबाकर बेटी की जान ली थी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव के समीप कॉलोनी में रहने वाले पिता ने बेटी की हत्या कर खुदकुशी कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक संजना की हत्या गला दबाकर की गई थी। पिता अशोक की मौत का कारण हैंगिंग आया है। मूलरूप से आगरा के वाजिदपुर निवासी अशोक कुमार कासना क्षेत्र स्थित सिरसा गांव के समीप नई कॉलोनी में स्वयं का मकान बनाकर परिवार के साथ रह रहे थे। अशोक कुमार ने रविवार की रात अपनी बेटी संजना की हत्या कर खुद भी पंखे से लटक कर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने मौत का कारण पता लगाने के लिए दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करवाया।

कासना कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक संजना की गला दबाकर हत्या की गई थी, जबकि अशोक की मौत का कारण हैंगिंग आया है। पुलिस ने शुरुआत में आशंका जताई थी कि पिता ने गला दबाकर बेटी की हत्या की और फिर खुद आत्महत्या की।

# छात्रों को स्कूल से जोड़ने के लिए अभियान चलेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में आउट ऑफ स्कूल बच्चों (जो किसी भी कारण से स्कूल नहीं आ रहे) को दोबारा स्कूल से जोड़ने के लिए एक अगस्त से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। शारदा पोर्टल के माध्यम से सात से 14 वर्ष की आयु के उन बच्चों को चिह्नित किया जाता है, जो पिछले 45 दिन से अधिक समय से बिना किसी सूचना के स्कूल नहीं आ रहे। उन्हें आउट आफ स्कूल माना गया है। इन बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार उचित कक्षा में दाखिला दिलाया जाएगा। इसके लिए उन्हें नौ माह का ब्रिज कोर्स का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे नियमित कक्षा में पढ़ने के योग्य बन सकें।

इन बच्चों के प्रशिक्षण के लिए हर स्कूल में एक नोडल शिक्षक नामित किया जाएगा। यह बच्चों के प्रशिक्षण और प्रबंधन का जिम्मा संभालेंगे। यदि किसी विद्यालय में पांच से कम बच्चे हैं तो नोडल शिक्षक ही उन्हें पढ़ाएंगे। यदि संख्या पांच से अधिक होती है तो स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम से विशेष प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

## युवक की छत से गिरकर मौत

**नोएडा।** फेज-2 स्थित भंगेल गांव में रहने वाले युवक की सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि भंगेल गांव में 25 वर्षीय नीतीश रहते थे। वह सोमवार रात अपने घर की दूसरी मंजिल की छत पर सो रहे थे। वह संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गए। उन्हें उपचार के लिए भंगेल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र में भर्ती करवाया गया, जहां पर उनकी उपचार के दौरान मंगलवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है।

# अवैध बाइक टैक्सियों की भरमार, ऑटो चालकों पर पड़ रही मार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में संचालित अवैध बाइक टैक्सियों के संच. ालन से ऑटो चालकों को 10 करोड़ रुपये का हर माह नुकसान हो रहा है। ऐसा दावा ऑटो चाल. कों की एसोसिएशन कर रही हैं। उनका कहना है कि जिले में 20 हजार अवैध बाइक टैक्सियों का संचालन हो रहा है। प्रतिदिन 1200 से 1500 रुपये की कमाई इनकी ओर से की जा रही है। इनकी ओर से न तो टैक्स दिया जा रहा है न ही कोई परमिट लिया जाता है।

सूत्रों की मानें तो जिले में केवल तीन हजार बाइक टैक्सियां ही वैध रूप से संचालित हो रही हैं। बाकी बाइक प्राइवेट नंबर पर कॉमर्शियल काम कर ही हैं। ऐसे में परिवहन विभाग को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। जाहिर है कि विभिन्न प्रकार के एप इन संचालकों को बढ़ावा दे रहे हैं। इनके सहारे रोजाना दोपहिया वाहन से दो हजार रुपये तक की कमाई हो रही है। बता दें कि कॉमर्शियल वाहन चालकों को परिवहन विभाग पीला नंबर प्लेट जारी करता है। इसके साथ ही वाहन चालक की सवारियों को लेकर कई जिम्मेदारियां भी तय हो जाती हैं। ऐसे में कोई भी सड़क दुर्घटना होने पर चालक जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन प्राइवेट नंबर प्लेट वाले वाहन के साथ यह जिम्मेदारियां निजी हो जाती हैं।

**लगातार की गईं शिकायतें:** नोएडा ऑटो चालक एसोसिएशन के अध्यक्ष लाल बाबू ने बताया कि यह बाइक टैक्सियां सबसे अधिक नुकसान ऑटो चालकों के कारोबार को पहुंचा रही हैं। हर माह करीब दस करोड़ का नुकसान हो रहा है। ये टैक्सियां प्राइवेट नंबरों पर मनमाने ढंग से संचालित होती हैं और नियमों का उल्लंघन करती हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी विभाग कोई कदम नहीं उठा रहा।

# पहली बार जिले की कमान संभालेगी महिला डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर गठन के 26 वर्ष के इतिहास में पहली बार डीएम की कमान किसी महिला अधिकारी को सौंपी गई है। 26 वर्ष के इतिहास में जिले में देश के विभिन्ध हिस्स्रों के 25 अधिकारी डीएम रह चुके हैं लेकिन एक भी महिला अधिकारी डीएम नहीं बनी। शानदार अधिकारी मेधा रूपम के रूप में पहली बार जिले में महिला अधिकारी डीएम बनीं हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व वह जिले में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में एसीईओ के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उनके अच्छे व्यवहार व कार्यप्रणाली से शहरवासी भलीभांति परिचित हैं। अब शहर के लोगों को कमान संभालने के बाद उनसे बड़ी उम्मीदें हैं।

डीएम मनीष कुमार वर्मा की तैनाती जिले में 28 फरवरी 2023



को हुई थी। जिले में उनका कार्यकाल लगभग ढ़ाई साल का रहा। तैनाती के कुछ दिनों में ही अपने मधुर व्यव्हार से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया। कार्यालय आने वाले हर व्यक्ति से मिलना, उनकी समस्ष्या सुनना, निस्ष्तारण कराना, निर्णय लेने की क्षमता, लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई से उन्होंने सभी का दिल जीत लिया था। अब उनका स्थानांतरण डीएम प्रयागराज के पद पर हुआ है।

**यह रह चुके हैं डीएम:** जिले के पहले डीएम डाक्टर एसएस संधू थे, उनका कार्यकाल मात्र सात माह ही रहा। उसके बाद डीएम की कमान मनोज कुमार सिंह, मनोज सिंह, दीपक कुमार, के राम मोहन राव, जितेंद्र कुमार, एल वेक्टेश्वर लू, संतोष कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, संतोष कुमार यादव, एमकेएस सुंदरम, अजय चौहान, एवी राजामौली, श्रमण कुमार शर्मा, दीपक अग्रवाल, हृदेश कुमार, एमकेएस सुंदरम, कुमार रविकांत सिंह, एचएल गुप्ष्ता, एवी राजामौली, चंद्रकांत, नागेंद्र कुमार सिंह, बृजेश नारायण सिंह, सुहास एलवाई व मनीष कुमार वर्मा जिले के डीएम रहे।

# ग्रेटर नोएडा में रंजिश के चलते परिवार पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमाल. पुर गांव में एक परिवार पर रंजिश के चलते फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना करीब एक महीने पहले घटी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी भूरा उर्फ रोहित बंसल को मंगलवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। इससे पहले इस मामले में चार अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

पीड़ित यशपाल भाटी ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में बताया था कि उनके पड़ोसी शिवम उनके भाई से रंजिश रखता है। इसी कारण 19 जून की रात शिवम अपने साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंच गया। आरोपियों ने परिवार को देखकर जान से मारने के इरादे से कई राउंड फायरिंग की।

इस घटना में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। पीड़ित का आरोप है कि आरो. पियों ने उनके घर के गेट को लोहे की रॉड से क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने शिवम समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार पर हमला करने के मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# साप्ताहिक बाजार में युवक की जेब से मोबाइल चुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली क्षेत्र के रोजा जलाल. पुर गांव के समीप साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए युवक की जेब से मोबाइल चोरी हो गया। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक त्रिलोकी मिश्रा रोजा जलालपुर गांव में रहते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को गांव के बाहर लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए थे। इसी बीच किसी ने उनकी जेब से मोबाइल निकाल लिया। घर पहुंचने पर उन्हें मोबाइल चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी।

कोतवाली प्रभारी कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चोरों का पता लगाकर मोबा. इल बरामद किया जाएगा।

# हाथरस का जोनल प्लान विकसित करने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण ने हाथरस का जोनल प्लान विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। यहां परंपरागत उद्योगों को स्थापित कराने को वरीयता दी जाएगी। उद्योगों को गति देने के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण और धातु कला को बढ़ावा दिया जाएगा। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि हाथरस जिले के 358 गांव अधिसूचित क्षेत्र में आ रहे हैं, इन्हीं गांवों की जमीन पर नया शहर विकसित होगा। हाथरस जिले में भी प्राधिकरण के अन्य शहरी केंद्रों की तरह आवासीय, औद्योगिक, संस्थागत आदि सेक्टर विकसित किए जाएंगे। सेक्टरों को सड़कों से जोड़ा जाएगा।

सीवर, पेयजल पाइप लाइन, बिजली लाइन आदि इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। परिवहन सेवा, स्कूल आदि जरूरी सुविधाएं विकसित होंगी। हाथरस में परंपरागत उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। हाथरस में अनाज, फल, सब्जी का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है, इसलिए कृषि उत्पाद एवं खाद्य प्रसंस्करण की इकाई लगाई जाएंगी। दुग्ध उद्योग को बढ़ावा देने के साथ ही अलीगढ़ जिले में तेजी से बढ़ रहे धातु कला उद्योग को नए हाथरस में मजबूती दी जाएगी।

# डिंपल पर कमेंट करने वाले मौलाना रशीदी को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सपा सांसद डिंपल यादव पर कमेंट करने वाले ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी पर हमला हुआ है। मंगलवार को मौलाना नोएडा के एक चौनल के लाइव डिबेट में पहुंचे थे। डिबेट खत्म होने के बाद कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। ताबड़तोड़ कई थप्पड़ जड़ दिए।

मौलाना ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। सिक्योरिटी वालों ने हमलावरों से उन्हें छुड़ाया। ये मामला सेक्टर-126 का है। मौलाना साजिद ने सपा कार्यकर्ता कुलदीप भाटी और मोहित नागर पर हमला करने का आरोप लगाया है।



मौलाना आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-126 में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

22 जुलाई को डिंपल यादव अपने पति अखिलेश यादव के साथ दिल्ली की एक मस्जिद में गई थी। जहां सपा सांसदों ने बैठक की थी। उसी दिन एक चौनल के डिबेट में मौलाना ने डिंपल के कपड़ों पर कमेंट किया था। इसके बाद से सपा कार्यकर्ताओं में मौलाना के खिलाफ गुस्सा है।

मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ लखनऊ में केस दर्ज हो चुका है। प्रदेश के कई जिलों में भी उनके खिलाफ पुलिस से शिकायत की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से भी मौलाना को नोटिस भेजा गया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# योगी ने प्रयागराज और विन्ध्यांचल मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

### मुख्यमंत्री ने कहाः प्रयागराज और विन्ध्यांचल क्षेत्र के विकास को सरकार प्राथमिकता दे रही




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रयागराज और विन्ध्यांचल मण्डल के सांसदों, विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ प्रस्ताव एवं कार्य योजना की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जनअपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। बैठक का उद्देश्य केवल योजनाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की जमीनी समझ और अनुभव के माध्यम से राज्य के क्षेत्र विशेष की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समझना और समाधान सुनिश्चित करना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज और विन्ध्यांचल क्षेत्र के विकास को सरकार प्राथमिकता दे रही है।

यह दोनों ही मण्डल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के केन्द्र हैं। इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और समेकित विकास प्रदेश के विकास को गति प्रदान करेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी कार्यों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के द्वारा पीडब्लूडी विभाग को उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर विधानसभावार चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर नंबरिंग कर उपलब्ध कराने के लिए कहा। लोक निर्माण विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर उनके द्वारा प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता लेते हुए कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। प्रस्तावित कार्यों में ब्लॉक मुख्यालयों तक कनेक्टिविटी, इण्टर-कनेक्टिविटी सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, लॉजिस्टिक्स हब, बाईपास, आरओबी/अण्डरपास, फ्लाईओवर, मेजर एवं माइनर ब्रिज, रोड सेफ्टी उपाय, सिंचाई अवसंरचना और पाण्टून ब्रिज जैसे अनेक कार्य शामिल रहे। यह सभी कार्य भौगोलिक चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों को जोघ्ने का कार्य करेंगे, साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने में भी सहायक सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा किसी परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने से पूर्व स्थानीय जनप्रति निधियों का मार्गदर्शन जरूर प्राप्त कर लिया जाए और जो भी कार्य किए जाए उस क्षेत्र से संबंधित जनप्रतिनिधियों का नाम शिलापट्ट पर अवश्य उल्लिखित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्राथमिकता के आधार पर जो प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाएं, उन पर शीघ्रता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए जिससे कि 15 सितम्बर के बाद उस कार्य योजना से संबंधित कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास हो सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के अनुभव और स्थानीय आवश्यक ताओं की समझ शासन के लिए मार्गदर्शक होती है। योजनाओं का समयबद्ध घ्मीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इसके लिए जवाबदे. ही तय की जाएगी, तकनीक का समुचित उपयोग किया जाएगा और कार्यों की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधिगण अपने-अपने क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करें और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार दिलवाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। योगी ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों से कहा कि आपके द्वारा उपलब्ध कराए।

## सीएम ने पीएम की जनसभा के लिए प्रस्तावित स्थल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दो अगस्त को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों का निरीक्षण करने वाराणसी आये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सेवापुरी के बनौली में स्थित प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, प्रधानमंत्री के आगमन मार्ग और शहर में यातायात डायवर्जन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बारिश को ध्यान में रखते हुए जनसभा स्थल और पार्किंग क्षेत्रों में चेकर्ड प्लेट्स लगाने के निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रलवद्र जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात काशीवासियों को देंगे। इनमें प्रमुख रूप से 266 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित चांदपुर से लोहता होकर भदोही को जोड़ने वाली 35 किलोमीटर लंबी फोर-लेन सड़क जनता को समर्पित की जाएगी। इसके अलावा, 55 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही, एलटी कॉलेज में बनने वाली लाइब्रेरी का भी शिलान्यास होगा।

# ऊर्जा मंत्री की विपक्ष को नसीहत, पहले खुद देखो आईना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपने विभाग के अधिकारियों की कारगुजारियों को उजागर कर चर्चा में आये उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने अब विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा है कि बिजली को लेकर चिंता जाहिर कर रहे समा. जवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेताओं को नसीहत देने से पहले अपने गिरहबान पर झांक लेना चाहिए। श्री शर्मा ने मंगलवार को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट में लिखा कि अगर आप दोनों (सपा और कांग्रेस) ने अपने लंबे शासनकाल में बिजली की एक चौथाई भी चिंता की होती तो भाजपा को विरासत में देश और प्रदेश की ऐसी खस्ताहाल व्यवस्था नहीं मिली होती।

कांग्रेस का लंबा समयकाल सर्वत्र अंधकार और उसे मिटाने के लिए मात्र टिमटिमाते दिए का था। नीम के तेल का दिया और मिट्टी के तेल की ढेबरी में भारत की कई पीढ़ियों ने अपना जीवन बिता दिया। अंधेरे और अंधेरगर्दी से भरे समा. जवादी पार्टी के चार-चार शासनक. ाल के बाद 2012-17 में बिजली की औसत पीक डिमांड 13 हजार मेगावाट थी। जबकि पिछले तीन वर्षों की औसत मांग 30 हजार मेगावाट रही है। उन्होंने लिखा कि आज यूपी लगातार तीन वर्षों से देश में सबसे ज्यादा विद्युत आपूर्ति करने वाला प्रदेश बना है। जो पहले निचले पायदान पर होता था। 2017 की अपेक्षा लगभग दो गुने से ज़्यादा उपभोक्ताओं को आज बिजली दी जा रही है। आपके समय के छोड़े गए लगभग 1.50 लाख मजरों का विद्युतीकरण अब किया गया है। 2017 में यूपी में बिजली का अपना खुद का अधिकतम उत्पादन 5160 मेगावाट था जो 2022 में बढ़कर 5820 मेगावाट हुआ और आज 9120 मेगावाट है, यानी कि आपका लगभग दोगुना। सभी स्रोतों से 2017 में यूपी में 11803 मेगावाट विद्युत उपलब्ध थी जो 2022 में बढ़ाकर 15395 मेगावाट हुई और आज 2025 में यह 20038 मेगावाट है यानी कि आपके समय की लगभग दो गुनी।

श्री शर्मा ने कहा कि 2017 में बड़े उपकेंद्रों की कुल क्षमता 39000 एमवीए थी जो 2022 में बढ़कर एक लाख एमवीए हुई और आज 2025 में यह दो लाख एमवीए है, यानी कि आपके समय की लगभग छह गुनी हुई है। डिस्ट्रीब्यूशन क्षमता में भी अपार वृद्धि हुई है। उदाहरण के रूप में आपके समय के छोड़े हुए 1.59 लाख किमी जर्जर तार पिछले तीन वर्ष में बदले गए हैं।

## लापता राजमिस्त्री का कंकाल झाड़ियों से बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के थाना नगला सिंघी क्षेत्र में पुलिस ने झाड़ियों से एक खोपड़ी का कंकाल और कुछ कपड़े बरामद किये है जिसकी शिनाख्त लापता राजमिस्त्री छोटेलाल के परिजनों द्वारा कर ली गई है। पुलिस द्वारा खोपड़ी कंकाल का डीएनए कराई जाने के बाद ही पुष्टि की जाएगी। टूंडला स्टेशन के समीप झाड़ियां में सोमवार रात में पुलिस को कंकाल और कपड़े पड़े होने की जानकारी मिली थी। थाना नगला सिंघी क्षेत्र की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर झाड़ियां की तलाशी लेकर उसमें से कंकाल निकला जो एक नर खोपड़ी का था उसके साथ कुछ कपड़े भी बराबर किए गए।

# प्रोफेसर पर हमले को लेकर अजय राय ने योगी से मांगा जवाब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में एक प्रोफेसर पर हुए हमले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जवाब मांगा है।

अजय राय ने मंगलवार को अपने फेसबुक पेज पर लिखा कि बीएचयू के वरिष्ठ प्रोफेसर पर लोहे की रॉड से हमला, दोनों हाथ तोड़ दिए गए। चंद दिन पहले ही कुछ भाजपा नेताओं को बीएचयू का सदस्य बनाया गया, और अब परिसर में शिक्षकों पर हमले शुरू हो गए हैं।

श्री राय ने कहा कि क्या बीएचयू को शिक्षा का केंद्र नहीं, सत्ता के गुंडों का अड्डा बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री जवाब दें। क्या अब शिक्षक भी सुरक्षित नहीं। गौरतलब है कि प्रदेश अध्यक्ष श्री राय ने कुछ दिन पहले ही भाजपा सांसद (चंदौली से) महेंद्र नाथ पांडे और महापौर अशोक तिवारी को बीएचयू की कार्यकारी परिषद में शामिल किए जाने का विरोध किया था। उन्होंने सवाल खड़ा करते हुए कहा था कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) का अड्डा नहीं बनने देंगे।

# भाजपा विधायक ने डिंपल के अपमान को लेकर लगाए पोस्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधान पार्षद सुभाष यदुवंश ने समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद डिंपल यादव के कथित अपमान को लेकर लखनऊ में पोस्टर लगाये हैं।

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर लगे पोस्टर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा गया है, सुभाष ने कहा कि मौलाना की डिंपल यादव पर की गई टिप्पणी को लेकर अखिलेश जी की चुप्पी से मैं दुखी और स्तब्ध हूं। जो व्यक्ति अपनी पत्नी के अपमान पर नहीं बोल सकता वो बहू बेटियों के अपमान पर क्या बोलेगा। मैं इस बात पर भी हैरान हूं कि ये जवानी किसके नाम, अखिलेश भैया तेरे नाम का नारा देने वाले गैंग के लोग भी चुप हैं। क्या उनकी रगों का खून नहीं खौलता। ये बड़ा स्तब्ध करने वाला है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा था कि हमें महिलाओं का अपमान स्वीकार नहीं चाहे वो किसी भी दल की हों।

# बुंदेलखंड की लोकगाथा आल्हा विलुप्ति की कगार पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जालौन।** उत्तर प्रदेश में बुंद. ेलखंड की मिट्टी में रचे-बसे वीर रस से ओतप्रोत आल्हा गायन विलुप्ति की कगार पर है। आल्हा कभी एक चौपाल में बैठकर समूह में सुना गाया जाता रहा है, उसके प्रभाव और आत्मिक अनुभूति को शब्दों में नहीं बांध सकता।

यह न केवल एक लोकगीत शैली है, बल्कि संघर्ष, बलिदान और शौर्य की जीती-जागती परंपरा भी है। अब यही विधा आधुनिकता, उदासीनता और सामाजिक विमुखता के कारण धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर बढ़ती नजर आ रही है। बुंदेलखंड की पहचान बन चुके आल्हा गायन और कजरी जैसी लोकगीत विधाएं आज केवल सांस्कृतिक समारोहों और औपचारिक आयोजनों तक सिमट कर रह गई हैं। जिन गीतों ने कभी बुंदेलखंड के गांवों में रात-भर जागरण का माहौल बना दिया था, वे आज के युवाओं के लिए अनजाने बनते जा रहे हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डा- हरी मोहन पुरवार कहते हैं कि भारतीय परंपरा का आधा भाग उसकी लोकसंस्कृति है। वे बताते हैं। भारत में ग्रामगीतों की पुरानी परंपरा रही है। ये गीत कभी श्रुति परंपरा से, तो कभी लिपिबद्ध होकर पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ते रहे। आल्हा गायन बुंदेलखंड की आत्मा है, इसका रस और आत्मबल कुछ अलग ही है। लोकगायन को पसंद करने वाले और पेशे से लोहार गांव निवासी संतराम बताते हैं, ह्जब कोई आल्हा गायक तेज रौबीली भाव-भंगिमा के साथ मंच पर आता है, तो उसकी वीर रस से भरी प्रस्तुति पूरे श्रोता वर्ग को भीतर तक झकझोर देती है मगर अब समूह में आल्हा गायन सुनने वालों की संख्या घटती जा रही है, जो हमारी लोकसंस्कृति के क्षरण का संकेत है। कासीखेड़ा गांव के निवासी कल्लू यादव बीते दिनों को याद करते हुए कहते हैं, ह्पहले हम लोग खाना-पीना छोड़कर भी आल्हा सुनते थे।

जब रेडियो पर आल्हा आता था तो सभी काम छोड़कर सुनते थे। अब आल्हा केवल रस्म अदायगी बनकर रह गया है, व्यस्त जीवनशैली ने हमारे सांस्कृतिक रस को ही सूखा दिया है। समाजसेवी संजय, श्रीवास्तव जो स्वयं आल्हा गायन के श्रोता रहे हैं, मानते हैं कि टेप रिकॉर्डर, सीडी और बाद में डिजिटल माध्यमों ने लोकगायन की लोकप्रियता को सीमित कर दिया है। ह्पहले हर घर में आल्हा की किताब मिलती थी, बच्चे-बूढ़े सब पढ़ते-सुनते थे, अब न तो घरों में किताबें हैं, न माहौल है। आज की पीढ़ी न तो इसे जानना चाहती है, और न ही इसे आत्मसात करने को तैयार है, उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा। भुजरियों की लड़ाई, बेतवा की लड़ाई, लाखन का गौना या बाप का बदला जैसी वीरगाथाएं अब केवल पुराने गायकों या श्रोताओं की स्मृति में कैद होकर रह गई हैं। चंदन यादव (बोदहपुरा) कहते हैं।

## एक नजर

### दिव्यांगजन हितों पर गंभीर उप्र सरकार ने बढ़ाया समावेशी विकास का दायरा

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से उत्तर प्रदेश सरकार ने डिजिटल, शैक्षिक, भौतिक और प्रशासनिक ढांचे में समावेशिता बढ़ाने की दिशा में कई बड़े निर्णय लिए हैं। हाल ही में हुई विभागीय समीक्षा में सरकार ने आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग को निर्देशित किया है कि सभी सरकारी वेबसाइटों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाए। इस दिशा में अब तक 44 वेबसाइटों को दिव्यांगजनों के अनुकूल रूप से डिजाइन किया जा चुका है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश राज्य सलाहकार बोर्ड की छठवीं बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग को विशेष शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं, जिससे दिव्यांग बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा उपलब्ध हो सके। इस संबंध में आयोजित बैठक में सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि स्कूल मर्जिंग की प्रक्रिया के दौरान दिव्यांग बच्चों का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए और उनकी विद्यालय तक पहुंच के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्राथमिक विद्यालयों में रैम्प का निर्माण कराया जा चुका है, जिससे व्हीलचेयर पर निर्भर बच्चों को भी सुविधा हो रही है। माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग को दिव्यांग विद्यार्थियों को आरक्षण के अनुरूप निशुल्क प्रवेश एवं आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने लखनऊ स्थित डॉ- शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय और चित्रकूट के जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय को मॉडल संस्थान मानते हुए प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाने का निर्देश जारी किया है। शहरी नियोजन विभाग के अंतर्गत आने वाले 278 सरक. ारी भवनों में से 271 भवनों को दिव्यांगजनों के लिए सुगम्य बना दिया गया है। इनमें रैम्प, ब्रेल साइनबोर्ड, विशेष शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं। शेष बचे 7 भवनों को भी जल्द ही सुगम्य बनाने का निर्देश दिया है। योगी सरकार बच्चों की विशेष जरूरतों को भी नजर. अंदाज नहीं कर रही है। 18 बचपन डे-केयर केंद्रों में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और मानसिक मंदित 3 से 7 वर्ष आयु के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जा रही है। दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित 16 विशेष विद्यालयों में 1403 और 5 समेकित विशेष विद्यालयों में 171 दिव्यांग बच्चे अध्ययनरत हैं। योगी सरकार ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत सरकारी सेवाओं में 4 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को भी प्रभावी ढंग से लागू किया है।

### आजमगढ़ के मुख्य अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण निगमो के कार्यो की समीक्षा बैठक में अपने क्षेत्र के फीडरों के बारे में सही जानकारी न देने पर आजमगढ़ के मुख्य अभियन्ता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी क्षेत्रों को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के सभी फीडरों की लगातार मानीटरिंग करने के साथ ही अधीक्षण अभियंता से लेकर एसडीओ, जेई तक को फीडर मेनेजर बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को उप्र पावर कारपोरेशन एवं अन्य ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने समीक्षा करते हुए कहा कि फीडर वाइज एसडीओ, जेई, टीजी-2 एवं संविदाकर्मी की जिम्मेदारी तय हो। इसमें विद्युत आपूर्ति, विद्युत बिल वसूली, वाणिज्यिक एवं तकनीकी लाइन हानियॉ सहित विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। फीडर वाइज सारे डाटा उपलब्ध रहें। जिससे फीडर मैनेजर के कार्यो का सही मूल्यांकन हो सके। इसके लिए एक पोर्टल बनाकर फीडर मैनेजर के डाटा सहित सभी आवश्यक डाटा उपलब्ध कराइए। उन्होंने कहा कि फीडर मैनेजर के टारगेट (लक्ष्य) तय करिए। अध्यक्ष ने सभी मुख्य अभियन्ताओं को निर्देशित किया कि 1912 पर शिकायत दर्ज होती है लेकिन यदि कोई उपभोक्ता अधिकारियों से सीधे शिकायत करता है तो भी उसकी समस्या सुनें और शिकायत का निराकरण कराये। डिस्कॉम के एमडी कॉल सेन्टर का निरीक्षण कर लें, वही अध्यक्ष ने जौनपुर में हुई विद्युत दुर्घटना पर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशको को निर्देशित किया कि सभी कार्मिकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराये। वहीं अध्यक्ष ने उत्पादन निगम की समीक्षा बैठक में पनकी के समस्त कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंन एमडी उत्पादन निगम को निर्देशित किया कि घाटमपुर एवं खुर्जा-2 की परियोजनाओं का विजिट करें और कार्य पूरा कराये।

# डायरिया से होने वाली मौतों को रोकें, ओआरएस के महत्व को पहचानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** हर साल 29 जुलाई को मनाया जाने वाला विश्व ओआरएस दिवस, दस्त से होने वाली मौतों को रोकने में ओआरएस के उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उसे बढ़ावा देने का एक अवसर है। पिछले कुछ वर्षों में, कई अभियानों और पहलों के माध्यम से, सरकार ओआरएस को बढ़ावा दे रही है और दस्त से होने वाली मौतों को रोकने के प्रयासों में योगदान दे रही है।

उत्तर प्रदेश में बच्चों में दस्त की व्यापकता राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में 15 प्रतिशत से घटकर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में केवल 5-6 प्रतिशत रह गई है, जो तेज़ी से कम हुई है। उत्तर प्रदेश में दर्ज सुधार राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 में 9-2 प्रतिशत से बढ़कर राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 में 7-3 प्रतिशत हो गया है। इन निष्कर्षों का समर्थन करते हुए, काकोरी ब्लॉक के रायपुर दशहरी की आशा कार्यकर्ता चंद्रकांति ने कहा कि उनके क्षेत्र में दस्त के मामलों में कमी आई है और ओआरएस की मांग भी बढ़ी है। इन्फेंट एंड यंग चाइल्ड फीडिंग (एवाईसीह्न) के राष्ट्रीय प्रशिक्षक और डॉ- राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह का कहना है कि रोटावायरस द्वारा आंत्र संक्रमण के कारण होने वाला दस्त दो वर्ष के बच्चों में एक व्यापक समस्या है। वायरल रोगों में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रयोग निरर्थक, बल्कि हानिक. ारक है। ऐसी स्थिति में, ओआरएस, विशेष रूप से लजक-ओआरएस, दस्त को नियंत्रित करने में सबसे महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक डॉ- लपकी जोवेल के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य दस्त से होने वाली बच्चों की मृत्यु को शून्य करना है। उन्होंने कहा, इसके लिए, पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए ओआरएस और ज़िंक के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। डॉ. मिलिंद वर्धन, महाप्रबंधक, बाल स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बताते हैं कि राज्य भर में हर साल दस्त रोको अभियान चलाया जाता है, खासकर मानसून के मौसम में जब दस्त के मामले बढ़ जाते हैं। इस अभियान का उद्देश्य दस्त की रोकथाम, उपचार और प्रबंधन की चुनौतियों का समाधान करना है। यूनिसेफ, यूपी की स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. कनुप्रिया सिंघल के अनुसार, यद्यपि ओआरएस को बढ़ावा देना यूपी में दस्त के मामलों में कमी का प्रमुख कारण है। गौरतलब है कि ओआरएस के उपयोग को महत्वपूर्ण बनाने वाला तथ्य यह है कि यह रोटावायरस आंत संक्रमण के कारण होता है, जो दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों में आम है। जिसमे बच्चों को प्रभावी रूप से ओआरएस दिया जाता है।

# एसजीपीजीआई ट्रामा सेंटर में एनेस्थीसिया चिकित्सकों ने हासिल की उपलब्धि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एपेक्स ट्रामा सेंटर, एसजीपीजीआई में एनेस्थीसिया विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को बेहतर इलाज देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

यहां आने वाले अंक्यलॉसिंग स्पांडिलाइटिस, रूमेटॉयड आर्थराइटिस और विभिन्न प्रकार के गठिया से पीड़ति मरीजों के लिए कूल्हे और घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी में उच्चतम स्तर की देखभाल प्रदान की जा रही है। एडिशनल प्रोफेसर डॉ- वंश खरे, डॉ- राफ़त शमीम एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ- प्रतीक सिंह बैस ने बताया कि इन मरीजों में अक्सर रीढ़ की हड्डी जुड़ जाती है, जिससे पारंपरिक स्पाइनल एनेस्थीसिया संभव नहीं होता। ऐसे मामलों में जनरल एनेस्थीसिया के अपने खतरे होते हैं। एपेक्स ट्रामा सेंटर में अल्ट्रासाउंड की मदद से रीढ़ की हड्डी की जांच कर स्पाइनल एनेस्थीसिया दिया जाता है।

# नशे के लिए पत्नी को 2.20 लाख में बेचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में नशे के लिए पत्नी को दो लाख 20 हजार रुपये में बेचने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। महरा. जगंज थाना प्रभारी अमित कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि अनुसूचित जाति की शोभावती (34) ने प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसकी शादी करीब 15 साल पहले सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी राजेश के साथ हुई थी।

उसके दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उसका पति नशा करता है और उसने किसी दूसरी महिला से भी संबंध बना रखे थे। पीड़िता ने बताया कि नशे के लिए करीब डेढ़ वर्ष पहले आरोपी ने उसे 2-20 लाख रुपये में बेच दिया था। चार फरवरी को खरीददारों के चंगुल से वह बच कर भाग निकली। पीघ्ति महिला का आरोप है कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व राशन कार्ड बनवाने के बहाने उसका पति राजेश उसे बदलापुर थाना क्षेत्र के अशोक कुमार के यहां ले गया फिर उसे वहीं उनके हाथों 2-20 लाख रुपये में बेच दिया।

विरोध करने पर अशोक कुमार और उसके साथियों ने असलहे के बल पर धमाकाया और वहीं पीघ्ति को बंधक बनाकर रखा। कुछ समय बाद शोभावती का भाई गुड्डू एक दिन ससुराल पहुंचा तो पीघ्ति का पति राजेश ने कह दिया कि उसकी बहन बच्चों के साथ कहीं भाग गई। इस बात पर गुड्डू को विश्वास नहीं हुआ और शंका होने पर गुड्डू थाने गया, लेकिन उसकी थाने पर सुनवाई नहीं हुई। मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम शिल्पी की अदालत में पहुंचा तो न्यायाधीश ने संग्यान लिया और तत्काल प्रभाव से पीघ्ति के पति राजेश, खरीदार अशोक, मुंशी हरिजन और एक अज्ञात के खिलाफ बेचने, मारपीट, चोट पहुंचाने, षड्यंत्र रचने, धमकी देने समेत आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज करने को आदेश दिया। एएसपी ग्रामीण आतिष सिंह ने बताया कि इस मामले में जांच कराया जा रहा है, दोषियों को सख्त सजा देने के साथ ही इसमें जो भी पुलिसकर्मी दोषी पाये जायेंगे,उनके खिलाफ भी कार्रवाई कराई जाएगी।

# यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार पर संशय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को लगभग 15 दिन पहले ही पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार की मांगा था लेकिन अभी तक केंद्र सरकार की हरी झंडी नहीं मिली है। ऐसे में यूपी के सियासी गलियारें में कई तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। शासन से जुघे सूत्रों की माने तो मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार पर संशय बना हुआ है।

उनको सेवा विस्तार मिलेगा, इस बात की संभावना काफी कम लग रही है। अगर उनका विस्तार नहीं होता है तो यूपी की नौकरशाही में फिर बड़े स्तर पर फेरबदल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। दरअसल मनोज कुमार सिंह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। राज्य सरकार केंद्र से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही है। हालांकि कुछ सूत्रों का ये मानना है कि सेवा विस्तार को लेकर जो भी पत्र मिलेगा वह 31 जुलाई को ही मिलने की संभावना है लिहाजा अभी इस बात पर संशय बना हुआ है कि उनको विस्तार मिलेगा या नहीं।

मनोज कुमार सिंह को 1988 बैच के आईएएस अधिकारी सिंह को दुर्गा शंकर मिश्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद 30 जून, 2024 को मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। मिश्रा को भी ढाई साल का सेवा विस्तार मिला था। सूत्रों ने बताया कि हालांकि राज्य सरकार ने औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास में सिंह के योगदान का हवाला दिया है, जिसमें एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयास भी शामिल हैं। पत्र में इस साल के अंत में होने वाले आगामी वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन और भूमिपूजन समारोह का भी उल्लेख है। एक अधिकारी ने कहा, ह्र 2019 में, तत्कालीन मुख्य सचिव अनूप चंद्र पांडे को निवेशक शिखर सम्मेलन के कारण छह महीने का सेवा विस्तार दिया गया था।

# चंद्रशेखर आजाद का सरकार पर हमला

## ऑपरेशन सिंदूर, सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उठाए गंभीर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद और आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने संसद के भीतर केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने हाल ही में कश्मीर में हुए ऑपरेशन सिंदूर, देश की सुरक्षा व्यवस्था और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि कश्मीर के पर्यटन स्थलों तक आतंकियों का पहुंच जाना सुरक्षा एजेंसियों की विफलता को उजागर करता है। उन्होंने पूछा कि इस मामले में जिम्मेदारी किसकी है और सरकार यह बताए कि कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था की अंतिम समीक्षा कब की गई थी?

सांसद ने संसद में भावुक होते हुए कहा: 'जिनका लहू देश के काम आया, उन्हें सैल्यूट करता हूं। जय भीम। गांवों के निर्दोष लोग शहीद हुए, उनके परिवारों को ईश्वर दुख सहने की शक्ति दे।' उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि पाकिस्तान द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद 21 भारतीय नागरिकों की हत्या, देश के गुरुद्वारों पर हमले और हिंदू



पर्यटकों को निशाना बनाए जाने जैसे मामलों के बावजूद भारत सरकार ने सीजफायर की अनुमति क्यों दी? उन्होंने इसे सांप्रदायिक तनाव फैलाने की साजिश बताते हुए सरकार की प्रतिक्रिया पर सवाल खड़े किए। चंद्रशेखर आजाद ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा उठाए गए कदमों की पारदर्शिता की मांग की और कहा कि अब वक्त आ गया है, जब देश की जनता को बताया जाए कि आतंकवाद के खिलाफ क्या ठोस रणनीति अपनाई जा रही है। सांसद चंद्रशेखर ने संसद में सेना को टैक्स फ्री वेतन देने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि जो जवान देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देता है, उसके वेतन से कर काटा जाना अन्याय है।

साथ ही उन्होंने चमार, गुर्जर, यादव रेजीमेंट जैसी पुरानी जातीय रेजीमेंटों को पुनः बहाल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को सम्मान और अवसर मिलेंगे तो वे न सिर्फ पाकिस्तान बल्कि चीन की ओर से भी भारत की तरफ आंख उठाने नहीं देंगे। चंद्रशेखर ने देशवासियों से आह्वान किया कि देश की सुरक्षा पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 1965, 1971 और 1999 के युद्धों में पूरा भारत एकजुट था। लेकिन अब जब आतंकवादी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत अकेला पड़ गया है। हमें आत्ममंथन करने की जरूरत है कि ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि चाहे सरकार विपक्ष में हो या सत्ता में देश की सुरक्षा के मुद्दे पर सभी को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।

# सांसद इकरा हसन से दुर्व्यवहार अति निंदनीय : मोमिन खान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मोमिन खान ने एक बयान जारी कर कहा है कि सहारनपुर के एडीएम द्वारा देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा की सांसद इकरा हसन के साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि एडीएम के खिलाफ विशेषाधिकार के कार्रवाई हो। एक जन प्रतिनिधि के साथ किए गए दुर्व्यवहार लोकतंत्र की हत्या है।





उन्होंने ने कहा कि भाजपा सरकार में नौकरशाही बेलगाम हो गई है, सरकारी अधिकारी निरंकुश व्यवहार कर रहे हैं। महिला सांसद के प्रति एडीएम सहारनपुर के द्वारा किए गए अपमानजनक व्यवहार से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि एक आम आदमी के प्रति अधिकारियों का व्यवहार कैसा होगा। श्री मोमिन ने कहा कि सांसद इकरा हसन के साथ जो व्यवहार किया गया वह राजनीति से प्रेरित घटना है। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस घटना में जो दोषी अधिकारी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। मोमिन ने कहा कि सपा के सिपाहियों को न डराया जा सकता है और ने ही धमकाया जा सकता है, समाजवादी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगी। भाजपा सरकार में महिला विरोधियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मोमिन खान ने कहा कि करणी सेना के नेता उपेन्द्र राणा के द्वारा दलित सांसद के घर पर हमला बोलते हैं और उसके काफिले पर पत्थर से हमला किया जाता है । अब करणी सेना के नेता उपेंद्र राणा ने सांसद इकरा हसन को लेकर महिला विरोधी बयान दिया है। इस पर मोमिन खान ने कहा कि नापाक हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कहा कि भाजपा सरकार में समाज के ठेकेदार बने इन समाज विरोधियों ने माहौल खराब करने का ठेका ले रखा है। पूरे समाज की बहन-बेटियों की इज्जत की जानी चाहिए। उपेंद्र राणा ने जो बयान दिया है वह पूरे देश की महिलाओं का अपमान है। हम समाजवादी लोग महिलाओं की गरिमा इज्जत से खिलवाड़ नहीं बर्दाश्त कर सकते। हम हिंदुस्तान की बहन, बेटियों को अपनी बहन, बेटियों के जैसा मानते हैं। वह हमारी बहन-बेटी है और हम अपनी बहन-बेटियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार और आपत्तिजनक टिप्पणी को कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते।

उधर सपा सीनियर नेता मौहम्मद अख्तर अंसारी ने भी सपा सांसद इकरा हसन के साथ एक अधिकारी द्वारा किया गया नैतिकता के दायरे से बाहर का व्यवहार अशोभनीय है। निंदनीय बताया है। उनका कहना है कि एक एडीएम रेंक का अधिकारी एक सांसद के साथ किया गया व्यवहार अधिकारी की घटिया सोच को दर्शाता है। सांसद इकरा हसन देश की लोकसभा की सदस्य है। उनकी शान में किया गया गलत व्यवहार देश की संसद और लोकतंत्र के प्रति एक साजिश है। जिसे सपाई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने ऐसे निरंकुश अधिकारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## ठगों ने एटीएम कार्ड बदलकर 34 हजार रुपये उड़ाए

**अफजलगढ़।** नगर निवासी एक व्यक्ति से अज्ञात ठगों द्वारा एटीएम बदलकर पैसे उड़ाए जाने आ मामला प्रकाश में आया है। बैंक कर्मियों ने बिना पासबुक के एटीएम बन्द नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर के मौहल्ला मंझोली निवासी मेहरान पुत्र अनीस अहमद सऊदी अरब से आए पैसे निकालने के लिए मंगलवार की सुबह द्वारिकेश शुगर मिल पर लगे एटीएम में गया था कि उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति स्विफ्ट डिजायर कार द्वारा उतरकर एटीएम में आये। पीड़ित से एटीएम लेकर पैसा निकालने का बहाना बना कर उसी दौरान एटीएम बदल यह कहकर टाल दिया कि सर्वर नहीं चल रहा और उसी दौरान वह कार में बैठकर रफूचक्कर हो गए। कुछ देर बाद जब पीड़ित के मोबाइल पर 34 हजार रुपए कटने का एसएमएस आया जो ठगों द्वारा शेरकोट के एटीएम से निकाले गए हैं। उसने अपना एटीएम देखा तो उसको एटीएम बदले जाने का आभास हुआ, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जब पीड़ित एटीएम बंद कराने नगर स्थित एसबीआई शाखा में गया तो शाखा कर्मचारियों द्वारा पासबुक लाने की बात बोलकर टाल दिया। पीड़ित ने पुलिस तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

## पहले दिन कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** टीचर्स कॉलोनी में प्रारंभ हुए 10 दिवसीय श्री शिव महा. पुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। देव मंदिर से प्रारंभ हुई इस कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर ढोल-नगाड़ों की थाप पर 'ॐ नमः शिवाय' के सामूहिक उच्चारण और शिव जयकारों से वातावरण भक्तिमय कर दिया। कलश यात्रा से पूर्व सामूहिक



पूजन संपन्न हुआ, जिसके मुख्य यजमान श्री सत्य धाम धर्मशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं समा. जसेवी संजय कुमार रस्तोगी, उनकी धर्मपत्नी सुमन रस्तोगी, प्रतीक, शिवांगी, प्रियंका, आशीष, अयांश व अद्विक रस्तोगी रहे। पूजन कार्यक्रम मंदिर के आचार्य पंडित रविकांत वशिष्ठ द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। कलश यात्रा में महिलाओं का नेतृत्व राजरानी बिंदल, सुधा राजपूत, शारदा शर्मा, रुक्मिणी देवी, कविता त्यागी, आदेश राजपूत, रीता रानी, राजेश्वरी देवी, दीपा शर्मा व सरिता सिंह ने किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु परिवारों ने मार्ग में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य पंडित कैलाश दास जी महाराज पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते चले। संजय रस्तोगी ने अपने सिर पर श्री शिव महापुराण ग्रंथ धारण किया, जबकि उनकी धर्मपत्नी सुमन रस्तोगी विशेष परिधान में सुसज्जित मंगल कलश के साथ चल रहीं थीं।

इस आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले प्रमुख नागरिकों में योगेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट, लोकेंद्र शर्मा, अनिल चौहान, पंकज कुमार, सहदेव चौधरी, रोशन बिंदल, योगेंद्र चौहान, नीरज बिंदल आदि का सराहनीय योगदान रहा। यात्रा श्री सत्य धाम धर्मशाला पहुंचकर विधिवत रूप से सम्पन्न हुई, जहां सभी मंगल कलश व्यास पीठ के समक्ष स्थापित किए गए।

# लखनऊ से आई टीम ने किया ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**नहटौर।** शासन के निर्देशानुसार लखनऊ से आई टीम ने ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदाबाद महमूदपुर मिलक में पहुंचकर मंगलवार को पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, सफाई व्यवस्था, स्कूल, व्यक्तिगत शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। मंगलवार को लखनऊ से चार सदस्यों की टीम जिसमें सुदर्शन कुमार, शिवकुमार, अचल कुमार, मुकुल कुमार चारों सदस्यों ने नहटौर ब्लॉक पहुंचकर ग्राम पंचायत फरीदाबाद में सुदर्शन, शिव कुमार ने ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय, स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया तथा गांव की साफ सफाई का भी स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी दीप अमर रही। ग्राम प्रधान फरमान अहमद, ग्राम पंचायत सहायक व ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे। ग्राम महमूदपुर मिलक में अंचल कुमार, मुकुल कुमार ने ग्राम पंचायत में बने पंचायत घर सामुदायिक शौचालय स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव जयवीर कुमार, ग्राम प्रधान नरेश कुमार, अन्य ब्लॉक की टीम मौजूद रही। टीम के सदस्यों ने बताया कि जांच की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# बंदरों और कुत्तों को पकड़ने का अभियान शुरू

## ग्रामीणों ने डीएम से लगाई थी गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों के ताबड़तोड़ हमलों के बाद एक किसान महिला पर कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतारने के बाद प्रशासन जागा है। डीएम के आदेश पर एसडीएम धामपुर द्वारा दिए सख्त निर्देश के बाद पालिका प्रशासन ने बंदरों और कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया।

गौरतलब है कि नगर की फैजी कॉलोनी में गत 06 जून 2025 को अपनी मां के साथ दूध लेने जा रही 5 वर्षीय मासूम बालिका यास्मीन पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। इसी दरमियां



नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में आवारा कुत्तों ने पुरुषों, महिलाओं व मासूम बच्चों पर हमला कर घायल कर दिया,परन्तु बीते बृहस्पतिवार 24 जुलाई को नगर से सटे ग्राम सलावतनगर (भागीजोत) निवासी अपने धान के खेत में नलाई कर रही किसान महिला पर कुत्तों ने हमला कर मौत के घाट उतार देने के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से कुत्तों को पकड़ने की गुहार लगाई थी। डीएम के निर्देश पर एसडीएम धामपुर रितु रानी ने खण्ड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारी को कुत्तों एंव बंदरों को पकड़वाने के सख्त निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद द्वारा शनिवार से कुत्तों व बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया, जिसमें शनिवार को लगभग 100 बंदर और 25 कुत्ते तथा मंगलवार को नगर के मौहल्ला गौहर अली खां व चिरंजीलाल आदि से 25 कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई की गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। ईओ एसपी सिंह ने बताया कि बंदरों को चिड़ियापुर के जंगलों में छोड़ा जाएगा तथा आवारा कुत्तों को एबीसी सेंटर बिजनौर में वैक्सीनेशन व बधियाकरण के लिए छोड़ दिया जाएगा। एसडीएम धामपुर के दिए निर्देश के बावजूद खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अभी तक ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों व कुत्तों को पकड़ने का अभियान नहीं चलाया गया है।

## एक नजर

### युवक की इलाज के दौरान मौत



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम झाड़पुरा निवासी नीरज कुमार (28 वर्ष) पुत्र वीरेंद्र सिंह रात का भोजन करने के बाद शौच के लिए बाहर गया था। इस दौरान उसने अत्यधिक मात्रा में नशा कर रखा था। नशे की हालत में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर पड़ा, जिससे उसके सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आ गईं। नीरज के गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ ले जाया गया। प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि युवक की हालत अत्यंत गंभीर है और सिर में अंदरूनी चोट होने की आशंका है। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नीरज को तत्काल हायर सेंटर रेफर कर दिया। काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में नीरज कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के बताए अनुसार नीरज काफी समय से नशे का आदी था और कई बार समझाने के बावजूद नशा करना नहीं छोड़ा। शनिवार को भी उसने अत्यधिक नशा किया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। नशे की लत ने युवक की जिंदगी छीन ली। जवान युवक की मौत से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

### कृष्णा में चरक जयंती पर प्रतियोगिता



**बिजनौर।** कृष्णा आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चरक जयंती के उपलक्ष्य पर कॉलेज के डायरेक्टर-प्रिंसीपल वैद्य संदीप एवं मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन मनोज कुमार ने समारोह का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के संचालन में मौलिक सिद्धान्त विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका डॉ. सुनीता की प्रमुख भूमिका रही। इस कार्यक्रम में कॉलेज के सभी अध्यापकगण व छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। चरक जयन्ती के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रुति, आलिया एवं अलीषा ने किया। प्रतियोगिताओं का आंकलन डॉ. शुभ्रांग, डॉ. मुकुल, डॉ. इमरान, डॉ. शालिनी ने किया। चरक परिचय व्याख्यान प्रतियोगिता में फौज़िया और साहिल अहमद विजेता रहे। श्लोक पठन प्रतियोगिता में इंजमाम विजेता रहा। सूत्र व्याख्यान प्रतियोगिता में अर्ष विजेता रहा। क्विज़ प्रतियोगिता में वाग्भट् टीम विजेता रही, जिसमें श्रुति, अनम, अरशुमा, अमरीन, कनक, साहिल एवं सुमित शामिल थे। पोस्टर प्रतियोगिता में अनोफ, अनम, अरषुमा, काशिफा विजेता रही एवं रंगोली प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से सलोनी, आयुशी, कनक, प्रकाश, अलीशा, आशना, जुनैरा, फ़ायज़ा, निदा विजेता रहे। कार्यक्रम के अंत में वैद्य संदीप ने आयुर्वेदिक चिकित्सा के महत्व को प्रका. शित करते हुए चरक जैसे चरित्र और व्यक्तित्व को हमारे भीतर उजागर करने का संदेश दिया एवं कॉलेज के चेयरमैन मनोज कुमार ने पौधारोपण किया।

### काव्य गोष्ठी का आयोजन



**नजीबाबाद।** युगांतर सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के बैनर तले काव्य गोष्ठी का आयोजन वरिष्ठ कवि जितेंद्र कक्कड़ के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ, जिसमें बिजनौर से पधारे वरिष्ठ कवि संजीव एकल मुख्य अतिथि रहे। संजीव एकल ने सुंदर रचना- 'शाख से टूटकर हम बिखर जाएंगे, हम फूल हैं, जुगनू की तरह चमक जाएंगे' सुनाकर वाहवाही लूटी। कवि कर्मवीर ने- 'हमारे खो गए बलमवा कुंभ में, मैंने लाख लाख समझाया' ग्रामीण लोक गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। अरुण दीक्षित ने- 'जीवन की परिस्थितियों से मैं तंग आ गया हूं, मैं मौत का आह्वान करता हूं' रचना से भाव विभोर कर दिया। जितेंद्र कक्कड़ ने- मैं दिल से सोच कर पछता रहा हूं, इसलिए मैं गम के गीत गा रहा हूं' रचना सुनाकर वाहवाही लूटी। अशोक सविता का 'खुशी क्या है, गम क्या है' शेर काफी पसंद किया गया। अशोक अग्रवाल ने भी साहित्यिक रूप में अपने विचारों को गद्य का रूप देकर मनमोह लिया। काव्य गोष्ठी में सुरेशपाल सिंह पंवार, जपना कौर, कुलबीर कौर, इशमीत कौर कक्कड़, पूनम अग्रवाल, विजय कुमार महेश्वरी, मोहित महेश्वरी, बब्बन जैदी आदि उपस्थित रहे।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर



**धामपुर।** गणपति बप्पा के आगमन को लेकर नगर में उल्लास और भक्ति का माहौल बनना शुरू हो गया है। गणेश चौथ समिति के अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार एवं संयोजक विजय जैन ने जानकारी दी कि 27 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे बड़ी मंडी प्रांगण में गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना विधिवत रूप से की जाएगी। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त से 4 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः पूजा-अर्चना, भंडारा, सायं आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ-साथ प्रोजेक्टर पर गणेश लीला का दर्शन कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धर्म और संस्कृति से जुड़ाव महसूस करेंगे। 5 सितंबर को विशाल भंडारा एवं गणेश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई यात्रा विस्मयकारी झांकियों, अखाड़ों, ढोल-नगाड़ों, उठ घोड़ों एवं विशाल गणेश प्रतिमा के साथ निकलेगी। 8 स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। 6 सितंबर को प्रातः 8 बजे से विसर्जन यात्रा का आयोजन होगा जो हरिद्वार तक जाएगी। समिति ने नगरवा. सियों से अपील की है कि इस धार्मिक उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### गांवों में रातों की नींद हराम

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के कई गांवों में बीते एक हफ्ते से रहस्यमय घटनाएं लोगों में डर और बेचैनी पैदा कर रही हैं। गांव वालों का कहना है कि हर रात कोई ड्रोन आसमान में चक्कर लगाता दिखता है, और साथ ही खेतों-गलियों में संदिग्ध हलचल ने सबको चौकन्ना कर दिया है। ग्रामीणों का दावा है कि कुछ घरों के आस-पास चोरों के निशान तक मिले हैं, जिससे साफ है कि कुछ गड़बड़ जरूर चल रही है। डर का आलम यह है कि क्षेत्र के गांव पल्लावाला, मिलक जहगीराबाद सहित अनेक गांव के लोग दिन ढलते ही टोली बनाकर चौराहों पर पहरा देने लगते हैं और पूरी रात जागकर अपने गांव की निगरानी करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन को कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक कोई गश्त या जांच शुरू नहीं हुई है। इससे लोगों में निराशा और गुस्सा दोनों है। गांव के बुजुर्ग रामकिशोर ने कहा, "रात को नींद नहीं आती, हर वक्त डर लगता है कि कब कौन कहां से आ जाए।" ग्रामीणों ने मांग की है कि ड्रोन की गतिविधियों की जांच होनी चाहिए और पुलिस को गांवों में नियमित गश्त शुरू करनी चाहिए। उनका कहना है कि अगर जल्द कोई एक्शन नहीं लिया गया, तो वे सामूहिक प्रदर्शन कर सकते हैं। कुछ लोगों ने आशंका जताई है कि यह कोई बड़ी साजिश भी हो सकती है। प्रशासन की चुप्पी अब सवालों के घेरे में है।

## एक नजर

### खस्ताहाल मार्ग से परेशानी



**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम भोगपुर में रेडियोवाला मार्ग कच्चा मिट्टी का मार्ग है। बरसात के मौसम में बारिश के चलते मार्ग पर भारी कीचड़ जमा हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग बारिश के चलते कीचड़ युक्त हो गया है। आने-जाने वाले ग्रामीणों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। स्कूली बच्चों को भी स्कूल आने-जाने में भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। वहीं देर सवेर बीमार लोगों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जरनैल सिंह, बिंदर सिंह, पाला सिंह, मंजीत सिंह, सुरजीत सिंह आदि ग्रामीणों ने मार्ग को बनवाने की मांग की है। ग्राम प्रधान पुत्र मंगत सिंह का कहना है कि मार्ग की स्वीकृति हो गई है, जल्द ही सड़क बनने का कार्य शुरू हो जाएगा।

### व्यक्ति का आचरण ही वंदनीय : महाराज



**हल्दौर।** नगर के नवीन मंडी स्थल पर चल रही सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को व्यास पीठ से परमपूज्य श्री राम कृपाधाम आश्रम वृंदावन के पीठाधीश्वर रामदास जी महाराज ने मंगलाचरण का सिद्धांत बताते हुए कहा कि भागवत में तीन बार मंगलाचरण का प्रावधान दिया गया है। इसलिए सभी वैष्णवों को तीन बार संध्या करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को प्रातः, मध्याह्न एवं सायंकालीन संध्या अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का आचरण ही वंदनीय होता है। चित्र की नहीं चरित्र की पूजा होती है। भागवत कथा छ प्रश्नों पर आधारित है। भगवान कृपा के बिना जीव अपने जीवन में परमशांति स्थापित नहीं कर सकता। अतः सत्यनारायण भगवान की कृपा पाने के लिए हमें अपने जीवन में श्रद्धा, भक्ति, समर्पण, निस्वार्थ, भावना एवं परोपकार का होना अनिवार्य है। मंगलवार को मुख्य यजमान संजय मारवाड़ी एवं बबीता मारवाड़ी रही, जबकि सहयजमान मे पंडित चंचल वशिष्ठ सपत्नीक रहे। पूजन कार्य पुरो. हत पंडित कृष्ण कुमार पाण्डे एवं पंडित ब्रजेश शर्मा ने कराया। कथा में रघुवीर शरण शर्मा, संजीव चंद्रा, ठाकुर योगेन्द्र चौहान, केके चंद्रा, अरविंद महादेव, डॉ. श्रीश शर्मा, पुनीत शर्मा, संजय वशिष्ठ, सुरेश कुमार, पप्पू फूल वाले, सुरेश कुमार, रमेश मुंशीजी, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, शगुन चौहान, राजकुमार चौहान, रोहित कुमार, संजय वशिष्ठ, प्रतिभा शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार दुबे, जगदीश शर्मा, डॉ. श्रीकांत वर्मा आदि सहित कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शिखरजी तीर्थ को रवाना हुए 24 युवा



**धामपुर।** जैन समाज के युवाओं में धर्म और आस्था को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। समाज के 24 युवाओं का एक जत्था मंगलवार को झारखंड स्थित श्री सम्मेद शिखरजी तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। ये युवा मोक्ष सप्तमी के दिन 31 जुलाई को भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण स्थल पर निर्वाण लड्डू चढ़ाएंगे। जत्थे में शुभम जैन, अभिषेक जैन, नमन जैन, संयम जैन, सार्थक जैन, ऋषभ जैन, उत्कर्ष जैन, शौर्य जैन, तरुण जैन, हर्षित जैन, सौरभ जैन, अतिशय जैन, अनंत जैन, हर्ष जैन, सोनू जैन, अंकुर आर्य, चिराग जैन, अभिनव जैन, विशाल जैन सहित 24 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रा प्रारंभ से पूर्व नमन जैन ने बताया कि वे 30 जुलाई को तीर्थ स्थल पहुंचेंगे और वहाँ से 27 किलोमीटर की पदयात्रा कर 31 जुलाई को निर्वाण लड्डू चढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि यह स्थल जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों का निर्वाण स्थल माना जाता है, जिसमें 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ ने भी मोक्ष प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि यह यात्रा हमारे धार्मिक मूल्यों से जुड़ने और आत्मिक शांति पाने का माध्यम है।

### राशन डीलर पर मनमानी करने की शिकायत

**धामपुर।** अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव भवानीपुर उर्फ जिकरीवाला गांव का कोटेदार वर्षों से गरीबों का हक डकार रहा है। ग्रामीणों ने उस पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि वह मृतकों के नाम पर राशन उठाकर गबन कर रहा है। उप जिलाधिकारी धामपुर के नाम संबोधित शिकायती पत्र में पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति ब्रहपाल सिंह की मृत्यु वर्ष 2020 में हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद राशन कार्ड में उनका नाम आज भी जुड़ा है और डीलर हर महीने उनके हिस्से का राशन निकाल रहा है। महिला का तीन यूनिट का कार्ड है, पर उसे सिर्फ 9 किलो राशन मिलता है। बाकी का राशन कोटेदार खुद रखता है। जब इस गड़बड़ी का विरोध किया गया तो डीलर ने राशन कार्ड निरस्त कराने की धमकी दी। यह मामला एक नहीं है, गांव में कई मृतकों के नाम पर राशन उठाने की शिकायतें हैं। कोटेदार की दबंगई और घोटाले से ग्रामीणों में आक्रोश है ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कोटेदार सईदुर्रहमान की तत्काल जांच कराई जाए और उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि गरीबों का हक सुरक्षित रहे और भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके।

### बी.कॉम. (ऑनर्स) में आंचल प्रथम







**बिजनौर।** कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ साइंस, बिजनौर के बी.कॉम. (ऑनर्स) तृतीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष मंदीप चिकारा ने बताया कि बी.कॉम. (ऑनर्स) तृतीय वर्ष में आंचल चौधरी ने प्रथम, अक्षित त्यागी ने द्वितीय तथा मौ. आसिम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा इंस्टीटयूट ऑफ साइंस, बिजनौर की प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा इंस्टीटयूट आर्फ साइंस, बिजनौर का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, डा. एससी जैन, सहायक प्रवक्ता डा. दुष्यन्त कुमार जैन, मेहर चन्द, नीरज अपरवाल, रोहित राजपूत, नूतन चौधरी, प्रियंका राजन अग्रवाल, सौरभ चौधारी ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ड्रोन की अफवाहों पर देवरनियां कोतवाली प्रभारी ने किया लोगों को जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गांव-गांव ड्रोन से चोरी होने को लेकर मची दहशत को खत्म करने करने के लिए पुलिस मैदान में उतर आई है।

देवरनियां कोतवाली प्रभारी द्वारा गांव-गांव धूमकर अफवाहों को लेकर जागरुक किया गया।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांव, कस्बों में जाकर लोगों में फैली ड्रोन की दहशत को कम कर ऐसी अफवाहों से बचने और जागरुकता लाने का संदेश दिया गया।

उन्होंने अपनी टीम को भी इस बाबत लोगों को समझाने की बात कही।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि जो भी ड्रोन की दहशत फैलाएगा, उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन जैसे दिखने वाले मात्र खिलौना है, वह कोई ड्रोन नहीं है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ डीएम के तेवर सख्त

## दो बार सस्पेंड होने वाले चकबन्दी लेखपालों को बर्खास्त करने के दिए निर्देश

**■ शासन-प्रशासन की छवि धूमिल करने का नहीं दिया जाएगा अधिकार, भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनाई जाएगी जीरो टॉलरेंस की नीति**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को चकबन्दी विभाग से सम्बन्धित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

डीएम ने बैठक में चकबन्दी विभाग के समस्त लेखपालों को भी बुलाया, और सख्त निर्देश दिए कि उनके द्वारा जो भ्रष्टाचार फैलाकर शासन और प्रशासन की छवि धूमिल करने का कार्य किया जा रहा है, वह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार की नीति भ्रष्टाचार विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की है यह बात स्पष्ट रुप से समझ लें। उन्होंने उप संच. ालक चकबन्दी को निर्देश दिए कि जो भी चकबन्दी लेखपाल दो बार सस्पेंड हो चुके हैं, उन्हें बर्खास्त करने की कार्यवाही की जाए।

बैठक में विभागीय प्राधिकारियों से चकबन्दी कार्यो से सम्बन्धित प्रगति की समीक्षा की गई, और पाया गया कि 01 अप्रैल 2025 से अब तक 13 ग्रामों में धारा-9 का प्रकाशन तथा 10 ग्रामों में प्रारम्भिक चकबन्दी योजना का प्रकाशन कराया जा चुका है। बैठक में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी द्वारा अवगत कराया गया कि इस वित्तीय वर्ष में कब्जा परिवर्तन हेतु 06 ग्रामों के सापेक्ष अतिरिक्त प्रयास कर अब तक 11 ग्रामों में कब्जा परिवर्तन पूर्ण किया जा चुका है। उक्त के अलावा अप्रैल 2025 से अब तक 02 ग्रामों में धारा-52 का प्रकाशन कराकर ग्रामों के अभिलेख तहसील में भेजे जा चुके हैं।

बैठक में डीएम ने उप संचालक चकबन्दी व बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में जन विरोध के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है, उन ग्रामों में यथाशीघ्र तिथि नियत कर सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी के साथ बैठक का आयोजन कर चकबन्दी प्रक्रिया प्रारम्भ करायी जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि चकबन्दी न्यायालयों में 03 वर्ष से अधिक पुराने विच. ाराधीन वादों का अभियान चलाकर अगले 02 महीनों में शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। चकबन्दी के सम्बन्धी परिवादों का स्थल पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये गये, तथा यह भी कहा गया है कि यदि किसी परिवाद में पुनरावृत्ति होती है तो उसमें परिवाद निस्तारणकर्ता अधिकारी के निस्तारण सम्बन्धी गुणवत्ता का परीक्षण कर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। बैठक में डीएम ने विभागीय छवि को तत्काल सुधारने हेतु सचेत किया, और कहा कि अगले दो महीनों में किये जाने वाले प्रयासों में परिणाम परिलक्षित होना चाहिए।

बैठक में उप संचालक चकबन्दी पुष्कर बाबू, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी पवन कुमार सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण व चकबन्दी लेखपाल उपस्थित रहे।

## एक नजर

# घर के बाहर बुलाकर युवक के साथ की गाली गलौज और मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रंजिशन घर के बाहर बुलाकर एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने गाली गलौज करते हुये मारपीट की उसके बाद उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।पीड़ित राजकुमार पुत्र जगतपाल निवासी ग्राम सतुईया खास थाना फतेहगंज पश्चिमी ने बताया की 22 जुलाई को मैं अपना रिक्सा चलाकर अपने घर को आ रहा था। तो खिरका रास्ते में सतीश व सोवेन्दर सिंह और मनू ने इन्होने घेरकर मारा पीटा व जान से मारने धमकी देते हुए चले गये।फिर दुवारा सोमवार को मे अपने घर पर था। तो सोवेन्दर सिंह व मनू सिंह ने मुझे फोन कर के गाँव के चौरहा पर बुलाया मै वहां पर गया तो मैने देखा की तीनो के हाथ में डन्डा व अवैध असले थे। मै वहा से अपने घर को चला तो तीनो मुझे पकडकर गन्दी गन्दी गालीयां देते हुये मारने पीटने लगे मनु ने जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर फायर कर दिया। मै बाल बाल बचा मैने उसी समय 112 नम्बर को सूचना की तो तीनो लोग भाग गये। पुलिस ने तीनो के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है। थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया की चार पाँच दिन पहले शराब के नशे में दोनों पक्षों में गाली गलौच हुई थी। आज राजकुमार को सोबेंदर ने फोन करके घर के बाहर बुलाया उसके साथ गाली गलौच मारपीट की और तमंचे से फायर कर भाग गए है। अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# मां की डांट से नाराज किशोर फांसी के फंदे पर झूल गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** मन पसंद खाना न बनाने से नाराजगी दिखाई तो मां ने फटकार लगा दी जिससे नाराज होकर किशोर फांसी के फंदे पर झूल गया

प्राप्त जानकारी के अनुसार शीशगढ़ के मोहल्ला बिलासपुर बस अड्डा निवासी तौफीक अहमद का पुत्र असद राजा 11 वर्ष का मनपसंद खाना नहीं बना तो किशोर ने नाराजगी दिखाई इस बात पर मां ने फटकार लगा दी मां की फटकार इतनी बुरी लगी कि किशोर चुपचाप कमरे में पहुंच गया कमरा बंद करके बिजली के पंखे पर फंदा बनाकर झूल गया काफी देर तक जब कमरा नहीं खुला तो परिवार बालों ने किबाड़ को तोड़कर अंदर कमरे में दाखिल हुए तो होश उड़ गए किशोर फंदे पर लटक रहा था उसको नीचे उतारा गया लेकिन जब तक मौत हो चुकी है मौत की खबर लगते ही को. हराम मच गया।

# सच्ची श्रद्धा और निष्ठा के साथ मनाया गया नाग पंचमी का त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** मंगलवार को क्षेत्र में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा पूर्वक नाग पंचमी का त्यौहार मनाया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों के दरवाजे पर दोनों तरफ नाग की आकृति बनाकर विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना की और गांव से बाहर जाकर भी दूध और सिमई एवं विनौरे नामक बीजों से नाग देवता के नाम से पूजा अर्चना की गई। इसके अलावा कुछ लोगों द्वारा काल सर्प दोष शांति के लिए भी विशेष पूजा अर्चना की गई। नाग पंचमी के अवसर पर उनकी पूजा कर दूध मिठाई से भोग लगाया गया। शास्त्रों के अनुसार नाग पंचमी का पर्व पवित्र श्रावण पक्ष के शुक्ल पक्ष की पंचमी को किया जाता है। कहा जाता है कि यह भूमि नागों की है, जिसपर हम सब निवास करते हैं, नाग पंचमी को उनका आभार प्रकट करना चाहिए। इसके अलावा जिनकी कुंडली में कालसर्प दोष होता है उनके द्वारा नाग पंचमी के दिन कालसर्प दोष की शांति के लिए विशेष पूजा अर्चना कराई जाती है।

# बिजली की समस्याओं के समाधान को ग्रामीणों ने की पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सकरस गांव के ग्रामीणों ने अरशद खान के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता (विद्युत) चमन प्रकाश से मिलकर अपनी विभिन्न बिजली की समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता से 250 केवीए के ट्रांसफॉर्मर से लेकर मस्जिद चौराहे और डॉ० राधेश्याम गंगवार के क्लिनिक से लेकर डॉ० वसीम के पुराने मकान तक 120 की नई केबल डालने की मांग की।

इसके अलावा, ग्रामीणों ने जमील के घर के सामने लगे बिजली के पोल को शिफ्ट कराने और रईस के घर के सामने लगे पोल को शिफ्ट कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बगिया मोहल्ले में 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाने की भी मांग की।

अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने ग्रामीणों की मांगों को सुनकर उन्हें आश्वासन दिया कि बगिया मोहल्ले में नया ट्रांसफॉर्मर सितंबर या अक्टूबर तक लगा दिया जाएगा।

इसके अलावा, अधिशासी अभियंता ने नई केबल डालने के लिए ठेकेदार अभयजीत को निर्देशित किया और बताया कि नई केबल जल्द ही डाल दी जाएगी।

ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता के आश्वासन पर आभार जताया, और कहा कि वे जल्द ही अपनी बिजली की समस्याओं से मुक्त हो जाएंगे।

इस दौरान सरफराज खां, राशिद खां, बाबु खां, रफीक सैफी, नदीम अंसारी, जमील खां उर्फ बड़े भाई, जिरार मेंबर, सलीम मेंबर, जलालउदीन अंसारी, इश्तियाक अंसारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# धोबी तालाब पर बने मकानों को लेकर विवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के धोबी तालाब पर बने मकानों को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। नगर पालि. का द्वारा इन मकानों को नोटिस दिए जाने के बाद पूर्व चेयरमैन पति नसीम ने प्रदर्शन किया, और इसकी शिकायत बहेड़ी नगर पालिका के कर्मचारियों से की, और नोटिस वापस लेने की मांग की है।

मकान में रहने वाले बाशिंदों ने दावा किया है कि उनके मकान नगर पालिका की जमीन पर नहीं बने हैं। उनका कहना है कि जिस जगह मकान बने हैं, उसका गाटा संख्या अलग है, और तालाब का गाटा संख्या दूसरा है। इससे साफ होता है कि नगर पालिका के नोटिस के पीछे कुछ और वजहें हो सकती हैं। नगर पालिका की ईओ से बात करना चाही तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ

नगर पालिका ने इन मकानों को नोटिस देते हुए कहा है कि ये मकान तालाब की जमीन पर बने हुए हैं। हालांकि, मकान मालिकों का कहना है कि उनके पास मकानों के दस्तावेज हैं और वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं।

बहेड़ी एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि एक जांच टीम समिति गठित की है, जो इस मामले की जांच कर रही है। पैमाइश कराकर बाद बंदी कराई जाएगी। साथ ही तालाब का सुंदरीकरण भी किया जाएगा, कोई अवैध कब्जा सामने आया तो प्रशासन सख्त कारवाई करेगा।

मकान में रहने वाले लोगों ने नोटिस वापस लेने की मांग की है कि नगर पालिका उनकी बात सुने, और इस मामले में न्यायपूर्ण कार्रवाई करे। वे अपने घरों को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और उन्हें आशंका है कि अगर नगर पालिका की कार्रवाई जारी रही तो वे बेघर हो सकते हैं।

शिकायत करने वालों में वसीम, अनवर, जमील, कासिम, शहाब. ुद्दीन, मोहम्मद हसन, फिरोज, निशा, साकिब आदि शामिल रहे।

# बार एसोसिएशन के शिशुपाल बने अध्यक्ष



**■ पुष्पाल सचिव और वीरेंद्र चुने गए कोषाध्यक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के हुए चुनाव में जहां शत प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं इस चुनाव में पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने एक तरफा 127 वोट लेकर संगठन के अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। जबकि सचिव पद पर पुष्पाल सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी चंद्र शेखर को 14 मतों से पराजित किया।

सुबह 10 बजे से तीन बजे तक हुए मतदान में सभी 188 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साढ़े तीन बजे शुरू हुए मतगणना में अध्यक्ष पद के एक तरफा चुनाव में पूर्व अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार ने 127 मत प्राप्त किए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी रमेश आर्य को 47 और तीसरे प्रत्याशी प्रदीप सूरी को मात्र 14 मतों पर संतोष करना पड़ा। सचिव पद पर पुष्पाल सिंह ने 77 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी चंद्र शेखर को 14 मतों से हराया, चन्द्र शेखर को 63, जबकि चौतन्य प्रकाश श्रीवास्तव को 36 और फूल कुमार शर्मा को मात्र 12 मतों से ही संतोष करना पड़ा।

कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र पटेल को 96, गोपाल बहादुर गंगवार को 49, हरेंद्र कुमार को 29 और कृष्ण पाल को मात्र 14 मत मिले। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र पाल सिंह को 98 और शराफत अली खां को 90 मत मिले, सुरेंद्र पाल सिंह ने मात्र 8 मतों से उन्हें हराया।

सहसचिव पद पर ओमप्रकाश ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सोमपाल शर्मा को 37 मतों से हराया, उन्हें 81 मत मिले, जबकि शर्मा को 44 मत मिले। हारून अहमद को 41 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे, और महेन्द्र कुमार 22 वोट लेकर चौथे स्थान पर रहे। आडिटर पद पर अरविन्द कुमार ने चमन प्रकाश को सीधे मुकाबले में 38 मतों से हराया, उन्हें 113 तो चमन प्रकाश को 75 मत प्राप्त हुए।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष सुधाकर लाल रस्तोगी, राजेश पाल गंगवार, जमील अहमद अंसारी संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार ने सभी विजई उम्मीदवारों को अपनी शुभकामनाएं दीं।

नव निर्वाचित वार के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार, सचिव पुष्पाल सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल ने सभी अधिवक्ता साथियों का आभार जताते हुए संगठन के हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार की एकतरफा जीत पर सपा अध्यक्ष अनिल गंगवार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरषोत्तम गंगवार, सैंथल चेयरमैन कम्बर एजाज शानू, युवा अधिवक्ता शारिक खां, राजीव गंग. वार, पूर्व सचिव अशर्फी लाल गंग. वार, मो० ताहिर अंसारी, प्रधान ओमेंद्र गंगवार, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व अध्यक्ष हाजी परवेज गुड्डू, अधिवक्ता मुराद अहमद अंसारी, तसव्वर हुसैन अंसारी, युवा नेता मोहीद सिद्दीकी आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# दूसरे समुदाय की युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** एक मुस्लिम युवक एक दूसरे समुदाय की युवती को दोबारा से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। युवती घर में रखे सोने के जेवरात और 30 हजार रुपए भी अपने साथ ले गयी है। युवती की बुआ को उसके मंतातरण का डर सता रहा है। जिससे परेशान युवती की बुआ ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना नवाबगंज में तहरीर दी है।

कस्बे में अपनी बुआ के घर रह रही एक युवती जनपद हरदोई के कस्बा सांडी में रहती थी, वहां जनपद बदायूं के सहसवान थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजी का एक मुस्लिम युवक भी किराए पर कमरा लेकर रहता था। उसने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया, और 24 मई 2025 को वह उसे बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया था। तब युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाना सांडी में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने युवती को बरामद कर कोर्ट में पेश किया। जहां बयान दर्ज कराने के बाद वह कस्बे में रहने वाली अपनी बुआ के घर आकर रहने लगी। बीते 28 जून को मुस्लिम युवक उसे फिर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घर से जाते समय वह घर में रखे सोने के जेवरात और 30 हजार रुपए की नगदी भी अपने साथ ले गयी।

युवती की बुआ ने इसकी जानक. ारी युवती के पिता को दी। तो उन्होंने आरोपी के पिता से शिकायत कर बेटी को वापस भेजने को कहा तो वह उसे उन्हें सौंपने का आश्वासन देने लगा। लेकिन अब तक युवती का कोई पता नहीं मिला है। युवती की बुआ ने उसका मंतातरण कराने के लिए उसे कहीं छुपाने की आशंका जताते हुए थाना नवाबगंज में तहरीर दी है।

# एसबीआई बहेड़ी शाखा प्रबंधक ने किया कारगिल सैनिकों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक सदैव देश सेवा में अग्रणी रहता है, और समाज के सभी लोगों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने को कटिबद्ध है। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बहेड़ी नगर पालिका परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के नवागत शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने यह बातें कहीं। बताते चले कि विनीत कुमार ने पिछले हफ्ते भारतीय स्टेट बैंक बहेड़ी मुख्य शाखा में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्य भार ग्रहण किया है, और बहेड़ी की जनता को अपनी युवा टीम के माध्यम से बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया है।

विनीत कुमार द्वारा हाल ही में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सेवानिवृत्त बहादुर सैनिकों का शाखा में शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया, जो कारगिल युद्ध का हिस्सा थे। श्री कुमार ने बताया कि एसबीआई बहेड़ी में सभी प्रकार की बैंकिंग सेवाएं सरल और त्वरित रूप से उपलब्ध हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित जन और शाखा स्टाफ उपस्थित रहे।

# ड्रोन की खुल गई पोल, अफवाहों पर यकीन न करें लोग: एसएसपी

**■ बरेली पुलिस ने जारी की एडवाइजरी**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मेड इन चाइना लिखे खिलौना ड्रोन से कुछ जगह अराजकतत्वों ने लोगों को डराने का काम किया है। इससे ग्रामीण इलाकों में अफवाह फैली है कि चोर ड्रोन के जरिये घरों की स्थिति देखते हैं और फिर वारदात को अंजाम देते हैं। जबकि पुलिस जांच में अब तक कुछ भी ऐसा सामने नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक कुछ जगहों पर खिलौना ड्रोन मिले हैं, जिनमें कैमरा नहीं है और न ही इनसे रिकॉर्डिंग होती है। ऐसे में पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है कि ड्रोन महज अफवाह है, जिस पर विश्वास न करें। इसे लेकर एडवाइजरी जारी की गई है।

पुलिस की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि ड्रोन उड़ने की सूचनाएं निराधार और भ्रामक हैं। कुछ मामलों में बच्चों के खिलौने या सामान्य वस्तुओं को गलत समझकर ड्रोन के रूप में प्रचा. रित किया गया है। कुछ थाना क्षेत्रों में मेड इन चाइना खिलौना ड्रोन बरामद भी हुए हैं। जांच में पता लगा कि बैटरी चलित खिलौना हेलीकॉप्टर है, जिसकी कीमत करीब 800-1000 रुपये है।

जांच से पाया गया है कि जो ड्रोन (खिलौना) विभिन्न जनपदो में मिले हैं, उनमें न तो कोई कैमरा लगा है, और न ही सर्विलांस में प्रयुक्त होने वाला कोई अन्य उपकरण मौजूद है। यह मात्र खिलौने के रुप में प्रयुक्त होने वाला बैटरी से संचालित चीन निर्मित खिलौना है। इसमें रंग-बिरंगी लाइटें लगी हैं, जो रात के समय आसमान में उड़ते समय चमकने से लोगों को ड्रोन जैसा लगता है। इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है कि चोरों द्वारा गांव एवं बस्तियों की रेकी की जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने अपील की है कि अफवाहों पर विश्वास न करें। ड्रोन या किसी संदिग्ध गतिविधि से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होने पर उसे बिना जांचे-परखे दूसरों के साथ साझा न करें। अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को अफवाहों से सावधान रहने के लिए प्रेरित करें। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो उसके साथ मारपीट अथवा दुर्व्यवहार न करें, बल्कि इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जो व्यक्ति जानबूझकर भ्रामक सूचनाएं या अफवाहें फैलाते हैं, उनके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के 1500 साल मुकम्मल होने पर दरगाह का अहम पैगाम

**■ सेमिनार आयोजित कर गैर मुस्लिमों तक पहुंचाएं पैगम्बर ए इस्लाम की तालीमात: अहसन मियां**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मरकज-ए-अहले सुन्नत दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन व टीटीएस के आलमी सदर बदरूशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने कहा कि बारह रवी-उल-अव्वल (5 सितंबर 2025) को अल्लाह के आखिरी नबी को इस दुनिया में तशरीफ लाए 1500 साल मुकम्मल हो जायेंगे। इस बार का जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी हम सभी के लिए बेहद खास है। लिहाजा इस खुशी में मुसलमानों वो काम करना है, जिससे पैगंबर-ए-इस्लाम की जिन्दगी का हर पहलू, शिक्षा व मजहब-ए-इस्लाम का पैगाम भी आम हो, और समाज की खिदमत भी हो सके।

मुसलमान अपने नबी की ताल. ीमात और नसीहतों पर अमल कर ले तो मुल्क में आपसी भाई चारा व मोहब्बत में इजाफा होगा, और हमारे नबी की शिक्षा व इस्लाम का पैगाम भी नई नस्ल व आम लोगों तक आसानी के साथ पहुंच जाएगा।

शरई दायरे में रहकर हर वो काम करे जिससे दिलों में नफरतें कम हो आपस में दूरियां घटाने का काम करे। जश्न की तैयारियां आज ही शुरू कर दें, क्योंकि हमारे नबी ने हमेशा इंसानियत का पैगाम दिया। इंसान (मानव) ही नहीं बल्कि पशु पक्षियों के हक में भी आवाज बुलंद की।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि आज दरगाह मुख्यालय पर सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने देश भर के मुसलमानों के नाम पैगाम जारी करते हुए कहा कि ईद मिलादुन्नबी हमारे नबी की पैदाइश का दिन है।

ये ईदों की ईद है। जिसे पूरी दुनिया के मुसलमान श्वर्ल्ड पीस डे (विश्व शांति दिवस)श के रूप में मनाएं। जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मौके पर देश वासियों में फूल और मिठाईयां बांटकर उन्हें पैगंबर-ए-इस्लाम की सीरत व पैगाम से रू-ब-रू करवाएं। हर मुसलमान अपने घर पर झंडा लगाने के साथ ही घर की बालकनी या दरवाजे के पास तमाम देश वासियों को ईद मिलादुन्नबी की मुबारकबाद पेश करते हुए हमारे नबी व सहाबा किराम की सीरत पर एक हदीस या किसी दीनी पैगाम का बैनर या पोस्टर जरूर लगाएं।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# डिम्पल यादव पर अभद्र टिप्पणी करने पर भड़की सपा महिला सभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी सांसद डिम्पल यादव पर एक मौलाना द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर समा. जवादी महिला सभा भड़क गई है। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को समा. जवादी महिला की पदाधिकारियों ने विरोध-प्रदर्शन कर मौलाना पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव के नेतृत्व में मंगलवार को समाजवादी महिला सभा की पदाधिकारियों ने टिप्पणी करने वाले मौलाना साजिद रशीदी के खिलाफ एसपी सिटी मनुष पारिक को ज्ञापन सौंपा, और मौलाना पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष स्मिता यादव नेष्कहा है कि महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों से हमारी पार्टी कभी समझौता नहीं करेगी, और महिलाओं के सम्मान की लड़ाई में कभी पीछे न हटेगी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष स्मिता यादव के अलावा सुनीता यादव, पल्लवी सक्सेना, उषा यादव, बीना गौतम, शब्बो खान, हुरिया, शाहीन खान, पुष्पा मौर्य, गुड़िया, शशि चन्द्र समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# पुलिस की पीआरबी टीम पर जानलेवा हमला

## पीआरबी वैन में तोड़फोड़, कई पुलिस कर्मी घायल, एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** 112 पर शिकायत की जांच को पहुंची पीआरबी टीम पर किया जानलेवा हमला तीन पुलिस कर्मी घायल पीआरबी बैन में भी की तोड़फोड़ पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वांछित अभियुक्त रंजीत सिंह पुत्र हरचरनलाल निवासी ग्राम नरसिहंपुर अकौदा का मझरा थाना मिलक जनपद रामपुर उम्र 35 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0स0 319/25 धारा 191(2)/191(3)/121(1)/109/352/351(3)/125/324(3)/190/309(4)/62 बीएनएस व धारा 2/ 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधि. को मुखविर की सूचना के आधार पर पीपलसाना से नरसिहपुर की तरफ जाने वाले मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय रामपुर भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 28.07. 2025 समय करीब 21.48 बजे पर कालर कालर रामपाल पुत्र धन सिंह निवासी ग्राम नरसिंहपुर थाना मिलक जनपद रामपुर द्वारा डायल 112 पर सूचना पीआरवी 1393 ईवेन्ट नं. 23608 पर ग्राम नरसिंह पहुंचने पर कालर से सम्पर्क करके पूछताछ करने पर, अभियुक्तगण परविन्द्र,अरविन्द पुत्र गण पप्पू उर्फ नारायणदास,रंजीत पुत्र हरचरन, मुक.ेश पुत्र हरचरन, वीर सिंह पुत्र गेंदनलाल, ओमवती पत्नी पप्पू उर्फ नारायणदास, राजवती पत्नी वीर सिंह समस्त निवासी गण ग्राम नरसिंह पुर थाना मिलक जनपद रामपुर शिवम पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम गुलड़िया भाट थाना मिलक रामपुर और 6-7 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा एक राय होकर जान से मारने कि नियत से पुलिस पर लाठी डन्डो से कठोर प्रहार करना, मारपीट करना, सरकारी कार्य में वाधा डालना जिससे का. पुष्पेन्द्र के पैर में चोट आना तथा मयंक के सिर में चोट खुली आना और चालक हो.गा. के हाथ में चोट आना एंव पीआरवी पर ईंट पत्थर से प्रहार करना जिससे पीआरवी के सीसे टूट जाना तथा एम.



डी.टी. क्षतिग्रस्त हो जाना एवं जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में वादी मुकदमा हे.का.42 पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र रणजीत सिंह कमाण्डर पीआरवी 1393 थाना शहजादनगर जनपद रामपुर की तहरीरी सूचना के आधार पर मु.अ.स. 319/25 धारा191(2)/191(3)/121(1)/109/352/351(3)/125/324(3)/190/309(4)/62 बीएनएस व धारा 2/ 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधि. बनाम परविन्द्र,अरविन्द पुत्र गण पप्पू उर्फ नारायणदास,रंजीत पुत्र हरचरन, मुकेश पुत्र हरचरन, वीर सिंह पुत्र गेंदनलाल और ओमवती पत्नी पप्पू उर्फ नारायणदास, राजवती पत्नी वीर सिंह समस्त निवासी गण ग्राम नरसिंह पुर थाना मिलक जनपद रामपुर, शिवम पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम गुलड़िया भाट थाना मिलक रामपुर 9. 6-7 अज्ञात व्यक्तियो के विरुद्ध तफ्तीशी अभियोग कायम व दर्ज किया गया।

# सांसद ने कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने और हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूती के लिए सदन में उठाया मुद्दा

■ केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने सांसद को दिया आश्वासन, सरकार हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूत करने के लिए उठा रही है कदम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** संसद सत्र के दौरान सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने रामपुर के लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना के अंतर्गत कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने और हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूत करने का प्रशन उठाते हुए सरकार से विशेष बजट की व्यवस्था करने का अनुरोध किया।

सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने टेक्सटाइल्स वस्त्र मंत्री से लिखित में विगत तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजना (एएचवीवाई) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में स्वीकृत और पूर्ण की गई परियोजनाओं का ब्यौरा मांगा।

सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने क्लस्टरों और कारीगरों से गठित उत्पादक कम्पनियों व स्वयं सहायता समूहों का गठन कर रोजगार दिए जाने की।मांग रखी। और उत्तर प्रदेश विशेष रूप से रामपुर में उत्पादक कम्पनियां स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के प्रशन का केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने जवाब देते हुए जानकारी दी कि वस्त्र मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के 39 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए हैं। कारीगरों और हस्तशिल्प क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

# खरीददारों की लगी भीड टार्चो की बढ़ी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में बस स्टैंड पर अंबेडकर मूर्ति के समीप दुकान पर टॉर्चो की भारी संख्या में बिक्री हो रही है। बताया गया कि नगर सहित गांवों में हो रही चोरियों व उड़ने वाले ड्रोनों की अफवाहों को लेकर रात्रि में लोग अपने अपने घरों की सुरक्षा हेतु टार्च खरीद रहे है। वहीं दुकान स्वामी ने बताया कि पहले कभी इतनी टॉर्चे नहीं बिकी। जब से आकाश में उड़ते हुए ड्रोनों की अफवाह को लेकर और चोरों से भयभीत होकर लोग अपनी सुरक्षा को लेकर दो सेला, तीन सेला,पांच सेला बैटरियों की खरीददारी जोरो पर कर रहे है।

# डीएम एवं एसपी की उपस्थिति में स्टेकहोल्डर के साथ सम्पन्न हुई रामपुर विकास प्राधिकरण की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में रामपुर विकास प्राधिकरण की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार किया गया जीआईएस आधारित मास्टर प्लान अब शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। इस मास्टर प्लान में रामपुर सदर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्वार रोड, बरेली रोड एवं बिलासपुर रोड पर स्थित 39 नवसंलग्न गांवों को विकास क्षेत्र में शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मास्टर प्लान आने वाले वर्षों के सुनियोजित शहरी एवं ग्रामीण विस्तार की दिशा में एक



मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि वे विकास की औद्योगिक सम्भावनाओं की जानकारी रामपुर विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं, ताकि नियोजित औद्योगिक क्षेत्र का निर्धारण किया जा सके है। उन्होंने सिंचाई एवं विद्युत विभागों को निर्देशित किया कि अपने विभागीय स्थलों का चिन्हाकंन करते हुए रामपुर विकास प्राधिकरण को रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, ताकि इन विभागीय आवश्यकताओं को मास्टर प्लान में सामूहिक रूप से समाहित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह मास्टर प्लान जनपद के संतुलित, पर्यावरण और दीर्घकालिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। बैठक में रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जीआईएस सर्वेक्षण, सैटेलाइट इमेजरी का कार्य पूर्ण हो चुका है। मास्टर प्लान में आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, हरित क्षेत्र, परिवहन, नेटवर्क, सार्वजनिक सुविधाएं एवं पर्यावरण संरक्षण के सभी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। बैठक में स्थानीय बिल्डर्स व रियल एस्टेट डेवलपर्स से सुझाव आमंत्रित किए गए, जिससे नियोजित विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि./रा. श्री संदीप वर्मा सहित बिल्डर्स/डेवलपर्स (स्टेकहोल्डर) उपस्थित रहे।

# तीन दिन से गायब बालक का तालाब में मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धमोरा/रामपुर।** थाना शहजाद नगर क्षेत्र की चौकी क्षेत्र चमरौआ के ग्राम चमरौआ में घर के सामने खेल रहे तीन वर्षीय वीरेंद्र का पुत्र बीर गायब हो गया था। गायब हो जाने की सूचना परिजनों व मोहल्ले में आग की तरह फैल गई थी परिजनों व मोहल्ले वालों ने बच्चे को ढूंढने के अति प्रयास करे लेकिन कहीं न मिलने पर परिजनों ने घटना की जानकारी थाना शहजादनगर पुलिस को दी। थाना पुलिस ने भी बालक को ढूंढने के आती प्रयास करें लेकिन कहीं पता न लगा । मंगलवार की सुबह घर के सामने तालाब में पड़ोसियों ने देखा कि किसी बच्चे का शव उतरा रहा है तो वीरेंद्र के घर सूचना दी। परिजनों ने बच्चे का शव को तालाब में उतराता



देख स्थानीय पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने तालाब में उतरा रहे शव को मौके पर लगी भीड़ की मदद से तालाब से निकलवाया तथा जिला अस्पताल के मोर्चरी में पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। जहां से उसे पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

# मौलाना साजिद रशीदी एवं जमाल सिद्दीकी के खिलाफ सपाईयों ने एसपी को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रेनू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी महिला मोर्चा के आवाहन पर अनीता यादव पूर्व राष्ट्रीय सचिव महिला मोर्चा ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर ऑल इंडिया इमाम संगठन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी एवं भाजपा अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के विरुद्ध एफ ए आर दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया।

पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि सांसद डिंपल यादव के पार्लियामेंट वाली मस्जिद में जाने पर तथा उनके पहनावे पर ऑल इंडिया इमाम संगठन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी एवं भाजपा अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग




किया गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसे देश की सभी महिलाएं आहत हुई है।

मौलाना साजिद रशीदी एवं जमाल सिद्दीकी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। समाजवादी पार्टी के डेलिगेशन में सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, अरशद अली पाशा, एडवोकेट हाफिज नूरी, नासिर शेख, जमील सैफी, याकूब खान, अतर खान, आसिफ डॉक्टर, मकतब अहमद आदि लोगों उपस्थित रहे।

# कांवड़ियों पर अभद्र टिप्पणी करने पर किसान नेता ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ वीरेश शर्मा ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मिलक हो को अवगत कराते हुए कहा है कि वह हरिद्वार से गंगा जल लेकर आ रहे हैं उन्होंने भोले की वीडियो फेसबुक आईडी पर अपलोड की तो मिलक निवासी सरताज अली ने उस वीडियो पर कॉमेंट किया सालों कहा आ गए जो की कांवरियों के लिए बहुत ही गलत लगा है।




सभी की आस्था पर सीधा बार सरताज के द्वारा किया गया है। सरताज अली पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# नाग पंचमी पर्व पर नाग देवता पर चढ़ाया दूध, मांगी मन्नतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर के आस पास के क्षेत्रो में मंगलवार को श्रावण मास शुक्ल पक्ष की पंचमी को प्रात:काल से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवालयों व नाग देवता के थान पर पहुंचकर नाग देवता दूध अर्पित कर पूजा अर्चना कर मांगी मन्नतें। माना जाता हैं कि नाग पंचमी पर नाग देवता पर दूध अर्पित कर कुंडली में लगा काल सर्प दोष दूर होता है सर्पदंश से भी भय नहीं रहता तथा घर में धन धान्य की वृद्धि और सुख शांति बनी रहती है कहा जाता है।

राजा जन्मेजय जो पांडवों के अर्जुन के पौत्र और राजा परीक्षित के पुत्र थे। उन्होंने अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने के लिए नागो के विनाश



के लिए एक सर्प यज्ञ किया था तभी ऋषि जरत्कारु के पुत्र आस्तिक मुनि ने यज्ञ को रोका और नागों की रक्षा की आस्तिक मुनि ने नागों को अग्नि से बचाया और उनके शरीर पर दूध डाला। जिससे नाग प्रसन्न हुए और उन्होंने आस्तिक मुनि को आशीर्वाद दिया और कहा कि जो भी मनुष्य उनकी पूजा करेगा उसे कभी भी नागो से भए मुक्त रहेगा तभी से नाग पंचमी नागो को दूध अर्पित कर पूजा अर्चना की जाती है।

# ड्रोन की अफवाह को लेकर पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र में भी रात को चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है ड्रोन उड़ाए जाने की अफवाह को लेकर पुलिस प्रशासन की नींद हराम कर दी है पुलिस ने कई गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। मसवासी नगर समेत आसपास के गांव में शाम ढलते ही चोरों के आतंक की सूचना जारी हो जाती हैं और अफवाहों का बाजार गर्म हो जाता है। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो



जाती है ड्रोन उड़ाए जाने की अफवाह भी रफ्तार पकड़ लेती हैं और तमाम ग्रामीणों की निगाहें आसमान की तरफ हो जाती है। पुलिस ने अफवाहों का बाजार रोकने के लिए चौकीदारों को भी गांव-गांव मुस्तैद कर रखा है और ग्रामीणों के साथ बैठक कर अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान किया है। चौकी के उपनि. रीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने खुशहालपुर बिजारखाता मानपुर उत्तरी समेत आसपास के गांव में ड्रोन उड़ाए जाने की सूचना को अफवाह बताया है और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की है।

बैठक में परविंदर कुमार मौर्य, हरिओम वर्मा, देवदास मौर्य, विजय आशुतोष मौर्या नरेश मौर्य महेश मौर्या पवन कुमार आदि शामिल रहे।

# व्यापार मंडल ने जालपुर माइनर के सौंदर्यीकरण को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजित सिंह का घेराव कर नगर बीच से गुजरने वाली जालपुर माइनर पर सुरक्षा की दृष्टि से बेरिकेडिंग किये जाने एवं नगर की सीमा में नहर का सौंदर्यीकरण कराये जाने की मांग की। मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय के पास नहर पर रखे स्लैबों को हटाने के लिए अधिशासी अभियंता अजित सिंह विभागीय टीम के साथ पहुंचे तो व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने उनका घेराव कर लिया। व्यापारी



नेताओं का कहना था कि नगर के बीचोंबीच से होकर गुजरने वाली जालपुर माइनर और उसके बराबर वाले मार्ग की सतह बराबर है।जिससे हादसे का अंदेशा बना रहता है।

उन्होंने नहर की बेरिकेडिंग कराने के साथ ही नगर की सीमा में नहर का सौंदर्यीकरण कराये जाने की मांग की है।उन्होंने इस सिलसिले में अधिशासी अभियंता को एक ज्ञापन भी सौंपा। अधिशासी अभियंता ने व्यापार मंडल की उक्त मांग को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही।

इस अवसर पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शकील अहमद, युवा नगर अध्यक्ष सलीम कसगर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशर्रफ अली,युवा नगर महामंत्री आशीष कुमार वर्मा, जिला महामंत्री अब्दुल समद, हाजी रशीद, हाजी बहाब आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# जालपुर माइनर पर रखे स्लैब तोड़े, रामपुर मार्ग पर विभागीय आराजी से बुधवार को हटेगा अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** नगर पालिका कार्यालय के पास जालपुर माइनर पर रख स्लैबों को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजीत सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में मंगलवार को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया।इसके अलावा रामपुर मार्ग पर बिजली घर के सामने सनराइज इंटर कॉलेज के रास्ते पर पंजाब राइस मिल के बराबर स्थित विभाग की आराजी पर किए गए अतिक्रमण को सम्बंधित अतिक्रमणकार्यों को स्वयं हटाने के लिए आज शाम तक की मो. हलत दी गई है।नहीं हटाने पर बुधवार को विभाग द्वारा अपने तरीके से





अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी। नगर पालिका के पास जालपुर माइनर पर रखे गए खोखों को लगभग 25 दिन पूर्व नगर पालिका एवं सिंचाई विभाग की चेतावनी के बाद खोखे स्वामियों द्वारा स्वयं हटा लिए गए थे, लेकिन नहर पर पड़े स्लैब ज्यों की त्यों स्थिति में थे जो कि अतिक्रमण का सबब बने हुए थे।

मंगलवार को अधिशासी अधिकारी अजीत सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा जेसीबी की मदद से नहर पर रखे स्लैबों को ध्वस्त कर दिया गया। अधिशासी अधिकारी ने नहर पर किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी है। अन्यथा कार्रवाई की बात कही है।

विभागीय टीम बाद में रामपुर मार्ग स्थित सनराइज इंटर कॉलेज को जाने वाले रास्ते पर पहुंची जहां कई लोगों ने सिंचाई विभाग की आरजी गाटा संख्या 17 रकबा 34 डेसिमल व गाटा संख्या 37 रकबा 25 डेसिमल पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया है। इस सिलसिले में अतिक्रमणकारियों को विभाग द्वारा पिछले नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे अन्यथा विभाग द्वारा नियम अनुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।दो दिन पूर्व विभाग द्वारा मुनादी भी कराई गई थी।लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जिस पर विभागीय अधिकारियों ने नाराजगी जताई।अधिशासी अभियंता ने नवागत उप जिलाधिकारी से भी इस सिल. सिले में संपर्क स्थापित किया। एसडीएम ने शाम तक स्वयं अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी,अन्यथा बुधवार को कार्रवाई की चेतावनी दी। इस अवसर पर उप राजस्व अधिकारी दिनेश जौहरी,अवर अभियंता नितिन कुमार,सींचपाल राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# उर्स के आखिरी दिन निकला संदल शरीफ का जुलूस, अकीकत मंदों का उमड़ा सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** ख्वाजा सूफी लियाकत हुसैन शाह के उर्स के आखिरी दिन संदल शरीफ के जुलूस मे हजारों अकीकत मंदो का सैलाब उमड़ पड़ा।

तहसील क्षेत्र के ग्राम भैसोड़ी शरीफ मुर्शिद नगर मे चल रहे हजरत ख्वाजा सूफी लियाकत हुसैन शाह के 18वे तीन रोजा उर्स के आखिरी दिन संदल शरीफ का जुलूस सज्जादानशीन हजरत सूफी ख्वाजा जावेद हसन शाह के आस्ताने से सुबह दस वजे शुरू हुआ। संदल शरीफ के जुलूस गांव के विभिन्न गलियों में होता हुआ दरगाह शरीफ पर पहुंचा जिसमें भारी संख्या में अकीकत मंदो ने शिरकत



की संदल शरीफ के बाद गुस्ल हुआ और महफिल-ए-रंग-ओ -शमा हुआ जिसमें कव्वाली ने नातिया कलाम पेश किया।

# पालिका के आउटसोर्सिंग कर्मी की पीटकर हत्या में चार पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर पालिका परिषद के आउटसोर्सिंग कर्मचारी की पीट पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर चार हत्यारोपियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर

**घटना**

**सोमवार की देर रात को पड़ोसियों ने दिया था घटना को**

लिया है। आरोपियों में दो सगे भाई शामिल हैं। बता दें कि नगर के मौ0 मायापुरी निवासी कोसिन्द्र सिंह नगर पालिका में आउटसोर्सिंग कर्मचारी था और



इस समय उसकी ड्यूटी कान्हा गौशाला में चल रही थी। सोमवार की देर रात कोसिन्द्र के घर के सामने पड़ोसी गौरव व राहुल पुत्रगण सरदारे, चन्द्रपाल व रामकिशोर गाली गलौच कर रहे थे। कोसिन्द्र ने विरोध किया तो इन चारों ने उसके साथ मारपीट की।



इसके बाद आरापियों ने कोसिन्द्र के साथ छत पर सरियों आदि और लात घूंसो से मारपीट की और छत से नीचे फेंक दिया। जिससे कोसिन्द्र की मौत हो गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई और आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो वहीं सीओ अंजलि कटारिया ने भी मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

# बैंक प्रबंधक से मिलकर भ्रष्टाचार करने वाला दलाल पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर।** किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर शाखा प्रबंधक से मिलकर दलाली करने वाले एक दलाल को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। दूसरा

**आक्रोश**

**किसान ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी, पुलिस जांच में जुटी**

मौके से फरार हो गया। शाखा प्रबंधक पर दलालों से हमसाज होने का आरोप लगाया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रझेड़ा निवासी सतीश कुमार के फोन पर मंगलवार को एक कॉल आई। बताया गया कि पीएनबी बैंक में पहुंचकर अपनी पत्रावली को ठीक करवा लो। किसान बैंक में पहुंच गया। उनका कहना है कि फोन करने वाले शाखा प्रबंधक के ऑफिस में बैठे हुए थे। शाखा प्रबंधक ने बताया कि वह बैंक के कार्य करवाते है तथा दलाल हैं। उसके बाद दोनों दलाल किसान को लेकर बाहर खड़ी अपनी गाड़ी में आ गये। किसान ने बताया कि गाड़ी में काफी फाइल थी तथा बीयर की बोतल रखी हुई थी। किसान का कहना है कि जब शाखा प्रबंधक से उसने पूछा कि उसकी गोपनीय फाइल दलालों को क्यों बताई गई है। तो वह टालमटोल करने लगे। उन्होंने बताया कि शाखा प्रबंधक बैंक ग्राहकों की गोपनीय सूचना दलालों को देकर उनके द्वारा अवैध वसूली व ठगी कर रहे हैं।



किसान ने जब पुलिस को बुलाने की बात कही तो शाखा प्रबंधक ने कहा कि मामले को निपटा लो। किसान ने फोन करके पुलिस को बुला लिया तथा एक दलाल को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसका दूसरा साथी फरार हो गया। किसानों का कहना है की शाखा प्रबंधक दलालों से हमसाज होकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। इस दौरान मौके पर काफी हंगामा हो गया। किसान ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

# धूमधाम से मनाई दक्ष प्रजापति महाराज की

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** प्रजापति समाज द्वारा भगवान दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विचार गोष्ठी के साथ-साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक श्योनाथ सिंह प्रजापति, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति, जोगेन्द्र सिंह, रजनीश सिंह ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। मंडी समिति रोड से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के एक वैंकट हॉल पर पहुंची और

**उत्सव**

**विचार गोष्ठी के साथ साथ नगर में निकाली शोभा यात्रा**

विचार गोष्ठी के रूप में बदल गई। यात्रा में महाराज दक्ष की झांकी के साथ साथ राधा कृष्ण के नृत्य की धूम रही। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के नि0 अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला ने भगवान दक्ष प्रजापति के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक तोताराम, विपिन सागर, रोहताश प्रजापति, दारा सिंह प्रजापति,



महेन्द्र प्रजापति, डॉ.हरज्ञान प्रजापति, विजय प्रजापति, उमेश प्रजापति, सपना प्रजापति, भाग्यवती, सोनू प्रजापति आदि मौजूद रहे। चेयरमैन राजेन्द्री उर्फ उमा के प्रतिनिधि के रूप में विपिन सागर ने भगवान दक्ष के नाम पर द्वार व पार्क की घोषणा की।

# बच्चों व महिला को परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत हसनपुर पुलिस ने एक सराहनीय कार्य करते हुए एक मानसिक रूप से कमजोर महिला और उसके दो बच्चों को महज चार घंटे के भीतर उनके परिजनों से मिला दिया।

मंगलवार सुबह हसनपुर पुलिस को सूचना मिली कि लगभग 30 वर्षीय एक महिला जिसके साथ एक 4 साल की बच्ची और एक 3 साल का बच्चा है। लावारिस घूम रही है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में उप-निरीक्षक प्रविंद्र कुमार, कांस्टेबल सोनू कुमार और महिला कांस्टेबल प्रियंका की टीम ने तत्काल कार्रवाई की।

पुलिस टीम ने त्वरित छानबीन करते हुए मात्र चार घंटे के अंदर महिला के परिजनों का पता लगा लिया। महिला और बच्चों को सकुशल उनके पति जो ग्राम फूलपुर बीझलपुर, थाना हसनपुर जिला अमरोहा के निवासी हैं। उसके सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के इस मानवीय और तीव्र कार्य की आम जनता द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

## एक नजर

### निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता, हसनपुर।** निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 रोगियों की जांच की गई। जिनमें से 20 रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। मंगलवार को नगर के मौ0कंकर वाला कुएं पर वेंकटेश्वर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वाधान में फाउंडेशन फॉर माइनारटीज डेवलपमेंट सोसाइटी व डॉ.श्रॉफ धर्मार्थ दरियागंज दिल्ली के चिकित्सकों द्वारा डॉ0अफसर अली के क्लीनिक पर मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निशुल्क कैम्प लगाया गया। जिसमें 150 रोगियों का परीक्षण किया गया। 250 रोगियों को फ्री दवाई दी गई। आयोजक डॉ0अफसर अली व अफसर अली खां ने बताया कि गरीबों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया जा रहा है। निशुल्क दवाएं दी जा रहीं हैं। इससे पहले कांग्रेस (अ0)प्रकोष्ठ के चेयरमैन अदनान अशरफ ने कैंप का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर छुनन्न भारती, अफसर अली खान, डॉ0अफसर अली, इस्लाम सैफी आदि मौजूद रहे।

### इंस्टाग्राम पर तमंचे के साथ युवक का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता, अमरोहा।** युवक ने तमंचे के साथ रील बनाकर इंस्ट्राग्राम पर शेयर कर दी। बाद में वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हरकत में आई पुलिस ने आरोपी युवक की पहचान कर ली है, जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। इंस्ट्राग्राम पर लाइक और शेयरिंग की चाहत में युवा वर्ग हदों से गुजर रहा है। टशनबाजी का वीडियो बनाने के चक्कर में वह अवैध हथियारों का इस्तेमाल करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। जिले में आए दिन वायरल हो रहे इस तरह के वीडियो पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। मंगलवार को फिर इसी तरह की 16 सेकेंड की एक रील सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस में हड़कंप मच गया। वीडियो में दिख रहा युवक बुलेट के पास खड़े होकर देसी तमंचा अपनी अंटी में लगाता हुआ दिख रहा है। एक बार लगाने के बाद वह अपनी शर्ट उठाता है और फिर तमंचा बाहर निकालने के बाद उसे हाथ में घुमाकर दोबारा अंटी में लगाकर शर्ट उचका लेता है। पुलिस ने छानबीन की तो युवक क्षेत्र के गांव मूंढा खेड़ा का निवासी निकला। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

### मजदूर के साथ मारपीट, चार पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता ,अमरोहा।** अमरोहा नगर के एक मोहल्ले में मजदूर का परिवार रहता है। उसकी पत्नी का आरोप है कि 21 जुलाई को उनके घर के दरवाजे पर मोहल्ले के रहने वाले राजकुमार, राजेंद्र, टिंकू, सुरजीत गालियां दे रहे थे। जैसे ही मजदूर की पत्नी ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। मोहल्ले से भगाने की धमकी दी। इस दौरान मजदूर की बेटी के साथ छेड़खानी करने लगे। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता, जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के मीरपुर गांव की रहने वाली नूरजहां का आरोप है कि उसकी शादी 9 फरवरी 2023 को उमर के साथ हुई थी। लेकिन, शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते हैं। आरोप है कि 28 जुलाई की शाम 7:30 बजे ससुराल वालों ने मारपीट की ओर बेटी पैदा होने का ताना दिया। नूरजहां मामले की शिकायत डायल 112 पुलिस से की। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में अनुसार मिनजार, उमर, सुहालेहीन, नसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# हादसे में घायल कांवड़िए की

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** हाइवे पर दो सप्ताह पूर्व हुई फॉर्च्यूनर-अर्टिगा कार की टक्कर में घायल हुए संभल के कांवड़िये की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में तब एक युवक की मौत हुई थी जबकि गाजियाबाद के कारोबारी समेत दोनों कारों में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक कांवड़िये की पत्नी ने चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

**मृतक की पत्नी ने दी चालक के विरूद्ध**

यह हादसा डिडौली क्षेत्र में श्योनली में रात करीब साढ़े नौ बजे हुआ था। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर डायवर्जन के चलते एक लेन कांवड़ियों तो दूसरी



लेन छोटे वाहनों के लिये रिजर्व थी। उसी दौरान दिल्ली की तरफ से रही अर्टिगा और मुरादाबाद की तरफ से जा रही फॉर्च्यूनर की जबरदस्त भिड़ंत हो गई थी। हादसे में फॉर्च्यूनर में सवार गाजियाबाद की गांधी नगर कॉलोनी निवासी कारोबारी दुर्गेश, उनका चालक सुशील (मधुबनी बिहार) तथा तरुण के अलावा अर्टिगा सवार रमन निवासी कस्बा डिडौली के अलावा विकास व आकाश निवासी गांव अटोरगढ़ी थाना हजरतनगर गढ़ी जिला संभल गंभीर घायल हो गए थे। घायल फॉर्च्यूनर मालिक को परिजन बेहतर उपचार के लिए दिल्ली ले गए थे जबकि अर्टिगा में सवार रमन(29) की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इसी हादसे में संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी निवासी 32 वर्षीय छोटे सिंह भी गंभीर घायल हुए थे, उस रात वह अपने चचेरे भाई विशाल, करन सिंह व महेश के साथ गांव के जत्थे में शामिल होकर कांवड़ लेने के लिए बृजघाट जा रहे थे। फॉर्च्यूनर छोटे सिंह को रौंदते हुए अर्टिगा से जा भिड़ी थी। घायल छोटे सिंह को परिजनों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, अगले दिन बेहतर उपचार के लिए दिल्ली ले जाते समय छोटे सिंह की मौत हो गई थी। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि हादसे में पूर्व में मुकदमा दर्ज है। अब मृतक छोटे सिंह की पत्नी मीरा की ओर से

# सपा कार्यकर्ताओं ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** सपाईयों ने सांसद डिंपल यादव के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वाले के आरोपी मौलाना रशीदी पर कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस

**मांग**

**गलत टिप्पणी करने वाले मौलाना रशीदी पर कार्रवाई की मांग**

अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष नूर सबा एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव महिला सशक्तिकरण, गरिमा और सम्मान की आवाज उठा रही हैं। मौलाना साजिद



रशीदी द्वारा हाल ही में एक सार्वजनिक मंच पर उनके खिलाफ अशोभनीय व आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। यह टिप्पणी न केवल एक सम्मानित महिला सांसद का अपमान है बल्कि समस्त महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है। यह बात महिलाओं के प्रति दुर्भावना और अपमान फैलाने की नीयत से की गई है, जो कि भारतीय संविधान महिला सम्मान और विधि व्यवस्था का खुला उल्लंघन है। उन्होंने आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में महमूद अली उर्फ भूरे, नवनीत गोला, वाजिद एडवोकेट, नेहा शर्मा, मोहम्मद सलमान, साहिल, शबाना, फरजाना, फरजाना, अर्चना, सीमा, रामवती आदि मौजूद रहे।

# टायर दुकानदार व पत्नी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, धनौरा।** कस्बे में टायर की दुकान चला रहे एक व्यक्ति और उसकी पत्नी के साथ चार युवकों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीड़ित देशराज सिंह पुत्र राजबीर सिंह निवासी मोहल्ला महादेव चुंगी, बाईपास रोड कस्बा थाना धनौरा ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते शुक्रवार की शाम करीब वो अपनी दुकान पर बैठा था। उसी दौरान पास की बाइक डेकोरेशन की दुकान पर चार युवक एक लड़के को पीट रहे थे। देशराज ने बताया कि उसने और उसकी पत्नी ने जब

**चार युवकों पर आरोप, पुलिस जांच में जुटी**

उस लड़के को बचाने की कोशिश की, तो चारों युवकों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी और गंदी-गंदी गालियां दीं। हमले में उसकी पत्नी को गंभीर चोट आई, जिसका मेडिकल परीक्षण 26 जुलाई को पुलिस द्वारा कराया गया। पीड़ित के अनुसार, हमलावरों में से दो को वह पहचानता है सुधांशु शर्मा पुत्र सुनील शर्मा निवासी हीरा नगर तथा सुभम गिल पुत्र मामलून निवासी चुचेड़ा खुर्द, थाना धनौरा। चारों युवक जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी देकर भाग गए। देशराज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है और आरोपियों के

# जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो, अमरोहा।** जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा प्रायोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**सम्मान**

**कन्या गुरुकुल की छात्रा संस्कृति ने पाया प्रथम स्थान**

हुआ, जिसमें कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं के मध्य संस्कृत गीत एवं संस्कृत सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता आयोजित की गई। मंगलवार को संस्कृत प्रतिभा खोज के तहत उत्तर प्रदेश संस्कृत



संस्थान, लखनऊ द्वारा कक्षा 6 से स्नातकोत्तर 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में श्रीमददयानंद आर्य कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, चोटीपुरा की छात्रा संस्कृति, हर्षिका भाटी और साईं वेदश्री ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये। गुरुकुल चोटीपुरा की छात्रा सलोनी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अमरोहा की मोनिका तथा सनातन धर्म माध्यमिक संस्कृत विद्यालय गजरौला अमरोहा के संचित शर्मा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में श्रीमददयानंद आर्ष कन्या गुरुकुल महाविद्यालय, चोटीपुरा की छात्रा खुशी, खुशबू और संस्कृति ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किये तथा के.पी. इंटर कॉलेज, सादपुर, अमरोहा की सरिता और आंचल व गुरुकुल चोटीपुरा की बी.सुमेधा को सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के मुख्य अनुशासक डॉ.नवनीत बिश्नोई, डॉ. रश्मि गुप्ता, डॉ.आभा सिंह, डॉ. पीयूष कुमार शर्मा, डॉ.सविता राणा, राजकिशोर शुक्ला, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों से सजी

**शाह टाइम्स संवाददाता, मण्डी धनौरा।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत वाईएमएस पीजी कॉलेज में

**विचार**

**वाईएमएस डिग्री कॉलिज में आयोजित कार्यक्रम**

मंगलवार को एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.अरविन्द कुमार सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी के



चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। संगोष्ठी में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने स्व.वाजपेयी के जीवन दर्शन, विचारधारा और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को लेकर अपने विचार साझा किए। छात्रों ने जहां वाजपेयी की कविताओं से प्रेरणा ली, वहीं प्रवक्ताओं ने उनके राजनैतिक जीवन के गौरवशाली पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ.मनु सिंह, डॉ.शीबा फरीदी, डॉ.नाहिद परवीन, डॉ.त्रेता सिरोही, डॉ.सीमा शर्मा, शमा अख्तर, सुरेन्द्र सिंह, नीरज गहलोत और मोबीन अहमद सहित समस्त स्टाफ ने सहभागिता की। सभी ने एक स्वर में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल राजनेता नहीं, बल्कि युगदृष्टा थे, जिनकी दूरदर्शिता आज भी देश की दिशा तय करती है। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को अटल बिहारी के आदर्शों से जोड़ना और उनके बहुआयामी व्यक्तित्व से प्रेरणा लेना था। संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति और प्रेरणादायी विचारों से ओतप्रोत रहा। नेता आते-जाते हैं, पर अटल जैसे व्यक्तित्व युगों में जन्म लेते हैं यह भाव आयोजन में हर ओर

# नगर की सड़कों पर चमक बिखेरेंगी स्मार्ट डेकोरेटिव लाइटें

## नगर के सौंदर्यीकरण की दिशा में पालिका का एक और प्रयास, डीएम ने किया अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता, अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व चेयरमैन श्रीमति शशि जैन द्वारा नगर में गुरू गोविंद सिंह चौक से लकड़ा चौराहे तक लगाये गये स्मार्ट डैकोरेटिव लाइट पोल का अनावरण किया गया।

अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की महानगरो एवं. स्मार्ट सिटी कि तर्ज पर नगर को और अधिक सुन्दर बनाये जाने के कार्यो मे नगर के गुरु गोविन्द सिंह जी चौक से बिजनौर मुख्य मार्ग पर लकड़ा चौराहा तक मार्ग के दोनों ओर स्मार्ट डेकोरेटिव लाइट पोल लगाए गए हैँ। प्रथम चरण मे ये लाइट पोल नगर के गुरु गोविन्द सिंह



चौक से लकड़ा चौराहा तक लगाए गए हैँ। इसके बाद इन लाइटो का विस्तार करते हुए नगर के समस्त प्रमुख मार्गो पर लगाया जायेगा। नगर को इन सुन्दर लाइटो से सुसज्जित किया जायेगा। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने पालिका द्वारा लगायी गयी लाइटो का निरीक्षण किया गया एवं इनकी प्रशंसा करते हुए इनका विस्तार करने के निर्देश दिए गए, जिससे अमरोहा को और अधिक सुन्दर बनाये जाने के पालिका का अध्यक्ष के प्रयासों को गति मिल सके, इस हेतु उनके स्तर से हर संभव सहायता की जाएगी। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री पूरन सिंह सैनी, अमित सैनी, मरगूब सिद्दीकी, इकबाल खान, सुबोध रस्तोगी, कमर नकवी, सभासद श्रीमती संगीता चौहान, अंकित गुप्ता, मोहम्मद सलमान, आमिर आफताब, शमीम उद्दीन, फहीम शाहनवाज, अजय चौहान समेत लोग मौजूद रहे। अंत मे नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार द्वारा सभी अगतुको का धन्यवाद प्रस्तुत किया गया

# स्मृति मंधाना ने पहला स्थान गंवाया



**दुबई, वार्ता।** भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में कुल 160 रन बनाने वालीं इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट एक बार फिर महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। इसके चलते भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना को एक पायदान का नुकसान हुआ है और अब रैंकिंग में वह दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। हालांकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और मध्य क्रम की बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स को फायदा हुआ है। हरमनप्रीत 10 पायदान के लाभ के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रॉड्रिग्स दो पायदान की छलांग के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गई हैं। हरमनप्रीत ने वनडे सीरीज के दौरान तीन पारियों में अंतिम मैच में लगाए

**● वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची सिवर-ब्रंट**

शतक के साथ कुल 126 रन बनाए थे जबकि रॉड्रिग्स ने तीन पारियों में एक अर्द्धशतक के साथ 101 रन बनाए थे। मंधाना सीरीज में भारत की ओर से दूसरी सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं जिन्होंने तीन पारियों में 38-33 की औसत से 115 रन बनाए। हालांकि शतक के साथ इंग्लैंड दौरे की शुरुआत करने वालीं मंधाना इस सीरीज में एक भी अर्द्धशतक नहीं लगा पाईं और वनडे सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 45 रन रहा। सिवर-ब्रंट ने भारत के खिलाफ अंतिम वनडे में 98 रनों की पारी खेली थी लेकिन उनकी टीम को हार मिली थी। सिवर-ब्रंट ने पहली बार जुलाई 2023 में वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था और इसके बाद वह लगातार शीर्ष पांच में बनी हुई थीं। 2025 में यह पहली बार है जब सिवर-ब्रंट ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

● तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी ●

# ओवल स्टेडियम में दो टेस्ट जीता है भारत

**● ओवल में आखिरी मैच जीते, तो सीरीज बराबर कप्तान शुभमन गिल तीन बड़े रिकॉर्ड्स के करीबी**



**ओवल, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पांचवां और आखिरी टेस्ट 31 जुलाई से खेला जाएगा। मुकाबला लंदन के द ओवल स्टेडियम में होगा, जिसके लिए दोनों ही टीमें लंदन पहुंच चुकी हैं। भारत ने यहां 15 टेस्ट खेले और महज 2 जीते। हालांकि, पिछली जीत 2021 में ही मिली थी।

भारत ने द ओवल टेस्ट जीत लिया तो टीम सीरीज को 2-2 से बराबर कर लेगी। वहीं मुकाबला ड्रा हुआ या इंग्लैंड जीती, तो सीरीज भी होम टीम के नाम हो जाएगी। पांचवें टेस्ट में भारतीय कप्तान शुभमन गिल के पास 3 बड़े रिकाड्र्स बनाने का मौका भी है। लंदन के द ओवल स्टेडियम में भारत ने 1936 में पहला टेस्ट खेला था, तब टीम को 9 विकेट से हार मिली थी। टीम को इस मैदान पर पहला टेस्ट जीतने में 35 साल लग गए। भारत ने 1971 में अजीत वाडेकर की कप्तानी में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया था। 1971 के बाद भारत ने द ओवल में 5 टेस्ट ड्रा कराए, जबकि 3 गंवाए। टीम को फिर इस मैदान पर 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में दूसरी जीत मिली। उन्होंने 157 रन से टीम को जीत दिलाई थी। इस मैदान पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 14 टेस्ट खेले, 2 जीते और 5 गंवाए। इस दौरान 7 मुकाबले ड्रा भी रहे। द ओवल में आखिरी टेस्ट 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल था, जिसमें भारत को 209 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

रोहित शर्मा टीम इंडिया के कप्तान थे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की टीम अनाउंस होने से पहले ही इस फार्मेट को अलविदा कह दिया। ऑस्ट्रेलिया ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023 के फाइनल में भारत के द ओवल के मैदान पर ही हराकर ट्रॉफी जीती थी। इंग्लैंड ने द ओवल स्टेडियम में 106 टेस्ट खेले। 45 में टीम को जीत और महज 24 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान 37 मुकाबले ड्रा भी रहे। हालांकि, इंग्लैंड यहां 52 रन पर आलआउट भी हो चुकी है।

टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1948 में इस स्कोर पर आउट हुई थी। भारत के खिलाफ टीम 1971 में इस मैदान पर 101 पर सिमट चुकी है। ओवल स्टेडियम में भारत ने 3 बार 500 से ज्यादा रन के स्कोर बनाए, तीनों बार मुकाबले ड्रा रहे। यहां भारत का हाईएस्ट स्कोर 664 रन है, जो टीम ने 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ ही बनाया था।

# आईटीएफ विश्व मास्टर्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे यूपी के आलोक

**● इस चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग लें रही है आलोक भटनागर 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** पुर्तगाल के लिस्बन में तीन अगस्त से शुरु होने वाली आईटीएफ वर्ल्ड मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के आलोक भटनागर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उत्तर प्रदेश के पूर्व नंबर एक और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी आलोक भटनागर वर्तमान में एमवीवीएनएल- यूपीपीसीएल में कार्यरत हैं। भटनागर को अखिल भारतीय टेनिस संघ (आईटा) द्वारा तीन अगस्त से 16 अगस्त के बीच लिस्बन, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली विश्व मास्टर्स टेनिस चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया गया है। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 22 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। आलोक टीम चैंपियनशिप के साथ ही व्यक्तिगत सिगल्स, डबल्स एवं मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में 55+ आयु वर्ग में भाग लेंगे।

आलोक भटनागर अब तक कई आईटीएफ खिताब जीत चुके हैं और वर्तमान में भारत में 55+ आयु वर्ग में डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में नंबर 1 रैंक पर हैं। उनकी सिगल्स की विश्व रैंकिंग 106 और डबल्स में विश्व रैंकिंग 31 है। टीम के अन्य सदस्यों में पवन कपूर (कप्तान), राज दत्त और लक्ष्मीकांत तंवर शामिल हैं। आलोक को पिछले वर्ष मेक्सिको में आयोजित विश्व चैंपियनशिप में भी भारत की कप्तानी के लिए चयनित किया गया था, मगर व्यक्तिगत कारणों के चलते वे भाग नहीं ले सके थे।

# सात्विक-चिराग फिर शीर्ष-10 में शामिल

**● भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम रैंकिंग में जोरदार वापसी की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 10 में जोरदार वापसी की है, जिससे इस सीजन की शुरुआत में थोड़ी गिरावट के बाद शीर्ष 10 में उनकी जगह पक्की हो गई है।

एशियाई सर्किट में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, जहां कोरियाई और मलेशियाई जोड़ियां लगातार अपना दबदबा बनाए हुए हैं, ऊपरी वर्ग में उनकी वापसी हुई है। कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे ने 85,000 अंकों और 79 करियर जीत के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ अपनी बढ़त बनाए रखते हुए नंबर 1 पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

इस जोड़ी की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं आया है और वे अब भी सबसे बड़ी जोड़ी बनी हुई हैं। मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक 68,750 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, और उन्होंने



हमवतन मान वेई चोंग और टी काई वुन को पीछे छोड़ दिया है, जो अब 65,630 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

थाईलैंड के किट्टिनुपोंग केड्रेन और डेचापोल पुआवारानुक्रोह 57,040 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ताइवान के ली फैंग-चिह और ली फैंग-जेन 55,000 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। नए जोश और शीर्ष-स्तरीय टूर्नामेंटों के साथ, सात्विक और चिराग अपनी रैंकिंग में उछाल को बरकरार रखते हुए और आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे।

# दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होगी

**बेंगलुरु, वार्ता।** प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी इस सीजन में अपने अंतर-क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी करेगी और 28 अगस्त से 15 सितंबर तक बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी, बीसीसीआई ने आज घोषणा की।

सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें छह जोन - दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व, उत्तर और उत्तर-पूर्व - शामिल होंगे। दक्षिण और पश्चिम जोन को सीधे सेमीफाइनल में जगह दी गई है। 28 से 31 अगस्त तक होने वाले क्वार्टर फाइनल में उत्तर जोन का मुकाबला पूर्व जोन से और मध्य जोन का मुकाबला उत्तर-पूर्व जोन से होगा। विजेता टीमें 4 से 7 सितंबर तक

**● सभी मैच सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर नॉकआउट प्रारूप में होंगे**

होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 11 सितंबर से फाइनल होगा। दलीप ट्रॉफी, जो 2015-16 सीज़न तक क्षेत्रीय टीमों के बीच खेली जाती थी, को 2016-17 और 2019-20 के बीच बेतरतीब ढंग से चुनी गई टीमों- भारत ए, बी, सी और डी - से बदल दिया गया। 2022-23 में यह टूर्नामेंट अपने क्षेत्रीय प्रारूप में वापस आ गया, लेकिन पिछले साल फिर से एबीसीडी संरचना का उपयोग किया गया। बीसीसीआई की पिछली एजीएम में लिए गए निर्णय के बाद, अब क्षेत्रीय प्रणाली बहाल कर दी गई है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### राज्यसभा ने दिव्या देशमुख को दी बधाई

**नई दिल्ली, वार्ता।** राज्यसभा ने युवा शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख को प्रतिष्ठित फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई दी। उप सभापति हरिवंश ने मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू करने से पहले सदन को दिव्या देशमुख की जीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्या देशमुख की जीत देश भर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि वह अपनी और सदन की ओर से उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देता हूं।

### गुलाबी गेंद से एशेज टेस्ट से पहले इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगी

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार (29 जुलाई) को पुष्टि की कि इंग्लैंड, दिन-रात्रि एशेज टेस्ट की तैयारी के लिए दो दिवसीय गुलाबी गेंद मैच में प्रधानमंत्री एकादश से भिड़ेगा। यह पहली बार होगा जब इंग्लैंड प्रधानमंत्री एकादश के साथ कई दिनों का मैच खेलेगा, क्योंकि 2022-23 सीजन तक यह हमेशा एक दिवसीय मैच होता था। यह गुलाबी गेंद का मैच 29 और 30 नवंबर को कैनबरा के मनुका ओवल में पहले और दूसरे टेस्ट के बीच खेला जाएगा। इसके तीन दिन बाद, इंग्लैंड 4 दिसंबर से गाबा में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से दिन-रात्रि टेस्ट खेलेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि 'मैं प्रधानमंत्री एकादश टीम को अंतिम रूप देने के लिए चयनकर्ताओं के साथ बैठक करने को उत्सुक हूं, जिसमें मजबूत इंग्लिश टीम का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया भर से सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध प्रतिभाएं शामिल होंगी। यह दौरा करने वाली टीम का दूसरा अभ्यास मैच होगा, जबकि पहला अभ्यास मैच पर्थ में शुरुआती टेस्ट से पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ एक अंतर-टीम मुकाबला था।

# ऑस्ट्रेलिया का कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन

**● ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 3-0 और टी-20 में 5-0 से क्लीन स्वीप किया**




**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने आज भारतीय समयानुसार पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में वेस्टइंडीज पर 3 विकेट से रोमांचक जीत के साथ सभी प्रारूपों में 8-0 से क्लीन स्वीप करते हुए अपने कैरेबियाई दौरे का शानदार समापन किया।

इस परिणाम के साथ, मेहमान टीम ने टेस्ट सीरीज में मेजबान टीम को 3-0 से और टी20 सीरीज में 5-0 से करारी शिकस्त देकर 8-0 की व्यापक जीत सुनिश्चित की। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबरते हुए तीन ओवर शेष रहते 173/7 का स्कोर बनाया। मिशेल ओवेन (37), टिम डेविड और कैमरन ग्रीन जैसे मध्यक्रम के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत यह उपलब्धि हासिल की। पूरी टी20 सीरीज में अपने लगातार हरफनमौला प्रदर्शन के लिए, ग्रीन को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इससे पहले, शिमरोन हेटमायर की 30 गेंदों में 52 रनों की तेज पारी के बावजूद, विंडीज़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19-4 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई। वापसी कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने 41 रन देकर 3 विकेट लेकर प्रभावित किया, दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को जल्दी आउट किया और अहम मौकों पर साझेदारियां तोड़ीं। शेरफेन रदरफोर्ड ने 35 रनों की तेज पारी खेलकर शुरुआती गति प्रदान की, लेकिन ग्लेन की गेंद पर बोल्ड हो गए। हेटमायर के पलटवार, जिसमें 17वें ओवर में ड्वारशुइस पर किया गया हमला भी शामिल था, ने विंडीज की उम्मीदें कुछ समय के लिए जगाई, लेकिन फिफ्टी के तुरंत बाद उनके आउट होने से टीम का अंतिम तीन ओवरों में पतन हो गया और मेजबान टीम अंतिम तीन ओवरों में केवल 14 रन ही बना सकी।

# फिनलैंड में महेश तांबे का टी-20 में विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिनलैंड के महेश तांबे ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे कम बाल में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ताबें ने एस्टोनिया के खिलाफ मैच में 8 गेंदों में 5 बैटर्स को पवेलियन भेजा। इससे पहले यह रिकॉर्ड बहरीन के जुनैद अजीज के नाम था, जिन्होंने 2022 में जर्मनी के खिलाफ केवल 10 गेंदों में 5 विकेट लिए थे।

तांबे ने यह उपलब्धि रविवार को फिनलैंड और एस्टोनिया के बीच खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में हासिल की। इस मैच में फिनलैंड ने पहले गेंदबाजी करते हुए एस्टोनिया को 19.4 ओवर में 141 रनों पर समेट दिया। एक समय एस्टोनिया ने 2 विकेट पर 104 रन बना लिए थे



**● आठ बॉल में पांच विकेट लिए, 2022 में बहरीन के जुनैद ने 10 गेंद में किया था कारनामा**

और बड़ा स्कोर बनता दिख रहा था, लेकिन महेश तांबे ने शानदार गेंदबाजी से उनकी पारी को तहस-नहस कर दिया। तांबे ने स्टेफन गूच, साहिल चौहान, मुहम्मद उस्मान, रुपम बरुआ और प्रणय गीवाला के विकेट चटकाए। तांबे ने इन पांच बल्लेबाजों को मात्र 1.2 ओवर (8 गेंदों) में आउट किया। उन्होंने 2 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए। फिनलैंड ने 5 विकेट से जीता मैच फिनलैंड ने 142 रनों का लक्ष्य 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया और यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। फिनलैंड की ओर से अरविंद मोहन ने सर्वाधिक 67 रन बनाए। उन्होंने 60 गेंदों की नाबाद पारी में फराज मेहती अब्बास (19) और जार्डन (18) के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ फिनलैंड ने टी-20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

# बुमराह अंतिम टेस्ट में नहीं खेल सकते हैं तो कुलदीप को मौका देना चाहिए: मांजरेकर



**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 31 जुलाई से शुरू होने वाला सीरीज का अंतिम टेस्ट अगर नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में बुमराह की जगह कुलदीप यादव को मौका मिलना चाहिए क्योंकि बुमराह की अनुपस्थिति में भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत होगी जो 20 विकेट ले सके। ईएसपीएन क्रिकइंफो मैच डे हिंदी पर मांजरेकर ने कहा कि

**भारत को एक ऐसे गेंदबाजी आक्रमण की जरुरत है जो 20 विकेट ले सके**

भारत को एक ऐसे गेंदबाज़ी आक्रमण की ज़रूरत है जो 20 विकेट ले सके।

अगर बुमराह नहीं खेलते हैं तो ऐसी स्थिति में कुलदीप यादव को नहीं खेलाना मेरे विचार में ज्यादती होगी। जहां तक बल्लेबाजी की बात है तो इस पहलू पर भारत को चिता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि (रवींद्र) जडेजा भी इस समय लय में हैं। मांजरेकर ने यह भी कहा कि इस सीरीज में रणनीति अब तक भारत के काम नहीं आई है और यह जरूरी है कि टीम के सीनियर खिलाड़ी मिलकर भारतीय टीम की रणनीति पर नए सिरे से विचार करें। मांजरेकर ने कहा कि मुझे एक ही डर लग रहा है चूंकि भारत भले मैनचेस्टर में जीता नहीं लेकिन परिणाम ड्रा के रूप में भारत के पक्ष में आया इसलिए यह लगेगा कि भारत जीता नहीं लेकिन उनकी रणनीति इतनी भी बुरी नहीं थी क्योंकि यह मैच हम नहीं हारे। लेकिन मैं समझता हूं भारत जिस तरह से इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहा है और इस स्तर तक पहुंचा है वो तब है जब रणनीति भारत के काम नहीं आई है। रणनीति ने भारत के लिए काम और मुश्किल किया है।

# ब्रॉड ने 'हैंडशेक ड्रामा' पर कहा टेस्ट शतक बनाना मुश्किल

**● जडेजा और सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स के प्रस्ताव को ठुकरा दिया**

**लंदन, वार्ता।** चौथे भारत-इंग्लैंड टेस्ट की आखिरी शाम ओल्ड ट्रैफर्ड में तनाव का एक अनोखा दौर देखने को मिला, जब भारतीय बल्लेबाज रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के मैच ड्रॉ कराने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया और इसके बजाय व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने का फैसला किया।

इस पल ने इंग्लैंड के खेमे में निराशा पैदा कर दी, लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज़ स्टुअर्ट ब्रॉड ने इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है। भारत के चार विकेट पर 430 रन और मैच के ड्रॉ की ओर बढ़ने के साथ, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने आखिरी



घंटे की शुरुआत में पारंपरिक हैंडशेक का संकेत दिया। मैदान पर 143 ओवर खेल चुके इंग्लैंड ने मैच का अंत करने की कोशिश की। हालांकि, जडेजा और सुंदर ने नियमों के दायरे में रहते हुए, अपने शतक पूरे करने की कोशिश में बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट का एक अनोखा दौर शुरू हुआ। नतीजे की सारी उम्मीदें खत्म हो जाने के बाद, पार्ट-टाइमर हैरी ब्रूक को ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए बुलाया गया-हालांकि वह एक मध्यम गति का गेंदबाज है। गेंदबाजी में तीव्रता की कमी थी, और इंग्लैंड के खिलाड़ियों द्वारा जल्दबाजी में गेंदबाजी करने की कोशिश के कारण मैदान पर भीड़ जमा हो गई। 'निराशा ज़रूर थी,' ब्रॉड ने मैच के बाद कमेंट्री के दौरान कहा। लेकिन सुंदर अपने पहले शतक के कगार पर थे, जडेजा भी करीब थे। वे चार घंटे से मैदान पर कड़ी मेहनत कर रहे थे। आप उन्हें दोष नहीं दे सकते। टेस्ट शतक बनाना बहुत मुश्किल है।

जब ब्रूक बेतरतीब ऑफ-स्पिन फेंक रहे थे, तो भारत ने सावधानी से सिंगल रन लेने की कोशिश की, जिसमें जडेजा ने छक्का भी जड़ा। एक से ज्यादा मौकों पर, इंग्लैंड के खिलाड़ियों, जिनमें ब्रूक भी शामिल थे, ने हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। ब्रॉड ने दोनों टीमों की स्थिति के प्रति सहानुभूति जताई। अगर मैं फील्डिंग कर रहा होता, तो ड्रेसिंग रूम के पास अपने जूते उतारकर मैदान पर जाने के लिए तैयार होता। लेकिन मैं भारत को भी दोष नहीं दे सकता। वह चार घंटे गंभीर दृढ़ संकल्प के थे। मैच के बाद सुंदर की भावनाओं ने दिल को छू लिया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 30 जुलाई 2025

# पीएम का जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में विपक्ष के तमाम सवालों के जवाब दिए। पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जो विपक्ष भ्रम फैला रहा है कि किसी के दबाव में पाकिस्तान से युद्ध को रोका गया, वह पूरी तरह गलत है। भारत ने किसी के दबाव में आकर कोई फैसला नहीं लिया। जाहिर है, जब वह ऐसा कह रहे थे उनके कहने का मतलब यही था कि यदि कोई युद्ध रोकने का श्रेय लेना चाह रहा है, तो यह सही नहीं है। पीएम मोदी ने विपक्ष को यह भी बताया कि यह मानकर चलना कि भारत के साथ उस युद्ध में कोई नहीं था यह भी एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि 193 देशों में से मात्र एक-दो देश ही पाक के साथ खड़े थे, जबकि विश्व के अन्य देशों का व्यापक समर्थन भारत के साथ था।

उन्होंने कांग्रेस पर यह कहकर कटाक्ष किया कि कांग्रेस बराबर सरकार विरोधी व सेना विरोधी काम करती रही है। पीएम मोदी के अनुसार भारत ने अपने तमाम लक्ष्य हासिल किए और पाकिस्तान को घुटनों पर लाया गया। पाकिस्तान की पेशकश पर ही युद्ध को रोका गया था। उनसे पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी जोरदार हमला यह कहकर सरकार पर बोला था कि सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है और उसने सेना के हाथ बांध रखे हैं। उन्होंने कहा था कि जब पाक पर हमला करने से पहले ही हमारे विदेश मंत्री ही उनके सूचित करेंगे और बताएंगे कि भारत केवल हमला चुनिंदा ठिकानों पर करेगा, उनमें पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान शामिल नहीं होंगे। उससे संकेत क्या मिलता है यही कि सरकार के पास इच्छाशक्ति नहीं है। राज्यसभा में ही जोरदार चर्चा देखने में आई वहां नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोरदार ढंग से अपनी बात को रखा और कहा कि सरकार ने अपने व्यापारिक मित्रों के हितों को ध्यान में रखकर सीज फायर पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ट्रम्प बार-बार कह रहे हैं कि व्यापार ही वही कारण था जिसकी धमकी देकर उन्होंने भारत को मजबूर किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर ट्रम्प की इसमें कोई भूमिका नहीं थी, तो फिर युद्ध विराम की घोषणा ट्रम्प की तरफ से पहले कैसे आई।

पहलगाम आतंकी घटना को लेकर चूक का मामला भी सामने आया और सपा के अखिलेश यादव ने खुलकर कहा कि यह सुरक्षा चूक है और इसमें गृहमंत्री को अपनी जिम्मेदारी से नहीं भागना चाहिए। यह भी इत्तेफाक ही रहा कि एक दिन पहले ही तीन आतंकवादी जम्मू कश्मीर में हुई एक मुठभेड़ में मारे गए, उनके बारे में गृहमंत्री अमित शाह ने बताया कि यह तीनों आतंकी ही पहलगाम की घटना में शामिल थे और ये सभी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर थे। इस पर भी विपक्ष ने इस मुठभेड़ की टाइमिंग पर सवाल उठाए। कुल मिलाकर ऑपरेशन सिंदूर पर सत्ता पक्ष व विपक्ष की तरफ से जोरदार बहस देखने में आई, जिसकी जनता बहुत दिनों से प्रतीक्षा कर रही थी। बहस किसके पक्ष व विपक्ष में रही यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है कि सभी पक्ष अपने विचारों को खुले मंच से मजबूती के साथ रखें।

## सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए



पहलगाम में एक क्रूर और निर्दयी हमले में, जो साफ तौर पर पाकिस्तानी सरकार की ओर से प्रायोजित और षड्यंत्र किया गया था, युवा और वृद्ध लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई, लोकसभा के प्रत्येक सदस्य ने मिलकर पाकिस्तान की निंदा की है, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही विपक्ष सरकार और सेना के साथ था, विपक्ष के नाते हम एकजुट होकर सरकार के साथ थे, सेना का जवान देश के लिए लड़ने-मरने के लिए तैयार रहता है, सेना का प्रयोग करने से पहले सरकार के पास राजनी. तिक इच्छाशक्ति होनी चाहिए, जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, बल्कि शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने, सभी दलों ने यह प्रतिबद्धता जताई कि हम सेना और भारत की निर्वाचित सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़े रहेंगे। **-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा**

# दो महाशक्तियों के बीच फंसी विदेश नीति और अंबानी की हिस्सेदारी

## भारत की कूटनीति की परीक्षा





**वाहिद नसीम**

भारत आज एक ऐसे कूटनीतिक जाल में फंस चुका है, जहां हर कदम आर्थिक और रणनीतिक बर्बादी की ओर ले जाता है। एक तरफ नाटो देशों (अमेरिका, यूरोप) का विशाल बाजार और हथियारों की चमक, दूसरी तरफ रूस और चीन की उभरती धुरी दुनिया दो खेमों में बंट चुकी है। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता अब एक खोखला नारा बनकर रह गया है, और इसका सबसे बड़ा सबूत है हमारी विदेश नीति की कमजोरी, जो हमें इन महाशक्तियों के बीच लटका रही है।

इस जाल में तेल और तेल उत्पादों का निर्यात, जिसमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज की भारी हिस्सेदारी है, भारत की आर्थिक रीढ़ का अहम हिस्सा है।

### निर्यात का संकटः तेल और अंबानी का दबदबा

2023-24 में भारत का कुल निर्यात 447 बिलियन डॉलर था। इसमें पेट्रोलियम उत्पादों की हिस्सेदारी 17.5 प्रतिशत (लगभग 67.6 बिलियन डॉलर) थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज, जिसका नेतृत्व मुकेश अंबानी करते हैं, भारत के पेट्रोलियम निर्यात का 50-60 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित करती है, यानी लगभग 33.8-40.6 बिलियन डॉलर। इसका मतलब है कि भारत के कुल निर्यात में रिलायंस की हिस्सेदारी 7.6 -10 प्रतिशत तक है।

### फार्मास्यूटिकल उत्पाद

ये उत्पाद भी महत्वपूर्ण हैं, जो कुल निर्यात का 6.8 प्रतिशत (30.5 बिलियन डॉलर) है। नाटो देश (अमेरिका, यूरोप, यूके) भारत के कुल निर्यात का 35-38 प्रतिशत (156-170 बिलियन डॉलर) हिस्सा लेते हैं। यदि भारत नाटो को छोड़कर रूस-चीन के साथ जाता है, तो 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर) का नुकसान होगा। इसमें पेट्रोलियम निर्यात का 20-30 प्रतिशत (13.5-20.3 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस का बड़ा हिस्सा) और फार्मा का 50-55 प्रतिशत (15.25-16.78 बिलियन डॉलर) प्रभावित होगा।

रूस और चीन इस नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। चीन को निर्यात मात्र 3.6 प्रतिशत (16 बिलियन डॉलर) और रूस को 1 प्रतिशत (4-5 बिलियन डॉलर) है। रिलायंस, जो भारत के रूसी कच्चे तेल आयात का 25 प्रतिशत (2024-25 में 17 बिलियन डॉलर) संभालती है, यूरोप को रिफाइंड ईंधन निर्यात में अग्रणी है। लेकिन रूस-चीन खेमा न तो बाजार दे सकता है, न ही भारत की आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकता। फार्मा उद्योग में 60-70 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, लेकिन नाटो के साथ टकराव से विशेष रसायनों का आयात रुक सकता है, जिससे उत्पादन ठप हो सकता है।

### रक्षा क्षेत्रः रूस के बिना लाचार

रक्षा के मोर्चे पर भारत की हालत और भी नाजुक है। भारत के 85 प्रतिशत हथियार रूस से आते हैं सुखोई मिसाइल सिस्टम। यह हथियार चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों से मुकाबले की रीढ़ हैं। रूस को छोड़ने पर 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी हो सकती है। अमेरिका, फ्रांस और इजराइल से इनकी जगह लेने में 10-15 साल लगेंगे। राफेल (36 विमान) और अपाचे जैसे हथियार रूसी हथियारों का विकल्प नहीं बन सकते और उनकी लागत आसमान छूती है। स्वदेशी परियोजनाएं तेजस, AMCA अभी कच्ची हैं, और रूस की जगह लेने में दशकों लगेंगे।

मुकेश अंबानी की रिलायंस न केवल तेल निर्यात में दबदबा रखती है, बल्कि भारत के रूसी तेल आयात में भी अहम भूमिका निभाती है। 2024-25 में भारत का रूस से तेल आयात 68 बिलियन डॉलर था, जिसमें रिलायंस की हिस्सेदारी 45-50 प्रतिशत थी। यह ताकत भारत की कूटनीति को और जटिल बनाती है। नाटो के साथ टकराव से रिलायंस के निर्यात बाजार (विशेष रूप से यूरोप) को नुकसान होगा, और रूस-चीन के साथ जाना भी कोई स्थाई हल नहीं, क्योंकि चीन भारत का प्रतिद्वंद्वी है और रूस की अर्थव्यवस्था सीमित।

भारत की सबके साथ, किसी के खिलाफ नहीं वाली नीति अब उसका गला घोंट रही है। दुनिया दो लकीरों में बंट चुकी है और भारत की तटस्थता इसे कहीं का नहीं छोड़ रही। नाटो के साथ रहने का मतलब रूस से दूरी, और रूस-चीन के साथ जाने का मतलब आर्थिक और सैन्य नुकसान।

**क्या है रास्ता?**

भारत को अब चालाकी छोड़कर ठोस रणनीति चाहिए। रूस के साथ रक्षा सौदों को बनाए रखते हुए नाटो के साथ व्यापार संतुलित करना होगा। रिलायंस जैसे निजी खिलाड़ियों को वैकल्पिक बाजार तलाशने होंगे। स्वदेशी रक्षा और फार्मा उत्पादन PLI योजना, बल्क ड्रग पार्क में तेजी लानी होगी, लेकिन यह सब समय मांगता है, और समय भारत के पास कम है।

भारत की विदेश नीति एक तंग गली में फंस चुकी है। नाटो को छोड़ने से 28-34 प्रतिशत निर्यात (125-152 बिलियन डॉलर, जिसमें रिलायंस की 7.6-10 प्रतिशत हिस्सेदारी) और 70-85 प्रतिशत हथियारों की कमी होगी। रूस-चीन के साथ जाना भी कोई हल नहीं, क्योंकि उनका बाजार और ताकत सीमित है। रिलायंस की तेल निर्यात में 50-60 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत की ताकत है, लेकिन यह ताकत कूटनीतिक कमजोरी के सामने बेकार साबित हो रही है। भारत को अब रणनीतिक स्वायत्तता को नारा नहीं, हकीकत बनाना होगा, वरना यह जंजाल हमें आर्थिक और सैन्य रूप से लाचार कर देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विदेश नीति पर बहुत बारीक अध्ययन रखते हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन से आल्पस क्षेत्र में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# वायु प्रदूषण से स्मृति लोप का बढ़ता खतरा



**ललित गर्ग**

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिए न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है।

हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। यह निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहां वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5।74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड़ हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी 25 वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है।

वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है। द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएं और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। यह सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुंच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुंचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमजोर करती है।

अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहां तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है।

प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आंकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गंवाने के समान है।

एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर जोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी नहीं है।

शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएं के संपर्क में आने से, जो पीएम 2।5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि यह सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं। हमें यह स्वीकार करना होगा कि वायु प्रदूषण अब केवल खांसी या सांस की बीमारी तक सीमित नहीं है, यह चुपचाप हमारी स्मृति, संज्ञानात्मक कार्यों और मान. सिक स्वास्थ्य पर हमला कर रहा है। लोग मानसिक थकान, अवसाद या चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं। सामूहिक स्तर पर, शिक्षा और उत्पादकता में गिरावट, स्वास्थ्य पर बढ़ता बोझ और आर्थिक असमानता बढ़ती है।

अगर तत्काल और निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति और बिगड़ेगी। वायु प्रदूषण शरीर में हानिकारक रासायनिक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है जो कोशिकाओं, प्रोटीन और डीएनए को नुकसान पहुंचाती हैं, जिससे मनोभ्रंश जैसी तंत्रिका संबंधी बीमारियों का मार्ग प्रशस्त होता है। उत्साहजनक रूप से, शोध बताता है कि वायु प्रदूषण को कम करने से स्वास्थ्य, आर्थिक, सामाजिक और जलवायु क्षेत्रों में दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। इससे मरीजों, परिवारों और देखभाल करने वालों पर बोझ भी कम होगा। अब हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि हम न केवल अपने फेफड़ों, बल्कि अपने दिमाग की भी रक्षा के लिए कितनी दूर तक जाने को तैयार हैं?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नीदरलैंड ने इजरायल के दो कट्टर मंत्रियों पर लगाया बैन

## गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप, अब तक सात देशों ने कट्टर मंत्रियों पर लगाया प्रतिबंध

■ वेल्डकैंप ने कहा: इन मंत्रियों ने दिया फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा



**एम्सटर्डम।** नीदरलैंड ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजलेल स्मोट्रिच और सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-ग्विर के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक इन पर गाजा में हिंसा को बढ़ावा देने के आरोप हैं।

नीदरलैंड से पहले 6 देश इन दोनों नेताओं के अपने देश में आने पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। एमपी विदेश मंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने सोमवार को कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि इन मंत्रियों ने बार-बार फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा को बढ़ावा दिया है, अवैध यहूदी बस्तियों के विस्तार की वकालत की है और गाजा में जातीय सफाए की बात कही है। वेल्डकैंप ने यह भी कहा कि नीदरलैंड में इजरायली राजदूत को तलब किया जाएगा और उनसे अपील की जाएगी कि वे नेतन्याहू सरकार से अपना रवैया बदलने को कहें। उन्होंने मौजूदा हालात को बुरा बताते हुए कहा कि नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार है। अक्टूबर 2023 में इजरायली सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 147 लोग भुखमरी से मारे जा चुके हैं। नीदरलैंड के इस फैसले पर इजरायली मंत्री इतमार बेन ग्विर ने नाराजगी जताई। उन्होंने मंगलवार को कहा कि चाहे उन्हें पूरे यूरोप में घुसने से रोक दिया जाए, वे इजरायल के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने हमास को खत्म करने और इजरायली सैनिकों का समर्थन करने की मांग की। उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वहां हमेशा पीड़ितों को ही दोषी ठहराया जाता है। बेन-ग्वीर ने कहा कि यूरोप एक ऐसी जग वेल्डकैंपह है जहां आतंकवाद को बर्दाश्त किया जाता है और आतंकवादियों का स्वागत होता है। वहां आतंकवादी आजाद घूम रहे हैं और यहूदियों का बहिष्कार किया जा रहा है। बेन-ग्वीर पहले इजरायल में नस्लवाद भड़काने और एक आतंकवादी संगठन का समर्थन करने के मामले में दोषी ठहराए जा चुके हैं। हालांकि अब वह इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री हैं और स्मोट्रिच वित्त मंत्री हैं। गौरतलब है कि इजरायली मंत्रियों बेन ग्विर और स्मोत्रिच की एंट्री पर बैन लगाने वाला नीदरलैंड एकलौता देश नहीं है। इससे पहले 9 जून को आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, नार्वे और ब्रिटेन ने भी एकसाथ उन पर प्रतिबंध लगाया था। हालांकि अमेरिका ने इस पर नाराजगी जाहिर की थी और इसे गैरजरूरी बताया था। इन पांचों देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा था कि इन मंत्रियों ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में फलस्तीनियों के खिलाफ हिंसा भड़काई है। इसलिए उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी और उन पर इन देशों में यात्रा करने पर रोक लगाई जाएगी। इसके बाद 17 जुलाई को स्लोवेनिया ने इन दोनों मंत्रियों पर बैन लगा दिया था।

■ नीदरलैंड हमास पर युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ाने को भी तैयार

## लंदन में छुरा घोंपने की घटना में दो की मौत

**लंदन।** मध्य लंदन में टावर ब्रिज के पास छुरे से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि कंट्रोल रूम को लंदन के साउथवार्क बरो में ब्रिज के पास एक सड़क पर कई हमलों की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि 28 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे अधिकारियों को सूचना मिली कि लॉन्ग लेन स्थित एक व्यावसायिक इकाई में कई लोगों पर हमला किया गया है। पुलिस और एम्बुलेंस सेवा घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज किया।



मुंबई। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर बायकुला चिड़ियाघर में रॉयल बंगाल टाइगर 'शक्ति' को देखते लोग।

## अमेरिका में भी ड्रीमलाइनर से मिला मेडे कॉल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान 'बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर' के लेफ्ट इंजन में उड़ान के दौरान खराबी आ गई। हादसे के वक्त प्लेन 5000 फीट की ऊंचाई पर था, जिसके बाद पायलटों ने 'मेडे काल' (इमरजेंसी का मैसेज) भेजा। यह हादसा 25 जुलाई को हुआ था, जिसकी खबर अब सामने आई है।

पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) के साथ मिलकर हालात को संभाला। फ्लाइटअवेयर के मुताबिक, प्लेन 2 घंटे 38 मिनट तक हवा में रहा। इसने राजधानी वाशिंगटन के उत्तर-पश्चिम में चक्कर लगाते हुए ईंधन खाली किया, ताकि लैंडिंग के लिए वजन कम हो सके। 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया का जो प्लेन क्रैश हुआ था, वह बोइंग कंपनी '787-8 ड्रीमलाइनर' का ही था। तब यह विमानश टेकआफ के दो मिनट बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। बोइंग दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर कंपनी है। फ्रांस की एयरबस कंपनी पिछले महीने ही सबसे बड़ी कामर्शियल एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर बनी है। यूनाइटेड एयरलाइंस के पायलटों ने 5000 फीट की ऊंचाई पर ही ईंधन खाली करने की अनुमति मांगी थी। इसके बाद एटीसी ने उन्हें दूसरी उड़ानों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए गाइड किया।

■ आसमान में बोइंग-787 के इंजन में खराबी आई, अहमदाबाद में इसी मॉडल का विमान हुआ था क्रैश

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका गाजा में खाद्य केंद्र खोलेगा: ट्रम्प

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पट्टी में जारी मानवीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अमेरिका फलस्तीनियों की मदद के लिए वहां 'खाद्य केंद्र' खोलेगा। ट्रम्प ने कल स्कॉटलैंड में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि गाजा में जारी मानवीय संकट इस बैठक का एक मुख्य कारण है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार दोनों नेताओं ने गाजा में भयावह स्थिति को स्वीकार किया।

### म्यांमार में बाढ़ आने पर 2200 से अधिक लोगों को बचाया

**यांगून।** पूर्वी म्यांमार में शान प्रांत के चार शहरों में बाढ़ में घिरे 461 घरों के कुल 2267 लोगों को बचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग के मुताबिक सोमवार तड़के हुई भारी बारिश के कारण पहाड़ों से आए पानी के तेज बहाव के कारण बाढ़ आने से यात्सौक, औंगबन, कलाव और पिडया कस्बे प्रभावित हुए हैं। पिडया कस्बे में मंगलवार सुबह बाढ़ से छह लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बचाव टीमों ने बचाए गए लोगों को मठों और खेल के मैदानों में स्थानांतरित किया है।

## ग्रैंड मुफ्ती बोले: निमिषा की मौत की सजा रद्द

**नई दिल्ली।** यमन की जेल में बंद भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा पर संशय गहरा गया है। एक तरफ भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार के आफिस ने दावा किया है कि निमिषा प्रिया की पहले स्थगित की गई मौत की सजा को अब रद्द कर दिया गया है।

वहीं, दूसरी तरफ विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने निमिषा की सजा रद्द होने की जानकारियों को भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि ये जानकारियां मौजूदा स्थिति को सही ढंग से नहीं दर्शातीं। निमिषा प्रिया यमन में एक हत्या के मामले में मौत की सजा का सामना कर रही हैं। उसे जून 2018 में एक यमनी नागरिक की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। इस मामले में उसे 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी थी। हालांकि, इससे पहले ही 15 जुलाई को निमिषा की सजा अस्थाई रूप से टाल दी गई थी। भारतीय ग्रैंड मुफ्ती कांथापुरम एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज ने 15 जुलाई को इस मसले पर बातचीत की थी। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक का भाई भी शामिल था। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया था। यह भी पहली बार था कि जब मृतक के परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ हो। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हुई थी। यह मृतक के परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले माफ करने का कानूनी अधिकार देता है।



विदेश मंत्रालय ने नकारा, भारतीय नर्स को यमन नागरिक की हत्या मामले में गोली मारी जानी है, मौत की सजा पर संशय गहराया

## ब्रिटिश सेना में भी जल्द होगी सिख रेजिमेंट

### ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बोले: हम इसके गठन पर विचार कर रहे, गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर बनेगी

**लंदन।** ब्रिटेन में एक खास सिख रेजिमेंट बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की सरकार ने कहा है कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करने को तैयार है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री वर्नोन राडनी कोकर ने सोमवार को कहा कि वे इस मामले में लेबर पार्टी के सिख सांसद कुलदीप सिंह सहोता के साथ चर्चा करेंगे।

सहोता ने 7 जुलाई को संसद में इसे लेकर सवाल पूछा था। उन्होंने दोनों विश्व युद्धों में सिख सैनिकों के योगदान और वीरता को याद करते हुए सवाल पूछा कि सिखो की एक अलग रेजीमेंट की पुरानी मांग पर अब तक क्या प्रगति हुई है। इसके जवाब में रक्षा मंत्री कोकर ने कहा कि वे इस विषय पर सहोता से मिलना चाहेंगे और जानना चाहेंगे कि सिखों और अन्य धर्मों के सैनिकों के योगदान को पहचान देने के लिए और क्या किया जा सकता है। सिख रेजिमेंट की स्थापना ब्रिटिश सेना में नेपाल के गोरखा ब्रिगेड की तर्ज पर हो सकती है। रक्षा मंत्री कोकर ने कहा: 'मैं लार्ड सहोता से मिलने को तैयार हूं।' कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही।

यूके डिफेंस जर्नल ने उनके हवाले से कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के आत्मसमर्पण में दुनिया भर के सिखों का भी योगदान था, जिन्होंने वीरतापूर्ण भूमिका निभाई। 2019 में ब्रिटिश सेना में 130 सिख सैनिक थे और अन्य 70 रक्षा बलों में सेवारत थे। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में ब्रिटिश सेना में सिख सैनिकों की संख्या बढ़कर लगभग 160 हो गई। यानी ब्रिटिश सेना में सिखों की मौजूदगी धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन अब भी यह बहुत कम है। ब्रिटिश सेना में सिख रेजिमेंट की मांग कोई नई बात नहीं है।

2015 में, तत्कालीन रक्षा मंत्री मार्क फ्रांस्वा ने हाउस आफ कामन्स में बताया था कि सेना प्रमुख जनरल निकोलस कार्टर एक सिख यूनिट लाने पर विचार कर रहे हैं। पूर्व रक्षा मंत्री सर निकोलस सोम्स ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा था कि राजनीतिक औपचारिकता को छोड़कर सिख रेजिमेंट की स्थापना की जानी चाहिए। उन्होंने सिख समुदाय की पीढ़ियों से चली आ रही वीरता और विशिष्ट सेवा की प्रशंसा की थी।

■ कोकर ने 15 अगस्त को विक्ट्री ओवर जापान-डे के अवसर पर सिख सैनिकों के वैश्विक युद्धों में योगदान को याद करने की बात कही

## बेटों को पाकिस्तान नहीं आने देंगे इमरान खान

### पांच अगस्त को पीटीआई के प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे सुलेमान खान और कासिम खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने बेटों को पाकिस्तान आने और किसी भी विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने से मना कर दिया है। इससे पहले इमरान की बहन, अलीमा खान ने दावा किया था कि उनके भतीजे अपने पिता की रिहाई के लिए 5 अगस्त को होने वाले प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे। हालांकि, खान ने साफ किया कि उनके बेटे न तो पाकिस्तान आएंगे और न ही किसी प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। खान के बेटे, सुलेमान खान (28) और कासिम खान (26), हाल ही में अमेरिका में थे, जहां उन्होंने अपने पिता की रिहाई के लिए अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की थी। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे इमरान खान को आजाद करो अभियान नाम दिया है। इमरान की बहन अलीमा खान ने भी मीडिया से कहा कि इमरान ने पीटीआई को निर्देश दिया है कि उनकी या उनकी पत्नी की सुरक्षा को खतरा होने पर मुनीर को जवाबदेह ठहराया जाए। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गोहर अली खान ने कहा कि पार्टी का सुलेमान और कासिम से कोई संपर्क नहीं है, लेकिन उन्हें अपने पिता से मिलने का अधिकार है। इमरान खान 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। सुलेमान और कासिम ने एक हफ्ते पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल से मुलाकात की थी। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को षराजनीतिक उत्पीड़नष करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई थी। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा था कि कैलिफोर्निया (सुलेमान और कासिम) में आपका स्वागत है। सुलेमान और कासिम, आपको मजबूत रहना होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं था जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया हो। पहले भी उन्होंने कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के पीएम थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बेहतर रिश्ते थे। इमरान खान कुछ दिन पहले कहा था कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे।




## ट्रम्प ने लंदन के मुस्लिम मेयर को घिनौना इंसान बताया

**टर्नबेरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर लंदन के मेयर सादिक खान पर हमला बोला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ स्काटलैंड में एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने खान को नैस्टी पर्सन यानी घिनौना इंसान कह दिया और उनके कामकाज की आलोचना की। एक रिपोर्टर ने ट्रम्प से पूछा कि क्या वे सितम्बर में अपनी राजकीय यात्रा के दौरान लंदन आएंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं आपके मेयर का फैन नहीं हूं। मुझे लगता है उन्होंने बहुत खराब काम किया है। उनके इस बयान पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने तुरंत कहा कि वो (सादिक खान) मेरे दोस्त हैं। हालांकि ट्रम्प अपने बयान पर अड़े रहे और दोबारा दोहराया कि उन्होंने बहुत ही खराब काम किया है।

## इजरायली हमलों में 30 फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** इजरायल के जंगी हवाई जहाजों ने मंगलवार को गाजा पट्टी के अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें कम से कम 30 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इस शिविर में बने अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि मारे गए लोगों में जयादातर महिलाएं और बच्चे थे।

यह बमबारी नुसेरत इलाके के उत्तर में बने 'न्यू कैंप' क्षेत्र में की गई। यह मध्य गाजा के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। अस्पताल ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सुबह के समय एक के बाद एक हुए इन हमलों में घरों को निशाना बनाया गया। स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि बिना हमला बिना किसी पूर्व सूचना के किया गया। एक हमले में एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। उस वक्त पूरा परिवार घर के अंदर ही था। एक स्थानीय फलस्तीनी मोहम्मद अल-हूर ने शिन्हुआ को बताया कि इलाके में 'एक घंटे' से जयादा समय तक लगातार गोलाबारी होती रही। इससे मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच, स्थानीय निवासियों ने शिन्हुआ को बताया कि इज़रायली सेना ने नुसेरात के उत्तर-पूर्व में अल-मुगरका क्षेत्र और वादी ब्रिज के पास ज़मीनी हमले में आवासीय इलाकों के बाहरी क्षेत्रों को टैंकों और भारी तोपखाने से निशाना बनाया।

■ गाजा में अल-नुसेरत शरणार्थी शिविर इलाके में घरों को निशाना बनाया

## चीन में बच्चा पैदा करने पर 1.30 लाख देगी सरकार

### देश में वन चाइल्ड पॉलिसी की वजह से 7 साल में जन्मदर आधी हुई, 21 प्रतिशत आबादी बुजुर्ग

**बीजिंग।** चीन में बच्चा पैदा करने पर सरकार ने माता-पिता को 1.30 लाख रुपये देने का फैसला किया है। सरकार ने यह कदम लगातार जन्मदर में हो रही कमी को लेकर उठाया है। चाइना डेली की रिपोर्ट के मुताबिक बच्चे के जन्म के बाद सरकार लगातार 3 साल तक माता-पिता को सालाना 3600 युआन (करीब 44,000 रुपये) देगी।

चीन की 21 प्रतिशत आबादी की उम्र 60 साल से ज्यादा है। चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद जन्म दर कम होती जा रही है। दुनिया के बड़े देशों में चीन की जन्म दर सबसे कम है और यह लगातार घटती जा रही है। 2016 में चीन में 1.8 करोड़ बच्चे पैदा हुए थे। 2023 में यह 90 लाख पर आ गई। सिर्फ 7 साल में चीन में बच्चे पैदा होने की रफ्तार में 50 प्रतिशत फीसदी कमी आई। 2024 में इसमें थोड़ा इजाफा हुआ और यह 95 लाख हुई, लेकिन जनसंख्या में कुल गिरावट जारी रही क्योंकि मृत्यु दर जन्म दर से अधिक रही। जिन माता-पिता के पास तीन साल से छोटे बच्चे हैं, उन्हें सरकार हर साल नकद पैसे देगी। ये योजना 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। इसमें वो बच्चे भी शामिल हो सकेंगे जिनकी उम्र अभी तीन साल से कम है। ऐसे बच्चे जिनके पास चीनी नागरिकता है, उन्हें तीन साल का होने तक प्रति वर्ष 3,600 युआन (करीब 502 अमेरिकी डालर) दिए जाएंगे। अगर कोई बच्चा पहले पैदा हुआ है लेकिन अभी तीन साल से छोटा है, तो उसे भी उतने महीने के हिसाब से पैसे मिलेंगे, जितने महीने वो इस योजना के दायरे में आता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि ये पहली बार है जब पूरे देश में एक जैसी बाल देखभाल सब्सिडी दी जा रही है। इससे लगभग दो करोड़ परिवारों को हर साल फायदा मिलने की उम्मीद है। पहले चीन के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तरह की योजनाएं चलती थीं, जिनमें ज्यादातर सब्सिडी सिर्फ दूसरे या तीसरे बच्चे पर दी जाती थी। लेकिन इस नई योजना में पहले, दूसरे और तीसरे सभी बच्चों को बराबर मदद दी जाएगी।



■ चीन ने करीब एक दशक पहले अपनी विवादास्पद 'वन चाइल्ड पालिसी' खत्म कर दी थी

## चीन में बाढ़ व भूस्खलन से 34 की मौत

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से अब तक 34 लोगों की मौत हो चुकी है। सरकारी टीवी चैनल सीसीटीवी के मुताबिक बीजिंग के मियुन जिले में 28 और यानछिंग जिले में 2 लोगों की जान गई है।

ये दोनों इलाके शहर के बाहरी हिस्सों में स्थित हैं। बाढ़ के चलते बीजिंग से 80 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला गया है। इनमें से करीब 17 हजार मियुन जिले से हैं। लगातार बारिश की वजह से बीजिंग के कुछ हिस्सों में मंगलवार सुबह तक 30 सेंटीमीटर तक पानी गिरने की संभावना जताई गई थी। बीजिंग से लगे हपेई प्रांत की लुआनपिंग काउंटी में सोमवार को भूस्खलन हुआ। इसमें 4 लोगों की मौत हुई और 8 लोग लापता हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इलाके में नेटवर्क बंद है और संपर्क साधना मुश्किल हो गया है। बीजिंग में दर्जनों सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। यह तस्वीर मियुन जिले में उफनती नदी के पास एक सड़क की है। बीजिंग प्रशासन ने सोमवार रात 8 बजे टॉप लेवल इमरजेंसी रिस्पान्स जारी किया।

इसके तहत सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। निर्माण कार्य और बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगा दी गई है। चीन सरकार ने हपेई प्रांत को 50 मिलियन युआन की इमरजेंसी सहायता भेजी है। साथ ही चेंगदे, बाओडिंग और झांगजियाकौ जैसे प्रभावित शहरों में राहत कार्यों के लिए केंद्रीय टीमें रवाना की गई हैं। इससे पहले प्रशासन ने मियुन जिले के एक प्रमुख जलाशय से पानी छोड़ने का फैसला किया। यह 1959 में बना था। तब से पहली बार इसका जलस्तर सबसे ज्यादा हो गया था।

■ बुलडोजर पर चढ़ाकर लोगों को सुरक्षित निकाला, 80 हजार लोगों का रेस्क्यू किया

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट